बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 72, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : ईद का मतलब है खुशी



अन्दर : धीमी ओवर गति के लिए केएल राहुल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

# आतंकियों ने सेना का वाहन उड़ाया

## वाहन में लगी आग, जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए हादसे में पांच जवानों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों ने घात लगातार सैन्य वाहन पर विस्फोट से हमला कर दिया। इसमें पांच जवान शहीद हो गए हैं। अचानक हुए इस हमले के बाद मौके पर सैन्य और पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर वाहन में लगी आग बुझाकर राहत और बचाव अभियान चलाया। घने जंगल वाले भाटादूडियां इलाके में लगी सैन्य वाहन में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। प्राथमिक तौर पर आसमानी बिजली गिरने से घटना होने की बात सामने आई थी। अब सैन्य अधिकारियों ने आतंकी हमला होने की बात कही है। जिस इलाके में यह हादसा हुआ है वहां पिछले साल आतंकियों और सैन्य कर्मियों के बीच कई दिन तक मुठभेड़ भी हुई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुंछ और राजोरी जिले की सीमा पर भाटादूडियां इलाके में वीरवार दोपहर

**आतंकी हमला**

**सेना जांच करेगी कि यह हादसा है या ग्रेनेड हमला, नवंबर में माछिल में हुआ था हादसा**

**सेना के ट्रक पर ग्रेनेड से हमले का भी शक जताया गया**

को यह हादसा हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि पुंछ-जम्मू नेशनल हाईवे पर सैन्य वाहन कुछ सामान लेकर जा रहा था। इसमें जवान भी सवार थे। घने जंगल के बीच आतंकियों के एक दल ने वाहन पर हमला कर दिया। इससे वाहन में आग भड़क उठी। इससे उसमें सवार जवान बुरी तरह से झुलस गए। इसमें से पांच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर पहुंचे सेना के अधिकारियों और जवानों ने से झुलसे साथियों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। इसी साल 11 जनवरी को जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में सेना का अफसर और 2 जवान शहीद हो गए थे। ये तीनों भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स के सैनिक थे। एक जेसीओ (जूनियर कमीशंड ऑफिसर) और 2 ओआर (अन्य रैंक) का ये दल रेगुलर ऑपरेशन के लिए निकला था। बर्फ के कारण उनकी गाड़ी फिसलकर गहरी खाई में गिर गई थी। मरने वालों के नाम नायब सूबेदार पुरुषोत्तम कुमार, हवलदार अमरीक सिंह और सिपाही अमित शर्मा थे।

**पिछले साल दिसंबर में गई थी 16 जवानों की जान**

पिछले साल दिसंबर में सिक्किम के जेमा में आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया था, इसमें 16 जवान शहीद हो गए थे। आर्मी की दो वैन और थी। तीनों वाहन चटन से थंगू के लिए निकले थे। रास्ते में ट्रक एक मोड़ पर फिसलकर खाई में जा गिरा। इस हादसे में 4 जवान गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें बाद में एयरलिफ्ट किया गया था। पिछले साल नवंबर में भी कुपवाड़ा के माछिल इलाके में 3 जवान हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। 2 जवानों को बर्फ के नीचे से सुरक्षित निकाला गया था। जब हादसा हुआ तब 56 राष्ट्रीय रायफल्स के पांच जवान रूटीन गशत पर थे। हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।



# अतीक-अशरफ की हत्या का सीन दोहराया गया

**प्रयागराज।** अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल पर सीन रीक्रिएशन किया जा रहा है। बाइक गिराकर क्राइम सीन तैयार किया जा रहा है। इससे पहले, रिटायर्ड न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता वाला न्यायिक आयोग अतीक और अशरफ की हत्या की जांच के लिए गुरुवार को प्रयागराज पहुंचा। सर्किट हाउस में कमिश्नरेट के आला अधिकारियों और एडीजी जोन व पुलिस कमिश्नर के साथ बैठक की। आयोग के सदस्य कॉल्विन अस्पताल जाकर घटना स्थल का मुआयना भी कर सकते हैं। आयोग में न्यायमुर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी के अलावा रिटायर्ड आईपीएस सुबेश कुमार सिंह और रिटायर्ड न्यायमूर्ति बृजेश कुमार सोनी भी शामिल हैं।

अतीक अहमद और अशरफ के हत्या के मामले में लखनऊ से आई एसआईटी ने पीएचक्यू में पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की गई और अधिकारियों से पूछताछ की गई। इसके बाद अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। घटनास्थल कॉल्विन अस्पताल के कैंपस में लगे सीसीटीवी के खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। माना जा रहा है कि इस मामले में अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। एसआईटी में सवाल उठाया कि महीनों से सीसीटीवी बंद है तो किसी ने ध्यान क्यों नहीं दिया। अस्पताल की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए। माफिया अतीक और अशरफ की कॉल्विन अस्पताल परिसर में 15 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गठित एसआईटी ने बृहस्पतिवार को घटना स्थल का निरीक्षण कर सीन का रीक्रेयेशन कराया। उस दिन अतीक और अशरफ की सुरक्षा में तैनात सभी सिपाही और दरोगा मौजूद थे।

**रीक्रिएशन**

**शूटरों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां, ढेर हुए दोनों**

# कोर्ट ने खारिज की मानहानि की अपील

## राहुल गांधी के पास अब क्या है विकल्प, पार्टी कर रही विचार

**नई दिल्ली।** सूरत कोर्ट ने मानहानि केस में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ राहुल गांधी की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। एडिशनल सेशन कोर्ट जज आरपी मोगेरा कोर्ट में आए और इस याचिका पर केवल एक शब्द कहा- डिसमिस्ड, यानी खारिज। जज मोगेरा ने इस मामले पर 13 अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें सुनी थीं और फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब राहुल हाईकोर्ट में अपील करेंगे। यह केस 2019 में बेंगलुरु में चुनावी रैली के दौरान दिए गए राहुल के बयान से जुड़ा है। राहुल ने रैली में कहा था कि हर चोर का सरनेम मोदी क्यों होता है। इस बयान पर गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का केस दाखिल किया था। इसी साल 23 मार्च को अदालत ने फैसला सुनाया था। अगले दिन उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। अगर जज मोगेरा राहुल की याचिका मान लेते तो उनकी संसद सदस्यता की बहाली का रास्ता खुल जाता। कानून के तहत जो भी विकल्प हमारे पास मौजूद हैं, हम उनका इस्तेमाल करेंगे। इस पर आज शाम 4 बजे अभिषेक मनु सिंघवी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। भाजपा ने कहा कि गांधी परिवार का घमंड टूट गया। ओबीसी समुदाय खुश है, क्योंकि राहुल गांधी ने इस समुदाय का अपमान किया है।

**झटका**

**जज ने एक शब्द कहा- डिसमिस्ड राहुल अब हाईकोर्ट में करेंगे अपील**



सुनवाई के दौरान राहुल के वकील आरएस चीमा ने एडिशनल सेशन कोर्ट जज आरपी मोगेरा को दलील दी थी कि मानहानि का केस उचित नहीं था। केस में अधिकतम सजा की भी जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा था- सत्ता एक अपवाद है, लेकिन कोर्ट को सजा के परिणामों पर विचार करना चाहिए। विचार करना चाहिए कि क्या दोषी को ज्यादा नुकसान होगा। ऐसी सजा मिलना अन्याय है। मानहानि का केस करने वाले पूर्णेश मोदी ने कहा था कि राहुल गांधी बार-बार मानहानि वाले बयान देने के आदी हैं। सजा के बाद 24 मार्च को केरल के वायनाड से सांसद राहुल की सदस्यता रद्द कर दी गई थी। सजा के ऐलान के कुछ देर बाद ही उन्हें 30 दिन की जमानत दे दी गई थी। लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने 27 मार्च को बंगला खाली करने के लिए राहुल को नोटिस भेजा। कमेटी ने उन्हें 22 अप्रैल तक 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने को कहा। राहुल ने बंगला खाली कर सोनिया गांधी के आवास में रहने का फैसला किया। उनका सामान शिफ्ट भी हो चुका है।

# मुंबई में शरद पवार से मिले गौतम अडाणी



**मुंबई।** भारत के दूसरे अमीर कारोबारी गौतम अडाणी ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार से उनके मुंबई स्थित आवास पर मुलाकात की। ये बैठक करीब 2 घंटे चली। सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर मीटिंग शुरू हुई और 12 बजे तक चली। इस मीटिंग को काफी कॉन्फिडेंशियल रखा गया था। इसलिए डीटेल्स अभी सामने नहीं आई है। ये मीटिंग शरद पवार के उस बयान के बाद हुई है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजनीतिक फायदा उठाने के लिए मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी जैसे उद्योगपतियों पर हमला करना सही नहीं है। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए विपक्ष केंद्र सरकार से जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की लगातार मांग कर रहा है। जेपीसी पर पवार ने कहा था, पहले भी कई जेपीसी बनी हैं। मैं इनमें हेड भी रहा हूं, लेकिन इसमें बहुमत की ही बात मानी जाती है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की नियुक्त कमेटी ज्यादा प्रभावी होगी। इसका रिजल्ट भी निकलेगा। हिंडनबर्ग वैसे भी विदेशी है। हम इसकी रिपोर्ट को इतना महत्व क्यों दें। 24 जनवरी को अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। इस रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप पर अकाउंटिंग फ्रॉड और स्टॉक मैनिपुलेशन जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बाद अडाणी ग्रुप के ज्यादातर स्टॉक 60% से ज्यादा गिर गए थे।

**दो घंटे चली मीटिंग एनसीपी प्रमुख ने कहा था- हिंडनबर्ग केस में विपक्ष की जेपीसी मांग बेकार**






# अमर्त्य सेन को जमीन खाली करने का आदेश

**ऑर्डर**

**नोबेल विजेता से कोर्ट ने कहा जमीन 15 दिन में खाली करें वरना होगा ऐक्शन**

**कोलकाता।** बंगाल की विश्वभारती यूनिवर्सिटी ने नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को 13 डेसिमल जमीन खाली करने का आदेश दिया है। यूनिवर्सिटी ने एक प्रस्ताव पारित कर अमर्त्य सेन को यह आदेश दिया है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि यदि अमर्त्य सेन ने जमीन को खाली नहीं किया तो फिर बल प्रयोग भी किया जा सकता है। अमर्त्य सेन फिलहाल विदेश में हैं और उनकी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यूनिवर्सिटी ने उन्हें जमीन खाली करने के लिए 6 मई तक का वक्त दिया है। बंगाल की इस एकमात्र यूनिवर्सिटी की स्थापना गुरु रबींद्रनाथ टैगोर ने 1921 में की थी। प्रधानमंत्री इस यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं। यूनिवर्सिटी का कहना है कि उसकी 1.38 एकड़ जमीन के एक हिस्से पर अमर्त्य सेन का पैतृक आवास बना हुआ है। ऐसे में उन्हें इस जमीन से कब्जा छोड़ना होगा। विश्व भारती यूनिवर्सिटी बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित है। 89 वर्षीय नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन फिलहाल अमेरिका में हैं। वह कभी-कभार सर्दियों के दौरान इस आवास में आकर ठहरते हैं, जिसे उनके पिता ने बनवाया था। सेन पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए यूनिवर्सिटी के आदेश में कहा गया है, 'भारत और बंगाल की सरकार की ओर से कई बार इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं कि विश्व भारती की जमीन पर अवैध कब्जे को खाली किया जाए। आदेश में कहा गया है कि कैग की रिपोर्ट में भी यह बात सामने आई है कि यूनिवर्सिटी की जमीन पर कब्जा है। आदेश में कहा गया है, 'अब सवाल यह है कि 13 डेसिमल जमीन को कैसे रिकवर किया जाएगा। यूनिवर्सिटी परिसर के पश्चिम और पूर्व की तरफ की जमीन विश्व भारती की है। उत्तर दिशा में पीडब्ल्यूडी रोड है। इसके अलावा दक्षिण दिशा में अमर्त्य सेन के परिवार की जमीन है। अमर्त्य सेन जमीन के सर्वे में हिस्सा ले सकते हैं या फिर सुनवाई में मौजूद रह सकते हैं। उन्हें अपनी पसंद बतानी चाहिए। यूनिवर्सिटी ने कहा कि यदि अमर्त्य सेन की ओर से यदि कोई जानकारी नहीं दी जाती है तो फिर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल यूनिवर्सिटी की ओर से अमर्त्य सेन को 17 मार्च और 13 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था और उसका जवाब न देने के बाद अब जमीन खाली करने का आदेश दिया है।








# गुजरात दंगों के नरोदा कांड में सभी आरोपी बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात दंगों के दौरान हुए नरोदा कांड में गुरुवार को अहमदाबाद की एक स्पेशल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया। 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के पास नरोदा गांव में हुई सांप्रदायिक हिंसा में 11 लोग मारे गए थे।इस मामले में गुजरात की पूर्व मंत्री और भाजपा नेता माया कोडनानी, बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी और विश्व हिंदू परिषद के नेता जयदीप पटेल समेत 86 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इनमें से 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

स्पेशल जज एसके बक्शी की अदालत ने 16 अप्रैल को इस मामले में फैसले की तारीख 20 अप्रैल तय की थी। उन्होंने आरोपियों को अदालत में पेश होने का निर्देश भी दिया था। सभी आरोपी फिलहाल जमानत पर थे। साल 2010 में शुरू हुए मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष ने 187 गवाहों और 57 चश्मदीद गवाहों से जिरह की। लगभग 13 साल तक चले इस केस में 6 जजों ने लगातार मामले की सुनवाई की। गोधरा कांड के अगले दिन यानी 28 फरवरी को नरोदा गांव में बंद का ऐलान किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब 9 बजे लोगों की भीड़ बाजार बंद कराने लगी, तभी हिंसा भड़क उठी। भीड़ में शामिल लोगों ने पथराव के साथ आगजनी, तोड़फोड़ शुरू कर दी। देखते ही देखते 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद पाटिया गांव में भी दंगे फैल गए। यहां भी बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ। इन दोनों इलाकों में 97 लोगों की हत्याएं की गई थीं। इस नरसंहार के बाद पूरे गुजरात में दंगे फैल गए थे। इस मामले में एसआईटी ने तत्कालीन भाजपा विधायक माया कोडनानी को मुख्य आरोपी बनाया था। हालांकि इस मामले में वे बरी हो चुकी हैं। माया कोडनानी सुबह के वक्त गुजरात विधानसभा में थीं। वहीं, दोपहर में वे गोधरा ट्रेन हत्याकांड में मारे गए कार सेवकों के शवों को देखने के लिए सिविल अस्पताल पहुंची थीं। जबकि कुछ चश्मदीद ने कोर्ट में गवाही दी थी कि कोडनानी दंगों के वक्त नरोदा में मौजूद थीं और उन्हीं ने भीड़ को उकसाया था। 2002 में गुजरात के गोधरा स्टेशन पर एक दुखद घटना हुई थी। अहमदाबाद जाने के लिए साबरमती एक्सप्रेस गोधरा स्टेशन से चली ही थी कि किसी ने चेन खींचकर गाड़ी रोक ली और फिर पथराव किया। बाद में ट्रेन के स-6 डिब्बे में आग लगा दी गई। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। गोधरा कांड के बाद भड़के दंगों में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे, जिनमें 790 मुसलमान और 254 हिंदू थे।

**कोर्ट का फैसला**

**11 लोगों की हत्या हुई थी, भाजपा नेता माया कोडनानी-बाबू बजरंगी समेत 86 आरोपी थे**

**गोधरा कांड के अगले दिन हुआ था नरोदा में दंगा**






# पॉलीटेक्निक के छात्र ने ट्रेन से कटकर दी जान

जनसंदेश न्यूज

**खुदकुशी**

**फर्स्ट इयर के रिजल्ट को लेकर था निराश**

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रखौना गांव के सामने गुरुवार की तड़के तीन बजे रेलवे लाइन पर प्रयागराज की तरफ ट्रेन के सामने कूदकर पॉलिटेक्निक के छात्र ने आत्महत्या कर ली। निगतपुर रेलवे की सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना क्षेत्र के मुंगवार गांव निवासी मनीष यादव (19) रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दिया गया कि रखौना गांव के सामने युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पुष्टि की।



मनीष यादव (मृतक की फाइल फोटो)

परिजनों के अनुसार मनीष मिर्जामुराद क्षेत्र के भिखीपुर स्थित केआईटी में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा का फर्स्ट ईयर का छात्र था। दो दिन पूर्व मनीष का फर्स्ट ईयर का रिजल्ट आया था जिसमें तीन पेपर में बैक लगा था। जाने के इस बात को लेकर वह तनाव में था। खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने बताया कि रेलवे की सूचना पर मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। मृतक के मोबाइल के जरूरी परिजनों को सूचना दिया गया। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। पिता रामजी यादव मुम्बई कोलापुर में डेरी का काम करते है। मृतक के मौत की सूचना मिलते है परिजनों में कोहराम मच गया वही मां नगीना देवी का रोकर हाल बेहाल है।

छात्र के मौत की सूचना मिलने पर कॉलेज परिसर में सभी कॉलेज के स्टॉप ने छात्र- छात्राओं के साथ छात्र के मौत पर दो मिनट का मौन रखकर व श्रद्धांजलि देकर कॉलेज की छुट्टी कर दी गई।

## कूटरचित दस्तावेज के सहारे बेची जमीन आठ पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के कुड़ी गांव में ग्राम सभा की जमीन को कुटरचित दस्तावेजों के माध्यम से बेचने वाले एक ही परिवार के आठ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। कुड़ी निवासी नुरूनिशा का आरोप है कि गांव के फारूख, मारुख, जाहीर, रियाज इस्तियाक,ताज मोहम्मद एवं कुरैशा बेगम ने उसे विश्वास में लिया और गांव में ही स्थित आराजी नंबर 280 को कई किश्तों में साढ़े सात लाख रुपए लेकर मुझे 2016 में बैनामा कर दिया और जब मैं तहसील में नामांतरण के लिए गयी तो उपरोक्त लोगों ने साजिशन आपत्ति दाखिल कर दिया जांच पड़ताल करने पर पता चला कि उक्त आराजी नंबर पर ग्राम सभा का नाम चल रहा है पीड़िता द्वारा बैनामा कैंसिल करवाने एवं अपना पैसा मांगने पर आरोपियों द्वारा तरह तरह की धमकियां दी जा रही है ।

# अवधेश राय हत्याकांड में मुख्तार के खिलाफ सुनवाई जारी

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में लंबित चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में आरोपित पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। इस दौरान प्रयागराज से आए मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता ताराचंद व वाराणसी के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने अदालत में जिरह की ।



लहुराबीर क्षेत्र में तीन अगस्त 1991 को अवधेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड को लेकर मृतक के भाई पूर्व विधायक अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, राकेश न्यायिक समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में अभियोजन व बचाव पक्ष के गवाहों का बयान दर्ज हो चुका है। अभियोजन पक्ष की अंतिम बहस पूरी होने के बाद मुख्तार अंसारी की ओर से उनके अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी द्वारा बहस की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रयागराज जनपद से आए मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता ताराचंद ने भी बहस किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस पूरी न होने पर अदालत ने इसे जारी रखते हुए 26 अप्रैल की तिथि नियत कर दी। वादी पक्ष के अधिवक्ता अनुज यादव व विकास सिंह भी अदालत में सुनवाई के दौरान मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दहेज हत्या में साढ़े सात साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश तृतीय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) सपना शुक्ला की कोर्ट ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति फारुख उर्फ बाबू व सास मुमना बानो को दोषी पाते हुए साढ़े सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर सात-सात हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जैतपुरा थानांतर्गत बकरिया कुंड, बड़ी बाजार निवासिनी फातमा बेगम की बेटी शबनम की कैंट थाना क्षेत्र के हुकुलगंज निवासी फारुख उर्फ बाबू से 15 अप्रैल 2014 को शादी हुई थी। शादी के बाद फारुख और उसके घर वाले दहेज के लिए शबनम को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। उपरोक्त दोनों आरोपी ने चार अक्टूबर 2015 की रात में मिट्टी का तेल डालकर शबनम को जला दिया। बाद में इलाज के दौरान शबनम की मौत हो गई।

### बाइक का नंबर बुलेट पर, मुकदमा दर्ज

**बड़ागांव।** पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर बड़ागांव पुलिस ने दूसरे की मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट लगाकर बुलेट चलाने वाले अज्ञात चालक के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। जंसा थानाक्षेत्र के परमंरापुर गांव निवासी श्रीराम भारती ने आरोप लगाया है कि मेरे मोबाइल पर मिले मैसेज से पता चला कि उनकी बाइक का चालान हरहुआ में हुआ है। जिसका पता लगाने साइबर कैफे गया तो मालूम हुआ कि उनका का नंबर प्लेट बुलेट पर लगाकर कोई अन्य व्यक्ति चला रहा है। मामले को संज्ञान में लेते हुये पुलिस आयुक्त ने अज्ञात बुलेट और उसके चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

### वरुणा में उतराया मिला शव

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के भिटकुरी गांव के सामने बुधवार देर रात वरुणा में एक अज्ञात युवक की शव उतराया मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची। देर रात भीटकुरी गांव के सामने वरुणा एक अज्ञात युवक का शव उतराया मिला। उसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है। युवक एकसाथ दो पैंट और उसके ऊपर लोअर तथा बनियान, काला शर्ट, लाल टी शर्ट पहना है। पुलिस युवक का शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### यात्री बस ने लगाया जाम,नदारद रहे ट्रैफिक के जवान

**वाराणसी।** लंका के सामनेघाट इलाके में गुरुवार को दो टूरिस्ट बस की वजह सामनेघाट से नगवा चुंगी तक जाम लग गया। तेज धुप में फंसे राहगीर स्कूली बच्चे और एम्बुलेंस में सवार मरीज और तीमारदार परेशन दिखे। सामनेघाट तिराहा पर ट्रैफिक कर्मी नदारत थे। जिसके कारण नो इंट्री में बस लेकर चालक घुसा। जाम लगने की सूचना पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिस और नगवां चौकी के पुलिस कर्मियों ने जाम छुड़ाया। जिसके बाद आवागमन शुरू हुआ।

### मैजिक ने अधिवक्ता को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

**पिंडरा।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के करोमा गांव निवासी पेशे से अधिवक्ता राजीव रत्न पांडेय बुधवार की रात करीब आठ बजे बाइक से जब अपने घर जा रहे थे करोमां मोड़ पर मौजिक चालक ने टक्कर मार दी। अधिवक्ता का आरोप है कि चालक इंद्रजीत पांडेय ने उन्हे क्षति पहुंचाने की नियत से टक्कर मारी। अधिवक्ता ने बड़ागांव थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मैजिक चालक को पकड़ा और पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

### पट्टीदारों ने महिला को पीटा

**पिंडरा।** सिंधोरा थाना क्षेत्र के सरायशेखलार्ड में जमीनी विवाद में एक महिला को पट्टीदारों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस को दिए तहरीर में उक्त गांव निवासी सुनीता देवी ने आरोप लगाया कि बुधवार की रात जमीन के बंटवारे की बात अपने पट्टीदार प्रदीप राजभर से कर रही थी तभी उनके लड़के और अन्य परिजन गाली गलौच की और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी प्रदीप, राजेश,सोनू, राहुल व शंकर के खिलाफ 147, 323, 504,506, 336 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों किया पार

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी है। शिवपुर के काशीराम इंद्रपुर निवासी माधुरी गुप्ता का है जिसके घर से चोरों ने रात के समय मोबाइल व पर्स से नगदी चुरा लिया है। माधुरी के मुताबिक, उनका मकान प्रथम तल पर है। बढ़ती गर्मी के कारण बालकनी का दरवाजा खुला हुआ था। जिसका फायदा उठाकर चोर बालकनी के रास्ते घर में घुसा और मोबाइल व पर्स से दो हजार नगदी पर हाथ साफ कर मुख्य दरवाजा खुला छोड़कर फरार हो गया। वहीं दूसरी तरफ खुशालनगर चांदमारी निवासी ज्ञानदीप श्रीवास्तव ने शिवपुर पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि भोर में घर के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर किसी काम से बाहर गया था। लौटने पर देखा कि वाहन आंखों से ओझल थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुटी है।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** बीएचयू चौकी प्रभारी सुनील कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर लूट के मामले में वांछित चल रहे शुभम राय उर्फ सुधांशु को गिरफ्तार किया। आरोपी बिहार भागने वाला था। पुलिस ने मारुति नगर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपी कुछिला बिहार का रहने वाला है।

# गायिका बनाने का झांसा देकर बनाया संबंध

जनसंदेश न्यूज

**युवती का आरोप**

**वीडियो बनाकर ब्लैकमेल का भी इलजाम**

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाने में गाना रिकार्डिंग कराने के नाम पर बिहार के नुआंव क्षेत्र की युवती का शारीरिक शोषण करने वहीं एक अन्य मामले में युवकी को शादी का झांसा देकर दुराचार करने का मामला प्रकाश में आया। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया।

पहला मामला पांडेयपुर क्षेत्र का है। आरोप है कि यहां सुनील यादव का जनता वाटिका गाना रिकार्डिंग स्टूडियो है। यहां एक युवती को उसने गायिका बनाने का भरोसा दिया और संपर्क बढ़ाया। रिश्ता गहरा बनाने के लिए आरोपी सुनील ने उसे शादी का झांसा दिया। दोनों के बीच संबन्ध बने और इस बीच उसने अंतरंग वीडियो बना लिया।

इसके सहारे उसे ब्लैकमेल करता था और संबन्ध बनाता था। इस दौरान गायिका गर्भवती हो गयी। जब उसने शादी का दबाब बनाया तो आरोपी मुकर गया। ऐसे में युवती ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

जबकि दूसरे मामले में गाजीपुर के सादात की युवती ने कथित सिपाही पर दुष्कर्म करने के मामले में लालपुर-पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। युवती का आरोप है कि गाजीपुर के बिरनो के मनिहारी निवासी विनय यादव उसे शादी का झांसे देकर अपने साथ रखा और शारीरिक संबन्ध बनाया। युवती की माने तो आरोपी ने उसे लेकर पहले वैष्णो देवी मंदिर गया। इसके बाद लखनऊ आया। यहां उसने होटल बुक किया और संबन्ध बनाया। इसके बाद युवती को उसने अयोध्या बुलाया और साथ रखा। पर्व त्योहार पर बुलाता और संबन्ध बनाता था ये कहकर कि उससे शादी करेगा।

# डीएम-एडिशनल सीपी ने ईद के बाबत जांची सुरक्षा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था एस. चिन्नप्पा ने सभी संप्रदायों के धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आगामी त्यौहारों (अलविदा की नमाज व ईद) के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन कार्यालय में की। पुलिस ने महकमें को अलर्ट रहने को कहा और संवेदनशील जगहों पर गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया।

बैठक में मौजूद समस्त सम्प्रदायों के धर्म गुरुओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से उनकी समस्याओं को सुना गया तथा शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखते के लिए कहा गया। जिलाधिकरी ने कहा कि नमाज मस्जिदों में ही अदा करें किसी सार्वजनिक स्थान जैसे सड़क, मॉल, पार्क जैसी जगहों पर नहीं। बैठक में मातहतों को निर्देशित किया गया कि सुअर पालकों से वार्ता कर यह सुनिश्चित करेंगें कि अलविदा की नमाज व ईद के दौरान मस्जिदों के आस-पास सुअर खुले में घूमे। ये भी सुनिश्चित करें कि अगर कोई अफवाहों फैलाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो इसके लिए सभी थाना प्रभारी सर्तक रहे साथ ही अधिकारियों को मामले से अवगत कराएं। डीजे या लाउडस्पीकर तय मानक पर ही बजे। इसके बाद अपर पुलिस आयुक्त(कानून एवं व्यवस्था) एस चन्नप्पा ने गुरुवार को लॉट भैरव मस्जिद की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा अलविदा की नमाज एवं ईद-उल-फितर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने और सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वहीं दूसरी तरफ डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह की अध्यक्षता में अपने कार्यालय में धर्म गुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई जिसमें ईद त्यौहार को लेकर लोगों से आपसी सौहार्द बनाने और भ्रामक खबर न फैलाएं साथ ही सोशल मीडिया का गलत उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया। सिंधोरा वहीं दूसरी तरफ कमिश्नरेट थानों में भी पीस कमेटी की बैठक कर दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सिंधोरा में थाना प्रभारी आशीष कुमार मिश्र ने नदोय गांव में नमाज को लेकर कुछ समस्या सामने आने मौके पर जाकर दोनों पक्षों से वार्ता कर समस्या को सुलझाने की बात कही। थाना प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम की अध्यक्षता में थाना राजातालाब पर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रों के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। लोगों से शांति व आपसी सौहार्द बनाये रखने को कहा गया।



बैठक करते पुलिस अधिकारी

# हनुमान मंदिर से हार चुराते पकड़ा गया चोर

## एक सप्ताह पूर्व इसी मंदिर से मुकुट हुआ था चोरी

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के कुंडरिया गांव में स्थित हनुमान मंदिर से हार चोरी करते वक्त चोर को ग्रामीणों ने दबोचा और पुलिस को सौंपा। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि एक सप्ताह पूर्व इसी मंदिर से चोर ने मुकुट चोरी किया था और इसके पूर्व एक पार्लर में भी चोरी की थी। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया। चोरी की पहचान भदोही जनपद के भिखारीपुर गांव निवासी राजू गिरी और पप्पू गिरी के तौर हुई। एक सप्ताह पूर्व चोरी मुकुट को चोर ने कटरा बाजार में 12000 में बेच दिया था। हनुमान मंदिर पहुंचे चोर ने पहले एक घंटे तक पूजा-पाठ किया। इस बीच ग्रामीणों की नजर उनकी बाइक पर पड़ी क्योंकि पूर्व में चोरी के मामले में सीसीटीवी में यही बाइक थी। ऐसे में दोनों चोर का ग्रामीणों ने इंतजार किया जब ये चोरी करे तो रंगे हाथ पकड़ा जाए। हुआ थी ऐसा ही मौका देख दोनों पिलास से हार काटने लगे तभी उसे ग्रामीणों ने दबोचा। ग्रामीणों की पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने बेनीपुर सहित आसपास के इलाकों से करीब आधा दर्जन मोबाइल भी चोरी किया है। भी हम थानाध्यक्ष जंसा राकेश पाल ने बताया कि जांच और पूछताछ की जा रही है।



नाराज लोगों को समझाती पुलिस

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 2489077 का अंकपत्र व मूल प्रमाणपत्र खो गया है। शशिकला पुत्री पुनई राम ग्राम-चकफरीद, पोस्ट-बहरियाबाद, गाजीपुर।

राजकुमार व राजकुमार प्रसाद दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति का है। भविष्य में मुझे राजकुमार प्रसाद पुत्र रामभजन, निवासी ग्राम-डेवढ़िल, पोस्ट-सदलपुरा, जिला-चन्दौली के नाम से जाना व पहचाना जाये।

Army N0-15174534 F, HAV-Paramatma Kumar Unit- 281 FD- REGt, c/o 99 APO s/o Parasuram Ram, Baleur, Sahatwar Ballia (UP) Declare Through an. Affidavit (86 AE 049350) That my Wife's Name Wrongly Recorded as Arti instead of Arti Devi in my Service Record.

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-मां वैष्णवी महाविद्यालय करंजाकला जौनपुर मे (संम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय) स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक स्तर पर प्राचीन इतिहास, संस्कृत मे एक-एक पद पर प्रवक्ताओं की एवं प्राचार्य-एक पद। योग्यता, वेतनमान / यूजीसी विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रो के साथ 21 दिन के अंदर आवेदन करे।साक्षातकार की सूचना डाक-फोन के माध्यम से दी जाएगी।
**प्रबंधक-मो0-9415891097**

**आवश्यकता है**-राजाराम महाविद्यालय बेलौनाकला बरसठी,मड़ियाहूं जौनपुर (संबंध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान 3 पद, वनस्पति विज्ञान दो ,भौतिक विज्ञान दो, जन्तु विज्ञान दो ,गणित दो, कॉमर्स में 6 पद व कृषि संकाय के अंतर्गत प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परीनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर अपना शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें।
**प्रबंधक-मोबाइल : 9936319955**

## पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह वाराणसी के प्रभारी

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को यूपी के निकाय चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने वाराणसी नगर निगम के महापौर और पार्षद चुनाव के लिए पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश सिंह को चुनाव प्रभारी नामित किया गया है। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह की वाराणसी में काफी पकड़ है। इसे देखते हुए पार्टी की ओर से जिम्मेदारी दी गई है। सपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश सिंह गाजीपुर के जमानिया विधानसभा क्षेत्र से 8 बार विधायक चुने गए हैं। गाजीपुर के एक बार सांसद भी रहे हैं। सपा सरकार में दो बार कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। वे मतदान तक बनारस में रहकर चुनाव प्रचार को धार देंगे। सूबे की प्रतिष्ठित वाराणसी नगर निगम सीट पर भाजपा लगातार पांच बार से कब्जा है। वाराणसी में इस बार मेयर सीट अनारक्षित हुई है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मिली लाश कटी थी हाथ की नस



मामले की जानकारी लेती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा स्थित एक निजी गोदाम में मजदूर की लाश मिली, उसके बाएं हाथ की नस कटी थी।

जानकारी के अनुसार भट्टी लोहता निवासी मजदूर अनिल यादव 33 वर्ष रोजाना कि भांति काम पर आया था लेकिन देर शाम गोदाम के मजदूरों ने देखा कि अनिल का शव गोदाम के एक कोने में पड़ा है और बांये हाथ से खून निकल रहा था।मजदूरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी तो मृतक के चाचा पप्पू यादव ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पहुँचे मंडुवाडीह थानाध्यक्ष ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया। मौके पर ए सी पी रोहनिया भी पहुँच गए। मंडुवाडीह थानाध्यक्ष ने बताया कि सी सी टी वी फुटेज खंगाला जा रहा तभी मामला स्पष्ट हो पायेगा।

## ईद पर घर जा रहा था परिवार, हादसे में बाल-बाल बचा

**वाराणसी।** एनएच-2 डाफी टोल प्लाजा से पहले बेकाबू ट्रक ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। गनीमत है कि कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका। संयोग अच्छा रहा की पीछे से कोई गाड़ी नहीं आ रही थी। कार में जीआरपी के सिपाही का परिवार सवार था। सभी ईद मनाने के लिए प्रयागराज से गाजीपुर जा रहे थे। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

प्रयागराज में तैनात गाजीपुर के गहमर निवासी जीआरपी सिपाही कामरान अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ गुरुवार को अपने घर ईद मनाने जा रहे थे। कार उनका चालक करीमुल्ला खान चला रहा था। डाफी टोल प्लाजा से पहले अशोकपुरम कॉलोनी के पास बेकाबू ट्रक ने कार में टक्कर मार दी और फरार हो गया। संयोग रहा कि कार के पीछे कोई वाहन नहीं था। हादसे के सूचना पर रमना चौकी इंजार्ज आनन-फानन मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने कार सवारों को बाहर निकाला। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से किनारे हटवाया।



गुरुवार की शाम आंधी के बावजूद लोग नौका विहार का आनंद लेते रहे

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं.: 45/2023

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित समर विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

**गाड़ी सं. 07230/07229 गुंटूर-बनारस-गुंटूर साप्ताहिक विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 07230 गुंटूर से शनिवार को
दिनांक 22-04-2023, 29-04-2023, 06-05-2023 – 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 07229 बनारस से सोमवार को
दिनांक 24-04-2023, 01-05-2023, 08-05-2023 – 03 ट्रिप

| 07230 गुंटूर-बनारस | | स्टेशन | 07229 बनारस-गुंटूर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| – | 23:45 | गुंटूर | 06:30 | – |
| 00:45 | 00:55 | विजयवाड़ा | 03:45 | 04:00 |
| 01:50 | 01:52 | गुडिवाडा जं. | 02:43 | 02:45 |
| 02:30 | 02:32 | कैकलुरु | 02:03 | 02:05 |
| 03:10 | 03:12 | भीमवरम टाउन | 01:23 | 01:25 |
| 04:00 | 04:02 | तणुकु | 00:44 | 00:45 |
| 04:30 | 04:32 | निडदवोलु जं. | 00:24 | 00:25 |
| 06:15 | 06:20 | राजमुंद्री | 00:03 | 00:05 |
| 07:55 | 07:57 | सामलकोट जं. | 22:43 | 22:45 |
| 09:00 | 09:02 | तुनी | 21:43 | 21:45 |
| 10:33 | 10:35 | अनकापल्ली | 20:58 | 21:00 |
| 12:08 | 12:10 | दुव्वाडा | 20:43 | 20:45 |
| 13:13 | 13:15 | कोतवलसा | 19:26 | 19:28 |
| 13:43 | 13:45 | विजयनगरम् | 18:58 | 19:00 |
| 15:40 | 15:45 | रायगडा | 17:10 | 17:15 |
| 16:47 | 16:49 | मुनिगुडा | 15:20 | 15:22 |
| 18:00 | 18:05 | टिटिलागढ़ | 13:50 | 13:55 |
| 19:00 | 19:02 | बलांगीर | 12:45 | 12:47 |
| 19:58 | 20:00 | बरगढ़ रोड | 11:45 | 11:47 |
| 20:40 | 20:45 | सम्बलपुर | 11:00 | 11:05 |
| 21:50 | 21:55 | झारसुगुडा | 10:20 | 10:25 |
| 02:35 | 02:40 | हटिया | 05:35 | 05:40 |
| 02:55 | 03:00 | रांची | 05:15 | 05:20 |
| 03:55 | 04:00 | मूरी | 04:20 | 04:25 |
| 05:30 | 05:40 | बरकाकाना | 03:10 | 03:20 |
| 07:30 | 07:32 | लातेहार | 01:00 | 01:02 |
| 08:30 | 08:32 | डालटनगंज | 23:55 | 23:57 |
| 09:25 | 09:30 | गढ़वा रोड जं. | 23:15 | 23:20 |
| 11:20 | 11:22 | डेहरी ऑन सोन | 21:05 | 21:07 |
| 11:38 | 11:40 | सासाराम | 20:45 | 20:47 |
| 12:10 | 12:12 | भभुआ रोड | 20:00 | 20:02 |
| 13:30 | 13:40 | पं. दीनदयाल उपाध्याय | 19:00 | 19:10 |
| 16:10 | 16:15 | वाराणसी | 18:10 | 18:15 |
| 16:30 | – | बनारस | – | 18:00 |

रेक संरचना: जनरेटर सह लगेज यान-01, एलएसएलआरडी-01, साधारण द्वितीय श्रेणी-02, शयनयान-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-10= कुल 22 कोच।

कृपया ध्यान दें: इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
मुजाघि/टी-07 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं. 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



# वाराणसी भारत





## वैशाखी अमावस्या पर लगायी पुण्य की डुबकी

**वाराणसी।** वैशाखी अमावस्या गुरुवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी। इसके साथ ही गंगा घाटों पर लोगों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान-पुण्य भी किया। वैशाखी अमावस्या पितृदोष निवारण का खास दिन माना जाता है। इस दिन भगवान शिव, विष्णु तथा पीपल वृक्ष की पूजा करने से सुख-समृद्धि व खुशहाली मिलती है। इस दिन 108 बार पीपल वृक्ष की परिक्रमा करने से अभीष्ट की प्राप्ति होती है। इस तिथि पर स्नान-दान व व्रत तथा श्राद्ध करने का विशेष महत्व रहा। अमावस्या तिथि पर पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना की गई। इससे सुख-समृद्धि, खुशहाली मिलती है। अमावस्या तिथि पर विधि विधान से पितरों की पूजा अर्चना भी हुई। पितरों के आशीर्वाद से जीवन में भौतिक सुख-समृद्धि व खुशहाली का आगमन होता है।

## भाइयों-बहनों कर लो नोट, जरूर से जा कर देना वोट

**वाराणसी।** आगामी 4 मई को वाराणसी में होने वाले नगर निकाय के चुनाव को देखते हुए सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब के बैनर तले मुकेश जायसवाल हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ प्रियंका तिवारी के नेतृत्व में मतदाताओं को वोट करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मैदागिन स्थित श्री हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं के बीच छात्राओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य जागरूकता अभियान चलाया गया। उपरोक्त अवसर पर सभी छात्राएं भाइयो-बहनों कर लो नोट,जरूर से जा कर देना वोट, पहले मतदान फिर जलपान, जागो मतदाता जागो के नारों के साथ तख्ती बैनर लिए हुए थी। कार्यक्रम में नंदू जी टोपी वाले, श्याम दास गुजराती, ललित गुजराती, बीडी टकसाली सहित सैकड़ों छात्राएं शामिल थी।

# हो रहा नगर निगम चुनाव
# मिनी संसद का पता नहीं

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर निगम चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद निकाय चुनाव में मतदान से पूर्व की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी कर ली गई। लेकिन नगर निगम के स्थाई मिनी संसद का अभी तक कोई अता पता नहीं है। 2023 निकाय चुनाव में इस बार चयनित होने वाले संभावित उम्मीदवारों का शपथ कहां कराया जाएगा, इसका भी जवाब किसी के पास नहीं है।

सिगरा स्थित नगर निगम प्रेक्षागृह सहित उससे सटे नगर निगम मिनी सदन को जापान-भारत के मैत्री संबंधों के तहत रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के रूप में तब्दील कर दिया गया है। जिसमें उस दौरान के तत्कालिन महापौर रामगोपाल मोहले व सदन की सहमति लेकर उन्हें विकल्प के रूप में कन्वेंशन सेंटर में ही मिनी सदन




संचालित करने का आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन 15 जुलाई 2021 में रुद्राक्ष के निर्माण के बाद कन्वेंशन सेंटर में सभागार के अलावा अन्य किसी सदन का निर्माण नहीं कराया जा सका। साथ ही विकल्प के रूप में भी किसी प्रकार के सदन का संचालन रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में नहीं हुआ। इसके बजाय सदन का संचालन कोतवाली जोन के टाउन हॉल और वरुणा पार जोन के सांस्कृतिक संकुल में कराया गया। इसी प्रकार बीते अगस्त 2021 में महापौर मृदुला जायसवाल की उपस्थिति में सदन की कार्यवाही के दौरान सभी सदस्यों की सहमति से मिनी सदन के लिए भवन डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के पिछले गेट के सामने बनाए जाने की योजना बनाई गई। जिसमें मिनी सदन के निर्माण के लिए महापौर और पार्षदों की स्वीकृति भी थी। नगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया कराई गई। लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। बता दें कि इस भवन का निर्माण विधानसभा के तर्ज पर कराए जाने की चर्चा थी। जिसमें 300 लोगों के बैठने की व्यवस्था भी कराए जाने की बात कही गई थी। लेकिन सूत्रों के हवाले से पता चला कि इसका कुछ हिस्सा स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण में चला गया है। बहरहाल वर्तमान समय में सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम को अत्याधुनिक स्वरूप देने का कार्य प्रगति पर है। जिसका पुनर्विकास वाराणसी स्मार्ट सिटी द्वारा कराया जा रहा है। वहीं स्टेडियम के पिछले गेट के हिस्से पर भी निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में मिनी सदन का निर्माण लोगों के लिए यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

### क्या हुआ भवन का

**नए सदन के निर्माण पर प्रस्ताव बनने के बाद भी कार्य नहीं हो सका शुरू**

**आखिर कहां चलेगा नए सत्र का मिनी सदन, कहां ली लाएगी शपथ**

# आंधी से तापमान में हल्की गिरावट

### थोड़ी राहत

**घाटों पर रोज के मुकाबले लोगों की ज्यादा भीड़ दिखी**

**वाराणसी।** आंधी की पेशगोई सही निकली और गुरुवार को अपराह्न वह आ गई। तापमान में हल्की गिरावट आई, लेकिन कुछ इलाकों में इसने नुकसान भी पहुंचाया। आंधी का यह असर हुआ कि घाटों पर लोगों ने अपनी संख्या बढ़ा ली और रोज की तरह शाम का मजा लिया। सुबह से तेज धूप प्रचंड गर्मी से तप रहे लोगों के मन की पुकार मेघों ने सुन ली। दोपहर की प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद मौसम सुहाना हो गया। बादल छाने से पारा भी गिर गया। मौसम विभाग के अनुसार तेज आंधी-पानी के आसार हैं।

बादलों की आवाजाही शुरू होने से तापमान में भी गिरावट भी आएगी।



अगले दो दिन इस तरह के मौसम रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवा आ रही है। इसकी रफ्तार आठ से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा है। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप दिन चढ़ने के साथ प्रचंड होती गई। चिलचिलाती धूप और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान फिर 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका था। शाम करीब पांच बजे से आसमान में बादल दिखने लगे, धूप छांव में बदल गई।

## आंधी से चरमराई बिजली व्यवस्था



सारनाथ। गुरुवार की दोपहर अचानक तेज धूल भरी आंधी आने से स्थानीय क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। कई स्थान पर पेड़ धराशायी हो गये। ऐसेकई पेड़ सड़कों पर गिरने से आवागमन बाधित हो गया। आंधी के चलते सारनाथ इलाके के छाहीं, पतेरवा, नई बाजार, दामोदरपुर, सुल्तानपुर, सथवा सहित दर्जनों गांवों की बत्ती गुल रही। विद्युत विभाग के एसडीओ (ग्रामीण) आरके यादव ने बताया कि आंधी के कारण छाहीं तथा जाल्हूपुर फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। कई स्थान पर विद्युत पोल भी टूट गयेहैं। उनकी मरम्मत करायी जा रही है। अनाचक ऐसे मौसम के चलते सारनाथ संग्रहालय तिराहा से रिंग रोड मार्ग पर कई पेड़ के भारी-भरकम डाल टूटकर गिर गये। क्षेत्रीय लोगों की पहल पर उन मार्गों पर आवागमन सुचारु हो सका।

## तेज आंधी में उखड़ गया नगर निगम का दिशा सूचक बोर्ड

**वाराणसी।** अचानक आयी तेज आंधी में निवलपुर,मीरापुर बसही रोड स्थित एक हॉस्पिटल के ठीक सामने नगर निगम का दिशा सूचक बोर्ड उड़खकर जमीन पर गिर गया। इस बीच उधर से गुजर रहा एक राहगीर चपेट में आया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद व्यापार मंडल के लोगों ने ना केवल राहगीर की मदद की बल्कि उसे अस्पताल पहुंचाया और राह में गिरे पीलर बोर्ड को हटाया। काशी नटिनियादाई व्यापार मंडल के अध्यक्ष शरद वर्मा ने बताया कि तेज आंधी की वजह से पीलर लगा दिशा सूचक बोर्ड लबे सड़क गिर गया। इस बीच एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। संयोग अच्छा रहा कि अन्य कोई राहगिर उक्त पीलर बोर्ड के चपेट में नहीं आया नहीं तो हादसा बड़ा हो जाता। तत्काल व्यापार मंडल के राजेश वर्मा , बबलू, ओमबीर सिंह समेत अन्य लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।



# महापौर पद पर कोई पर्चा वापसी नहीं

### सभी जमे

**पार्षद के 54 उम्मीदवारों ने पर्चा लिया वापस**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में नामांकन और जांच के बाद गुरुवार को पर्चा वापसी के लिए उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें महापौर पद पर किसी ने पर्चा वापसी नहीं की, जबकि पार्षद पद पर नामांकन करने वाले कुल 52 उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया।

बता दें कि महापौर पद के लिए 12 उम्मीदवरों ने पर्चा दाखिल किया था। जिसमें मंगलवार को जांच में एक उम्मीदवार का पार्चा अवैध घोषित होने के बाद 11 उम्मीवार मौदान में हैं। जिसमें से किसी ने पर्चा वापस नहीं लिया। वहीं पार्षद के 704 उम्मीदवारों में से जांच के बाद 14 उम्मीदवारों के पर्चे अवैध करार दिये गए थे। जिसके बाद कुल 690 उम्मीदवारों में से गुरुवार को 54 ने पर्चा वापस ले लिया। इस प्रकार निगम की कुल 100 पार्षद सीटों के लिए अब कुल 636 उम्मीदवार मौदान में हैं। वहीं गांगापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चार और सदस्य के लिए 30 उम्मीदवारों में से गुरुवार को किसी ने पर्चा वापसी नहीं की। नमांकन, जांच और पर्चा वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों को शुक्रवार को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। जिसके बाद चार मई को मतदान और 13 को मतगणना कराई जाएगी।

## आज उम्मीदवारों को मिलेगा चुनाव चिह्न

निकाय चुनाव में नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच और पर्चा वापसी के बाद अब शुक्रवार 21 अप्रैल को चुनाव चिन्ह वितरण का कार्य होगा। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को पार्टी की ओर से जारी किए गए चुनाव चिन्ह मिल जाएंगे। वहीं अन्य दलों व निर्दल उम्मीदवारों को अलग से चुनाव चिन्ह वितरित किए होंगे।

# कृषि अनुसंधान क्षेत्र में 'आईसार्क' करेगा भागीदारी

### महानिदेशक ने दिया भरोसा

**इर्री में अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की 6वीं समन्वय समिति की बैठक**

**आईसार्क निदेशक बोले : हम भारत समेत दक्षिण एशिया क्षेत्र के कृषकों के उत्थान को हैं पूरी तरह समर्पित**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र यानि आइसार्क की 6वीं समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को चांदपुर क्षेत्र स्थित केंद्र में हुई। इस मौके पर बीते एक साल की परियोजना संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी पांच वर्षों के लिए व्यापक बजट पर मंथन किया गया। रूपरेखा के साथ चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान यानि के महानिदेशक डॉ. जीन बाली ने भारत सरकार के सहयोग को सराहते हुए कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में आईसार्क की सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिया।



अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की छठी समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को चांदपुर क्षेत्र स्थित इर्री में आयोजित हुई

मीटिंग में आईसार्क निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने संस्थान के विभिन्न अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही भविष्य की योजनाओं का ब्योरा पेश किया। उन्होंने कहा कि हम भारत सहित दक्षिण एशिया क्षेत्र के किसानों के उत्थान के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। बैठक में भारत, बांग्लादेश और नेपाल से आईएसएआरसी यानि आईसार्क समन्वय समिति के अन्य सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बांग्लादेश में कृषि मंत्रालय की सचिव वाहिदा अख्तर, नेपाल के कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय में कृषि विकास के संयुक्त सचिव डॉ. रामकृष्ण श्रेष्ठ, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में फसल विज्ञान के डीडीजी डॉ. टीआर शर्मा, राष्ट्रीय बीज अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के एमपी यादव, श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स इंडिया के अनुसंधान निदेशक डॉ. परेश वर्मा की प्रमुख उपस्थिति रही। मीटिंग में वर्चुअली भी कई वैज्ञानिकों और विभिन्न देशों के संबंधित आला अफसरों की हिस्सेदारी थी।

# बढ़ता जा रहा कोरोना 19 की रिपोर्ट पॉजिटिव

**वाराणसी।** जिले में कोरोना का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार गुरुवार को वाराणसी में 1524 सैंपल की रिपोर्ट में 19 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वाराणसी जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। गुरुवार को 19 लोग संक्रमित मिले। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अब बीएचयू अस्पताल में मरीजों, तीमारदारों को अस्पताल की ओपीडी हॉल, जांच केंद्र सहित अन्य जगहों पर मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। इस बाबत बीएचयू अस्पताल की उपकुलसचिव और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डा. रश्मि रंजन ने आदेश जारी किया। इसमें अस्पताल के अधिकारियों, कर्मचारियों, मरीजों और परिजनों से मास्क लगाने, दो गज की दूरी बनाकर रहने और बार-बार हाथ साफ करने की अपील की है।



## बीएचयू अस्पताल में मास्क अनिवार्य

**वाराणसी।** कोरोना के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालयप्रशासन ने कोरोना को लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिसके तहत विश्वविद्यालय परिसर स्थित सरसुंदरलाल चिकित्सालय परिसर में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। विवि के कई छात्र व स्टाफ के संक्रमित होने के चलते विवि प्रशासन अलर्ट मोड में आ गये है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सरसुंदरलाल चिकित्सालय आने वाले प्रत्येक डॉक्टर, अधिकारी, कर्मचारी और मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों को प्रत्येक दशा में मास्क लगाने को कहा है।

# प्रशिक्षण के बाद टेस्ट, फेल हुए तो पुनः होगी ट्रेनिंग

### आयोजन

**मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग का जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने किया मौका-मुआयना, दिये निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगरीय निकाय चुनाव में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान कार्मिकों को ट्रेनिंग के बाद परीक्षा देनी होगी। ताकि यह पुष्ट हो सके कि वह इलेक्शन कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उस टेस्ट में अनुत्तीर्ण होने पर संबंधित कार्मिक को दोबारा ट्रेनिंग लेनी होगी। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को मौका-मुआयना करने पहुंचे डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने यह निर्देश दिये।

भोजूबीर क्षेत्र स्थित उदय प्रताप इंटर कॉलेज और उदय प्रताप पब्लिक स्कूल में मतदान कार्मिकों के तहत पीठासीन अधिकारियों और प्रथम



जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने गुरुवार को यूपी कॉलेज में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया

मतदान अधिकारियों की ट्रेनिंग का यह दूसरा दिन था। श्री राजलिंगम ने निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्मिकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की हैंडलिंग से जुड़े बिंदुओं में मुख्य चेकिंग बुलेट प्वॉइंट्स में छपवाकर उपलब्ध कराया जाय।

उन्होंने ईवीएम में मॉक पोल करने और उसे सील करने से पहले शून्य करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष सावधानी बरतने की जानकारी प्रमुखता से दें। ट्रेनिंग के बाद टेस्ट लिया जाएगा। उसमें फेल होने वाले कार्मिक को पुनः प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। दूसरी ओर, मुख्य विकास अधिकारी एवं निर्वाचन के कार्मिक प्रभारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान गैरहाजिर 32 कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

## भारत करेगा विश्व का मार्गदर्शन

**वाराणसी।** बीएचयू के भारत अध्ययन केंद्र एवं संस्कृत भारती काशी की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित 15 दिनी संस्कृत सम्भाषण कार्यशाला का समापन गुरुवार को भारत अध्ययन केंद्र सभागार में हुआ। इस अवसर पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुख श्रीराम महादेव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि यह काल संस्कृत काल है। भविष्य काल में भारत सभी देशों का मार्गदर्शन करेगा। भारत के बाहर 25 विख्यात देशों में संस्कृत के कार्य हो रहे हैं। यह कार्य संस्कृत भारती के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। कार्यक्रम में देवेंद्र पंड्या, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी, प्रो. गोपबंधु मिश्र, प्रो. कृष्णकांत शर्मा, सूर्य प्रकाश मिश्र, डॉ. सुजीत कुमार त्यागी एवं डॉ. अनूपपति तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।







# 550 राजस्व ग्रामों को बनाएंगे ओडीएफ प्लस

**मीटिंग**

### मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने की जिला स्वच्छता समिति की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को विकास भवन में जिला स्वच्छता समिति की बैठक की

**वाराणसी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद के 550 राजस्व गांवों को ओडीएफ प्लस बनाएंगे। एसबीएम फेज-2 के अंतर्गत शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में पीएफएमएस के जरिये भेजेंगे। मिशन के दूसरे चरण में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान ग्रामीण इलाकों के नौ हजार 493 पात्रों को लाभांवित किया जाएगा।

विकास भवन में गुरुवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल की अध्यक्ष में हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक में यह निर्णय लिए गये। इस अवसर पर एसबीएम यानि स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, साफ-सफाई आदि पर चर्चा हुई। मीटिंग में बताया गया कि सूबे के एसबीएम निदेशक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओडीएफ प्लस करने के लिए 367 ग्राम पंचायतों के 550 राजस्व ग्राम को चिह्नित किया है। संबंधित कार्य योजना अनुमोदित कर दी गयी।

वहीं, गोबरधन परियोजना के तहत जिले में बायोगैस संयंत्र स्थापित कराने के लिए चयनित संस्था को ग्राम पंचायत के माध्यम से या जनपद स्तर से धनराशि जारी की जाएगी। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में चिह्नित 15 ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस का मॉडल बनाएंगे। इस अवसर पर मधुमखिया के प्रधान ने मिड डे मील के लिए बीते जनवरी माह से अनाज उपलब्ध न होने की जानकारी दी। श्री नागपाल ने जल संचयन के कार्य मनरेगा से कराने को कहा। साथ ही ग्राम पंचायत सचिवों और सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति ऐप के जरिये कराने पर चर्चा हुई।

## शिल्पायन में सांगीतिक संध्या आयोजित

**वाराणसी।** नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था शिल्पायन- द म्यूज़िक हब में समय-समय पर अनेकों गुणी एवं विशिष्ट कलाकारों का आगमन होता रहता है । इसी क्रम में शिल्पायन के काल्विण्ट सभागार में कलाप्रेमी हरिनारायण सारडा के संयोजन में सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में शिल्पायन के सुयोग्य शिष्य आकाश कुमार का गायन प्रस्तुत हुआ । उन्होंने राग दुर्गा की मधुर प्रस्तुति दी । तत्पश्चात शिल्पायन की उभरती प्रतिभा सुश्री विदुषी वर्मा ने गायन प्रस्तुत किया। उन्होंने राग रागेश्री में विलम्बित ख्याल चितवत चंद्र ,तथा द्रुत ख्याल के उपरांत दादरा से अपने गायन का समापन किया । दोनों कलाकारों के साथ तबला पर हरिनारायण सारडा व हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय ने सुंदर संगति प्रदान की । सांगीतिक संध्या की अंतिम प्रस्तुति बहिरागत कलाकार पं अभिषेक व्यास का शास्त्रीय गिटार-वादन रही। उन्होंने राग बिहाग में आलाप, जोड़, झाला के उपरान्त गतें पेश कीं । वादन का समापन आपने धुन से किया । उनके साथ तबला पर श्रीकान्त मिश्रा ने सधी संगत प्रदान की । कार्यक्रम का कुशल संचालन, शिल्पायन की प्राचार्या डॉ रागिनी सरना एवं धन्यवाद-ज्ञापन शिल्पायन के संस्थापक गुरू पं देवाशीष दे ने किया । कार्यक्रम में पं देवाशीष दे, हरिनारायण सारडा, मनोज गुरु समेत बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद थे।

# बीएचयू के स्कूलों की प्रवेश परीक्षा 26 से 30 तक

**एडमिशन टेस्ट**

### नर्सरी, एलकेजी, कक्षा 1 तथा 6 में प्रवेश प्रक्रिया ई-लाटरी के जरिये 23 को

### पारदर्शिता के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया, वीडियो रिकॉर्डिंग और वेबकास्टिंग भी

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** बीएचयू के स्कूलों में एडमिशन के लिए 23 अप्रैल प्रवेश परीक्षा होगी। नर्सरी, एलकेजी, कक्षा-1 और कक्षा-6 में प्रवेश के लिए पारदर्शिता के उद्देश्य से ई-लाटरी प्रक्रिया अपनाएंगे। इन कक्षाओं में एडमिशन के लिए कुल 22 हजार 899 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग समेत वेबकास्टिंग भी कराई जाएगी। उसमें बीएचयू की वेबसाईट के माध्यम से ई-लाटरी का सजीव प्रसारण देख सकेंगे।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि कक्षा-9 और 11 में कला, वाणिज्य, बायोलॉजी, गणित विषयों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा 26 से 30 अप्रैल तक निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर करायी जाएगी। इन कक्षाओं के लिए कुल एक लाख 12 हजार 693 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। स्कूल प्रवेश परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए जनपद में 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उनमें से 20 सेंटर बीएचयू परिसर में और शेष 22 केंद्र विश्वविद्यालय प्रांगण से बाहर रहेंगे।

स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय के समिति कक्ष में स्कूल बोर्ड की उपाध्यक्ष प्रो. सुषमा घिल्डियाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। उसमें चीफ प्राक्टर प्रो. अभिमन्यु सिंह, संयुक्त कुलसचिव परीक्षा नियंता कार्यालय डॉ. अवधेश कुमार, सांख्यिकी विभाग के प्रो. ज्ञान प्रकाश सिंह, प्रो. कौशलेंद्र पांडेय, प्रो. शशिकांत मिश्र, प्रो. प्रदोष मिश्र, संयुक्त कुलसचिव डॉ. नंदलाल, सेंट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल की प्राचार्य प्रो. अंजली बाजपेयी, सहायक कुलसचिव डॉ. विचित्रसेन गुप्ता, अनिल तिवारी आदि रहे।

## संक्षेप

### डीएवी में दूसरे दिन भी नैक का मूल्यांकन चला



**वाराणसी।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को भी डीएवी में अकादमिक मूल्यांकन के लिए निरीक्षण पर पहुंची। नैक मूल्यांकन के दूसरे दिन डॉ. बसंत शिंदे की अध्यक्षता में टीम ने विभागों के निरीक्षण के साथ-साथ लेखा विभाग, परीक्षा विभाग, कैंटीन, ई लाइब्रेरी सहित अन्य जगहों पर भौतिक निरीक्षण कर तथ्यों का मूल्यांकन किया। अंत मे महाविद्यालय के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नैक पीयर टीम के अध्यक्ष डॉ. बसंत शिंदे ने कहा कि यहां का अकादमिक वातावरण अध्ययन अध्यापन दोनों के लिए काफी उपयुक्त है, शोध कार्य की गुणवत्ता काफी अच्छी है साथ ही साथ यहां के लैब उच्च गुणवत्ता से पूर्ण है। इसके पूर्व टीम का स्वागत प्रो. सत्यदेव सिंह, अजीत कुमार सिंह एवं डॉ. पारुल जैन ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। इस अवसर पर समस्त विभागों के अध्यक्ष, अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### 'हैंड्स ऑन प्रैक्टिस' सर्टिफिकेट अनिवार्य

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने निर्देश दिया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण प्राप्त सभी पीठासीन अधिकारी और प्रथम मतदान अधिकारी प्रथम को ईवीएम की हैंड्स ऑन प्रैक्टिस का प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य है। इसके लिए तिथियां भी निर्धारित कर दी गयी हैं। जिसके अंतर्गत हरएक पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार 21, 23, 24, 25, 26 एवं 27 अप्रैल को उदय प्रताप इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या-25 एवं 26 में पूर्वाह्न दस बजे से दोपहर एक बजे के बीच और अपराह्न दो बजे से सायं पांच बजे के मध्य यह सर्टिफिकेट जमा करेंगे। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित समस्त पीठासीन अधिकारियों तथा प्रथम मतदान अधिकारियों को तय तिथि पर यूपी कॉलेज में उपस्थित होकर हैंड्स ऑन प्रैक्टिस करने के लिए अपने स्तर से सूचना देंगे।

### वासुदेव ने बरेका रेल इंजन कारखाने का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना में महाप्रबंधक वासुदेव पांडा ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। कारखाना पहुंच कर विभिन्न शापों का भ्रमण करते हुए रेल इंजन उत्पादन से संबंधित कार्यों का अवलोकन किया। इसके साथ ह0ी लोको डिविजन के लोको फ्रेम शाप, लोको एसेबंली शाप, ट्रक मशीन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोको उत्पादन संबंधी गतिविधियों को देखा तथा वर्तमान में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्टस जैसे लोको पायलट के औजार रखने के लिए लोको में टूल बाक्स का प्रावधान, लोको की सैडिंड क्षमता को बढ़ाने के लिए माडिफाइड सैंड बाक्स आदि की प्रगति पर डिजाइन व शाप के अधिकारियों से चर्चा की।

# छात्राओं के लिए विदाई समारोह



**सेवापुरी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में गुरुवार को स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई सहारोह का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं की तरफ से सोलो, ग्रुप डांस, गीत संगीत, रैम्प शो की रंगारंग प्रस्तुति की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुधा पांडेय ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि विश्वास और प्रण के साथ जाएं, अपने हित के साथ परिवार और राष्ट्र के कल्याण के बारे में भी सोचें।

मासूम निशा को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। प्रतियोगिता के पहले चरण के निर्णायक मंडल में डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, डॉ. घनश्याम कुशवाहा, डॉ. सौरभ सिंह एवं डॉ. कमलेश कुमार सिंह व फाइनल चरण में प्रो. सत्यनारायण वर्मा, प्रो. अर्चना गुप्ता, प्रो. आशा एवं प्रिया मिश्रा ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्रो. रविप्रकाश गुप्ता, प्रो. कमलेश कुमार वर्मा, प्रो. राम कृष्ण गौतम, गीता रानी शर्मा, राम किंकर सिंह, डॉ. मिथिलेश मिश्रा, दयाराम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## हमने सभी वादे किए पूरे : राजभर

**वाराणसी।** सूबे के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर में गुरुवार को जनपद में चुनावी सभाओं में संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकारों ने संकल्प-पत्र के प्रत्येक संकल्प पूरा किया है। शासन ने यूपी में गुंडागर्दी और अपराध को खत्म कर दिया है। व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए गये हैं। जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं। श्री राजभर ने कहा कि हमारा संकल्प है और हमने दिखा दिया है कि हम ही बेहतर कार्य कर सकते हैं।

### मंडी शुल्क समाप्त करने का स्वागत

**वाराणसी।** प्रदेश सरकार की ओर से मंडी शुल्क समाप्त किये जाने का आईआईए ने स्वागत किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा है कि उद्योग व किसान हित में लिए गए इस फैसले के लिए सीएम योगी और उनका मंत्रीमंडल बधाई के योग्य है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से सूबे में खस्ताहाल रोलर फ्लोर मिलों को संजीवनी मिलेगी और नए फ्लोर मिलो स्थापित होंगे।

# विद्यापीठ में दो माह तक चलेगा योग शिविर



**आयोजन**

### ग्रीष्मकालीन महिला योग शिविर में काशी की समस्त माताएं, बहनें, बेटियां ले सकती हैं हिस्सा

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें कुलानुशासक एवं महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति की अध्यक्ष प्रो. अमिता सिंह द्वारा ने बताया कि कुलानुशासक मंडल एवं महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति 22 अप्रैल से 21 जून तक ग्रीष्मकालीन महिला योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें काशी की समस्त माताएं, बहनें, बेटियां आदि आमंत्रित हैं।

इस शिविर के अंतर्गत दो माह तक प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा निशुल्क योग कराया जाएगा। जिन्हें प्रमाण पत्र चाहिए उन्हें 200 शुल्क देय होगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में 22 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे जिमनेजियम हॉल क्रीड़ा परिषद् में होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रथम महिला काशी विद्यापीठ देवसुता त्यागी एवं अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध कमिश्नरेट ममता रानी होंगी। प्रेस वार्ता में कुलसचिव हरीश चंद, वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह, कुलानुशासक मंडल, महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## दो अफसरों को एडवर्स इंट्री, एक को चेतावनी

**वर्चुअल मीटिंग**

### गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान दो पशु चिकित्साधिकारियों पर गिरी गाज

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** गोवंश आश्रय स्थलों में पशुओं की संख्या एवं चारा के भुगतान और अभिलेखों की गलत रिपोर्ट पेश करने के आरोप में दो पशु चिकित्साधिकारियों को एडवर्स इंट्री दी गयी है। खरगूपुर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. त्रिभुवन तथा सेवापुरी के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पर यह गाज गिरी है। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में भूसा भंडारण न करने पर खंड विकास अधिकारी आराजी लाइन विजय जायसवाल को चेतावनी जारी की गई। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को गोवंश आश्रय स्थलों की वर्चुअल समीक्षा बैठक के दौरान यह कार्रवाई की। उस मीटिंग में सभी बीडीओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी शामिल थे। मुख्य विकास अधिकारी ने अपनी ओर से दस कुं. भूसा बड़ागांव विकास खंड के गोवंश आश्रय केंद्र को दिया। उन्होंने प्रत्येक खंड विकास अधिकारी एवं सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी भूसा दान करने और क्षेत्रीय ग्रामीणों से भी भूसा दान कराने को कहा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को हरएक पशु आश्रय केंद्र पर वर्मी कंपोस्ट या गोबर के कुछ उपयोगी उत्पादों का मॉडल तैयार करने के निर्देश दिये।

# जी-20 सम्मेलन में लगी थी ड्यूटी स्वास्थ्य विभाग ने किया सम्मानित

**इनाम**

### वाराणसी समेत जनपदों के चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ को मिला प्रशस्ति पत्र

### कार्यक्रम स्थलों में चिकित्सकीय प्रबंधन व एंबुलेंस व्यवस्था का किया निर्वहन



**वाराणसी।** काशी में जी-20 देशों का तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सम्मेलन में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। सम्मेलन में चिकित्सकीय प्रबंधन व एंबुलेंस व्यवस्था के लिए वाराणसी सहित अन्य पड़ोसी जनपदों के चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ को तैनात किया गया था। इसके अलावा सर सुंदर लाल चिकित्सालय बीएचयू, डीडीयू चिकित्सालय पाण्डेयपुर, एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय कबीरचौरा, एलबीएस चिकित्सालय रामनगर व अन्य निजी चिकित्सालयों को भी आरक्षित किया गया।

ड्यूटी पर तैनात सभी चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ ने अपने कार्यों और जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन किया। इस कार्य के लिए गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) और सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ निकुंज कुमार वर्मा ने चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सीएमओ ने बताया कि वाराणसी में आयोजित हुये तीन दिवसीय जी-20 सम्मेलन के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक जनपद से एक-एक एकीकृत नोडल अधिकारी नामित किया गया था। जनपदों के चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ आदि के आवागमन, प्रवास, खानपान, कोविड प्रोटोकॉल, एंबुलेंस व अन्य लॉजिस्टिक व वित्तीय व्यवस्था के लिए एक-एक नोडल अधिकारी तैनात किया गया था। आवागमन व एंबुलेंस से संबन्धित कार्य के लिए एसीएमओ डॉ राजेश प्रसाद, प्रवास व खानपान की व्यवस्था के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ एचसी मौर्य व डीपीएम संतोष सिंह, कोविड प्रोटोकॉल व्यवस्था के लिए एसीएमओ डॉ एसएस कनौजिया और शुभम दत्ता, अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए चिकित्साधिकारी डॉ अतुल सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी केके राय, जिला सलाहकार डॉ सौरभ प्रताप सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी और आशुलिपिक संजय कुमार साहू को कोओर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया था।




## विधि संकाय को द्वितीय स्थान

**वाराणसी।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर स्थित वीआईटी वेल्लोर स्टूल ऑफ लॉ में आयोजित प्रथम सीसीआई-वीएसएल नेशनल मूट कोर्ट कंपटीशन में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने फाइनल राउंड में स्थान बनाया और प्रतियोगिता में दूसरास्थान प्राप्त किया। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से आयोजित 'प्रतिस्पर्धा विधि' पर आधारित इस प्रतियोगिता में विधि संकाय के विद्यार्थी देवांश शर्मा, सौम्या त्रिपाठी और पलक नैन ने बीएचयू का प्कतिनिधित्व किया था।

## सपाइयों ने सुजीत यादव का किया स्वागत

**पिंडरा।** सपा के दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए गये सुजीत यादव 'लक्कड़' का गुरुवार को वाराणसी आगमन पर फूलपुर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पार्टी वर्करों से ढोल-नगाड़े के साथ उनकी अगवानी की। मार्ग में कई स्थान पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट, समाजवादी व्यापार सभा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव नंदलाल जायसवाल, उदल सिंह पटेल, जयप्रकाश यादव , अजय सिंह बिसेन, मालती पटेल, आजाद अली, सुरेंद्र गौड़, जियालाल पाल, आनंद सिंह पटेल, चंद्रबली गुप्ता, सुरेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर बनाया संबन्ध, आरोपी हिरासत में

**वाराणसी।** सारनाथ थाना क्षेत्र में भवन स्वामी ने किराएदार की पुत्री को पहले शादी का झांसा दिया फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये जाने के मामले में दानियालपुर में संतोष सिंह को तहरीर के बाद हिरातस में लिया। आरोप है कि दोनों के प्रेम संबंधों के बीच युवती गर्भवती हो गई तो बच्चे को गिराने का दवाब बनाया। सारनाथ थाने पहुंची पीड़िता की मां ने बताया कि वह लगभग एक वर्ष से दानियालपुर में संतोष सिंह के यहां किराये के मकान में रहती है।

### मरीज के पेट से निकाला गया सफेद संगमरमर जैसा ट्यूमर



**वाराणसी।** गुरुधाम स्थित गंगोश्री हास्पिटल में डा. नीपू चौरसिया के नेतृत्व में डाक्टरों ने मरीज के पेट का आपरेशन कर ट्यूमर निकाला। सफल सर्जरी के बाद मरीज की दान बची तो डाक्टरों ने भी राहत की सांस ली। डकही अहरौरा मिर्जापुर निवासिनी 25 वर्षीया अनिता पेट के बढ़ते आकार व दर्द की शिकायत लेकर मातृ भूमि सेवा ट्रस्ट व आरके नेत्रालय के शिविर में आयी थी। उसके बाद मातृभूमि सेवा ट्रस्ट की पहल पर डा. प्रदीप चौरसिया की कोशिश से जांच में उसके पेट में ट्यूमर पाया गया। जिसके बाद डाक्टरों ने सर्जरी करने का फैसला किया। गंगोश्री अस्पताल के निदेशक डा. प्रदीप चौरसिया ने बताया कि मरीज को अण्डाशय का कैंसर था, जो दुर्लभ प्रकार का कैंसर होता है। ट्यूमर पेट के अंदर मुख्य खून की नालियों के पास था। डा.नीपू चौरसिया ने बताया कि ये एक प्रकार का ओवेरियन कैंसर था। इस प्रकार के कैंसर को सही समय पर सही दृष्टिकोण से नियंत्रित किया जा सकता है।

# ग्रामीण भी 'सेल्फी विद अमृत सरोवर' में करेंगे भागीदारी

**आयोजन कल**

### 'पृथ्वी दिवस' पर 22 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

### हर गांव के लोग ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया पर तस्वीरें करेंगे अपलोड

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल को 'सेल्फी विद अमृत सरोवर' कार्यक्रम आयोजित होगा। साथ ही जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण, नदी, तालाब और वर्षाकाल में जलसंयचन आदि विषयक गोष्ठियां की जाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने इस बारे में सभी खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक तैयार कर ब्लॉकों में स्थित सभी अमृत सरोवरों पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा है कि कार्यक्रमों की तस्वीरें ट्विटर समेत अन्य सोशल मीडिया पर अपलोड करना अनिवार्य है। आयोजनों के तहत प्रत्येक अमृत सरोवर पर उस गांव के कम से कम 50 लोग ट्विटर और हैशटैग सेल्फी विद अमृत सरोवर के साथ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री आदि के हैंडल पर टैग करना है। सीडीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निर्मित कराए गये अमृत सरोवरों पर छह लाख सेल्फी विद अमृत सरोवर का लक्ष्य रखा है।

श्री नागपाल ने निर्देश दिया है कि संबंधित कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीण संकल्प लेंगे कि उनके परिवार की ओर से हर हाल में एक पौधा रोपा जाएगा। उस पौधे के रख-रखाव और देखभाल की जिम्मेदारी उसी परिवार के सदस्य करेंगे। पृथ्वी दिवस की पूर्वसंध्या पर यानि शुक्रवार 21 अप्रैल को अमृत सरोवर स्वच्छता दिवस का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में करना है। इसके तहत जनजागरण, साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी संदेश दिए जाएंगे।

# अतिक्रमण के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से गुरुवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें बेनिया स्थित नव निर्मित पार्क के चारदीवारी के साथ अवैध रूप से भवन निर्माण सामग्री रख व्यापार करने वाले दुकानदारों का गिट्टी, बालू हटवा कर जब्त करने के साथ जुर्माना भी किया गया। वहीं हबीब पुरा क्षेत्र की गली के मार्ग में भवन निर्माण सामग्री रख कर मार्ग अवरुद्ध करने के संबंध में कार्यवाही की गई।

पियरिया पोखरी क्षेत्र की गली में गुमटी रख मार्ग अवरुद्ध करने वालों की गुमटी हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया। इसके साथ ही जेपी मेहता मार्ग और फरीद पुर गांव से प्राप्त शिकायत का निस्तारण किया गया। अभियान के दौरान अत्यधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवाते हुए जुर्माना किया गया। जिसमें 18,550 रुपये वसूले गए।

# विद्यापीठ में 'पेंटिंग प्रतियोगिता एवं फैशन शो' का आयोजन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के भगवान दास स्वाध्याय पीठ के ललित कला विभाग में गुरुवार को 'पेंटिंग प्रतियोगिता एवं फैशन शो' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव हरीश चंद ने सभी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. पारिजात सौरभ के मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थी द्वारा विषय पर प्रतियोगिता आरंभ हुई।




छात्रों ने अलग-अलग तरह से अपने विचार दिए, प्रिंटिंग के माध्यम से जैसे कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, पेड़ बचाओ पेड़ उगाओ, स्वच्छ भारत, रेलवे का आकर्षण, जल जीवन है, समुद्री जीवन, कलाकृति, पक्षी और पारिस्थिति, वन और वन्य जीवन, इतिहास और विरासत, बाहरी अंतरिक्ष आदि को ध्यान में रखते हुए भारत को कैसे पर्यावरण का संरक्षण यह सब बातों को पेंटिंग के माध्यम से समझाया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में 1. अंकिता जायसवाल, 2. विशाल पटेल, 3. आशीष विश्वकर्मा और 4. दीपक शर्मा रहे। द्वितीय सत्र में फैशन शो कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में चीफ प्रोटेक्टर अमिता सिंह, डॉ. केके सिंह, अन्य अध्यापक और छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. सुनील विश्वकर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संगीता घोष के द्वारा फैशन शो पर एक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। फैशन शो प्रतियोगिता में 1. ज्योति मौर्य, 2. निधि मौर्य, 3. आयुष सिंह और 4. मोहिनी रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी द्वारा भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन के संदर्भ में विभिन्न आयामों पर विचार व्यक्त करते हुए भारत को वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान पर स्थापित करने का अवसर बताया गया।


नगर में सजी सेवई की दुकान


एक दुकान से टोपी की खरीदारी करते लोग


कपड़ों की खरीदारी करती महिलाएं व अन्य

# ईद की तैयारी तेज, बाजारों में उमड़ी भीड़

**चहल-पहल**

### मस्जिदों के साथ घरों की साफ-सफाई में जुटे लोग

**बलिया।** रमजान-उल-मुबारक के महीने का अंतिम अशरा चल रहा है। ईद-उल-फितर का त्योहार नजदीक आने पर मुस्लिम समाज के लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। बाजारों में भीड़ उमड़ने के साथ ही खरीदारी ने भी तेजी पकड़ ली है। 30 रोजे के बाद आने वाले ईद के त्योहार का अपना अलग ही महत्व है। मुस्लिम समाज के लोग ईद को लेकर खासी तैयारी करते हैं।

घर में त्योहार पर विशेष खान-पान के इंतजाम के साथ ही नए कपड़े भी बनते हैं। मस्जिदों के साथ ही लोग अपने घरों की साफ-सफाई में जुट गये हैं। ईद की खुशी में लोग अपने-अपने मोहल्लों को भी सजाने में जुट गये है। ईद की खुशियों को लेकर नई ड्रेस खरीदने के लिए महिलाओं और लड़कियों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। नए कलेक्शन को युवा वर्ग पसंद कर रहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए ड्रेस को बनाया जा रहा।

शहर के विशुनीपुर, चौक-स्टेशन रोड, गुदरी बाजार, विजय सिनेमा रोड आदि जगहों पर स्थित दुकानों में जमकर खरीदारी की जा रही है। ग्राहक लोकल और ब्रांडेड दोनों ही श्रेणियों के कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में तरह-तरह की सेवईयां उपलब्ध है। इसकी लोग जमकर खरीदारी कर रहे है।

इफ्तार करने के बाद लोग बाजारों में पहुंचकर अपनी पसंद की खरीद कर रहे है। हालांकि भीषण गर्मी और तेज धूप की वजह से पुरूष-महिलाएं सुबह और शाम को ही बाजारों में निकल रह है। गर्मी की वजह से दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। इफ्तार के बाद मुस्लिम महिलाओं का हुजूम बाजारों में देर रात तक खरीदारी कर रही है।

### नायरा सूट की जबरदस्त डिमांड

**बलिया।** ईद पर फैशन को देखते हुए बाजार में इस बार नायरा सूट की जबरदस्त डिमांड दिखायी दे रही है। किसी भी दुकान पर महिलाएं और लड़कियां नायरा सूट ही पसंद कर रही है। ईद की सेवईयां, मेवे, फलों से बाजार पट चुका है। दुकानों पर विशेषकर कपड़ा, टोपी, रुमाल, इत्र, जूते-चप्पल, चूड़ी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। बता दें कि शहर के बाजारों में दुकानदारों ने 10 दिन पहले ही ईद की तैयारियां कर रखी है। इसमें सभी धर्मों के दुकानदारों ने ग्राहकों के लिए अपनी दुकानों को सजाया है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार अच्छी दुकानदारी हो रही है। शहर के स्टेशन चौक बाजार, गुदरी बाजार तथा शहीद चौक बाजार में ईद की जमकर खरीदारी हो रही है। ईद पर फैशन को देखते हुए बाजार में कई नए व फिल्मी सूट उतारे गए हैं। जिसे लड़कियां काफी पसंद कर रही हैं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार नायरा सूट दो हजार से लेकर सात हजार रुपया तक बिक रहा है। इसके साथ ही लेटेस्ट में काटन सूट, जयपुरी सूट, सरारा, नायरा, गरारा आदि की जबरदस्त डिमांड है। बताया कि ईद पर लड़कियों का नायरा स्टाइल सूट व शरारा की खास डिमांड है। सबसे अधिक खरीदारी रेडीमेड गार्मेन्ट्स पर देखने को मिल रही है, जिसको लेकर खरीदारों में ज्यादा उत्साह है। कई दुकानों पर ईद के मौके पर विशेष डिस्काउंट भी दी जा रही है।

### मीना बाजार में बढ़ी चहल-पहल

**बलिया।** मीना बाजार स्थित सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर खरीदारी के लिये महिलाओं की चहल-पहल बढ़ी है। दुकानदारों ने बताया कि इस साल अच्छी बिक्री हो रही है। वहीं, घर के सजावट के लिये भी लोग जमकर खरीदारी कर रहे है। मीना बाजार में श्रृंगार के सामानों की महिलाएं खूब खरीद कर रही है।

### टोपी एवं इत्र की हो रही बिक्री

**बलिया।** ईद पर टोपी और इत्र की खरीदारी न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। बच्चों और युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए दूकानदार भी सामान्य के अलावा अन्य डिजाइनों में टोपी लेकर आए हैं। इसके अलावा इत्र भी कई खुशबुओं में उपलब्ध कराई गई है। सिकंदरपुर का लोकल इत्र के अलावा पश्चिम बंगाल से भी इत्र बाजार में पहुंच गए हैं, जिनकी बिक्री शुरू है।

# आग से घर गृहस्थी का सामान राख

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के जमीन सिसैंड ग्राम की दलित बस्ती में गुरुवार की दोपहर एक झोपड़ी में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतना तेज थी कि देखते ही देखते वह विकराल रूप ले लिया। इसमें एक गाय का बछड़ा व पांच बकरियां जलकर मर गई। वहीं, एक गाय एवं दो अन्य मवेशी झुलस गए।

आग की लपटें और चीख-पुकार सुन अगल-बगल के लोग मवेशियों को बचाने में लग गए। जानकारी के अनुसार उमेश चंद राम की मड़ई में पहले आग लगी। आग धीरे-धीरे विकराल रूप लेते हुए सत्येंद्र राम, तारकेश्वर राम और घूराराम के मड़ई तक पहुंच गई। मड़ई में रखा एक बाईक, नगदी सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही डायल 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंच गई।


खेत में धूं-धूंकर जलती गेहूं की फसल

## आग से एक एकड़ गेहूं की फसल राख

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सूर्यपुरा में गुरुवार की दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में अचानक लगी आग से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आस-पास के खेतों में काम कर रहे किसानों व ग्रामीणों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, तब तक आग ने एक किसान के करीब एक एकड़ गेहूं की खड़ी फसल को राख बना दिया। जानकारी के अनुसार सूर्यपुरा निवासी राजेश मौर्या के सुरहाताल के अंदर गेहूं खेत में दिन के दो बजे के करीब अचानक आग की लपटों को देख आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने चीखना-चिल्लाना शुरु किया। शोर की आवाज सुन सैकड़ों ग्रामीणों ने मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान राजेश मौर्य के लगभग एक एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी। पीड़ित द्वारा हल्का लेखपाल को सूचना दे दी गयी है। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता से आग फैल नहीं पायी, नही तो भारी नुकसान होने की आशंका थी।

## विद्युत उपकेंद्र में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**बलिया।** विद्युत उपकेंद्र सोनवानी पर गुरुवार को शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। यह शार्ट सर्किट तेज हवाओं के चलते तारों के आपस में टकराने से हुआ। विद्युत उपकेंद्र परिसर में आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। उपकेंद्र में मौजूद स्टाफ और स्थानीय लोगों की सूझ-बूझ से आग पर काबू पाया गया।

बताया गया कि तेज पछुआ हवा के कारण आग विकराल रूप ले रही थी, लेकिन स्टाफ और लोगों ने मिट्टी आदि डालकर आग बुझाने में सफलता हासिल की। यह आग हाईटेंशन लाइन के तारों के आपस में सटने से निकली चिंगारी के चलते लगी थी। बता दें कि विद्युत उपकेंद्र के विद्युत मशीन पुराने व जर्जर हो चुके है। साथ ही फीटर से लेकर क्षेत्र में फैले सभी एलटी व एचटी तार इतने जर्जर हो चुके है कि हल्की हवा बहने पर भी टूट कर गिर जाते हैं। आस-पास बड़े पैमाने पर घास-पतवार भी उगे हुए हैं, जिनमें आग तेजी से आग पकड़ती है। यही कारण है कि आये दिन कोई न कोई घटना होती रहती है। इसकी वजह से तपती गर्मी में जनता को बिना बिजली के रहना पड़ता है।

# बीएसए ने दो बीईओ का वेतन रोका

**कार्रवाई**

### यू-डायस पोर्टल पर डाटा इंट्री में लापरवाही पड़ी भारी

**बलिया।** शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु यू-डायस पोर्टल पर विद्यालयों, अध्यापकों एवं छात्र प्रोफाइल डाटा इन्ट्री शत्-प्रतिशत पूर्ण करने को लेकर बीएसए मनिराम सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारियों के नाम से पत्र जारी किया है। बीएसए ने कहा है कि उक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा 15 फरवरी 2023, दो मार्च 2023 एवं 13 मार्च 2023 में दिये गये निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि वर्तमान में शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु यू-डायस के अन्तर्गत डाटा कैप्चर फार्मेट (डीसीएफ) पर शुद्ध एवं विसंगति सहित आंकडे आनलाईन भरे जाने हेतु विकास खण्ड एवं विद्यालय स्तर पर कार्यवाही गतिमान है।

कक्षा एक से 12 तक समस्त प्रबन्धन के विद्यालयों, अध्यापकों एवं छात्र प्रोफाइल का डाटा 16 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु रिपोर्ट देखने पर यह संज्ञान में आया है कि कुछ विकास खण्डों द्वारा विद्यालयों, अध्यापकों एवं छात्र प्रोफाइल का डाटा 18 अप्रैत 2023 तक शत्-प्रतिशत पूर्ण नहीं हुआ हैं। बीएसए ने राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक रापनि/एमआईएस/ 541/ 2023-24 दिनांक 13 अप्रैल 2023 का हवाला देते हुए कार्य में प्रगति नहीं लाये जाने के कारण खण्ड शिक्षा अधिकारी पन्दह एवं नगर शिक्षा अधिकारी बलिया के वेतन पर कार्य पूर्ण होने तक रोक लगाते हुए इंट्री के कार्य को तत्काल पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया है। यू-डायस पोर्टल पर विद्यालयों, अध्यापकों एवं छात्र प्रोफाइल का डाटा 07 कार्य दिवस के अन्दर शत्-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चत करें। अन्यथा की दशा में आपके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दें जायेगी।

# अग्नि पीड़ितों में वितरित किया सहायता पैकेट


अग्निपीड़ितों को सहायता कीट देते लोग

**बैरिया।** भीषण आगलगी की घटना से तबाह हुए सुरेमनपुर दियरांचल के गोपाल नगर दलित बस्ती बिरान हो गयी है। उनकी हालत देखने के बाद हर दिल रो रहा है। वही,, अग्नि पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए रेड क्रास सोसाइटी की टीम अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ गुरुवार को मौके पर पहुंची, जहां 90 अग्नि पीड़ितों को सहायता पैकेट का वितरण किया गया। पैकेट में 30 स्टील के बर्तन, एक बड़ा तिरपाल, महिला अग्नि पीड़ितों के लिए दो साड़ी, पुरुष अग्नि पीड़ितों के लिए दो धोती, दो टी-शर्ट, साबुन, सर्फ, तेल व अन्य हाइजेनिक सामग्रियों के साथ ब्रेड के पैकेट, एक-एक कंबल शामिमल था। अपर जिलाधिकारी ने अग्नि पीड़ितों को भरोसा दिया कि अन्य सहायता भी तत्काल पहुंचाने का प्रयास होगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अजय सिंह, रेडक्रास सोसायटी के सचिव शैलेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व गोपाल नगर में आग लगने से बड़ी तबाही हुई थी। बुधवार को क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश अंचल ने अग्नि पीड़ित महिलाओं में साड़ी वितरण किया था। इसके बाद रेड क्रास सोसाइटी द्वारा उल्लेखनीय सहयोग अग्नि पीड़ितों को प्रदान किया गया।

## अस्पताल पर आशा संगिनियों का हंगामा

**बैरिया।** विगत पांच माह के बकाया मानदेय के भुगतान के लिए आशा संगिनियों ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा पर हगांमा किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी के समझाने-बुझाने पर आशा संगिनी मान गयी और वापस घर लौट गयी। बता दे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा क्षेत्र में तैनात 16 आशा संगिनी एवं लगभग 170 आशा बहूओं के पांच माह का मानदेय भुगतान बाकी है। इसको लेकर आशा संगिनीयों ने गुरुवार को अस्पताल में बवाल काटा। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आरबी सिंह ने उनका भुगतान कराने के लिए उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके बाद आशा संगिनी वापस लौट गई। इस बावत पूछने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि बजट के अभाव में मानदेय का भुगतान रुका हुआ है। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्साधिकारी से आग्रह किया गया है। बजट आते ही सभी आशा संगिनी व आशा बहुओं के मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा।

# अचानक घर छोड़कर भागा शिक्षामित्र

**हड़कंप**

### ब्लैकमेलिंग कर मांगे जा रहे थे 76 हजार रुपये

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खरौनी निवासी शिक्षा मित्र के मोबाइल पर आये एक फ्राड काल ने उसे ऐसा आतंकित किया कि वह चुपचाप घर छोड़ कर भाग निकला। इस मामले को लेकर हडकंप मच गया। प्रकरण में मंगलवार की देर रात पुलिस ने गायब शिक्षा मित्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली और उसकी खोजबीन होने लगी। खरौनी निवासी शिक्षा मित्र सुजीत सिंह के मोबाइल पर एक फेकक काल आई। इसमें एक लड़की ने उनसे बातचीत कर वीडियो काल पर कुछ देर तक अपनी नग्न तस्वीरों को दिखाया। इसके बाद से किसी दूसरे नंबर से उनके साथ ब्लैकमेलिंग होने लगी।

बकौल पीड़ित एक कथित आईपीएस अफसर ने उन्हें फोन किया। बताया कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज होने वाला है। यदि बचना चाहते हो तो 76 हजार रुपये देने होंगे। अन्यथा मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस तुम्हे उठा लेगी। इसके बाद सुजीत का मानसिक संतुलन जवाब दे गया और वह घर पर अपनी मोबाइल छोड़कर निकल गया। बांसडीह कस्बे में एक जान पहचान के दुकानदार के यहां अपनी बाइक खड़ी कर वह चुपचाप कहीं लापता हो गया। देर शाम दुकानदार ने सुजीत के घरवालों को इसकी जानकारी दी। कहा कि वह बाइक खड़ी करके चले गए हैं। इसके बाद घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पूरी स्थिति को समझ पुलिस ने भी मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली। इसके बाद जब देर रात शिक्षा मित्र ने अपने घर पर किसी अज्ञात नम्बर से फोन मिलाया और हालचाल पूछा तो घरवालों ने उसकी खोज खबर जानने का प्रयास किया। सुजीत ने बताया कि वह कुछ दिनों के बाद घर आएगा। इसके बाद फोन काट दिया। इसी दौरान घरवालों ने पुलिस को उस नंबर के बारे में बताया, जिसके बाद इस नंबर की लोकेशन मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर मिली। देर रात पुलिस टीम उसी लोकेशन पर सुजीत के घरवालों के साथ पहुंचीं तो वह वहीं बैठा मिल गया। इसके बाद पुलिस उसे लेकर वापस लौट आई। वापस लौटने पर उसने पुलिस को सारी बात बताई। इसके बाद पुलिसकर्मी भी हैरत में पड़ गये। कोतवाल योगेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा मित्र लोक लाज के कारण बुरी तरह डर गया था। उसे उसके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया है।

# ऑनलाइन होगी मतदान केंद्रों की गतिविधियां

**निकाय चुनाव**

### चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस की नजर




**बलिया।** निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो चली है। जिले में दो नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों में 12 चेयरमैन पद के लिए राजनीतिक दल अपनी गोटी बिछाने लगे हैं। नगर निकाय चुनाव के लिये सकुशल संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। नामांकन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त है।

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से संवेदनशील मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कराने को कहा गया है। इसके जरिए मतदान केंद्र की हर गतिविधि आनलाइन देखी जा सकेगी। मतदान की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश हैं। जिले के 12 निकायों में 53 संवेदनशील मतदान केंद्र, 60 अति संवेदनशील केंद्र और 12 अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं।

जिले के सभी नामांकन स्थलों पर अध्यक्ष और सभासद पद के उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर रहे हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश यादव ने बताया कि मतदान केंद्रों की व्यवस्था भी ठीक की जा रही है। वहीं, मतदान केंद्र तक जाने वाले मार्ग के स्थिति की रिपोर्ट मांगी जा रही है। बता दें कि जिले में 11 मई को चुनाव होना है। 12 अध्यक्ष पद और 195 सदस्य पद के लिये नामांकन किया जा रहा है। सभी नामांकन स्थलों पर पुलिस की तैनाती है।

### चौथे दिन किसी ने नहीं किया नामांकन

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के नामांकन के चौथे दिन गुरुवार को अध्यक्ष एवं सभासद पद का कोई नामांकन पत्र दाखिल नही हुआ। अध्यक्ष पद के लिए गायत्री देवी पत्नी अखिलेश्वर कुंवर व लालझरी देवी पत्नी तुलसी वर्मा ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं, सभासद पद के लिए छह नामांकन पत्र बिके, जिसमें तीन सामान्य वर्ग एवं तीन आरक्षित वर्ग का था।

### नामांकन करने नहीं पहुंचा कोई प्रत्याशी

**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील में नामांकन प्रक्रिया में चौथे दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन अधिकारी सीमा पांडेय के समक्ष एक भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया। अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को एक भी नामांकन पत्र भी नही विका। बीते तीन दिनों में 12 अभ्यर्थियों ने कुल 27 नामांकन पत्र पिछड़ी जाति की महिला के लिए क्रय किए जा चुके हैं। इसके अलावे नगर पंचायत के कुल 13 वार्डो में सभासद पद हेतु गुरुवार को दो नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। बीते तीन दिनों में 13 वार्डो में 56 अभ्यर्थियों ने कुल 61 नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी राम मिलन पटेल के कक्ष से क्रय किए थे। गुरुवार को चौथे दिन वार्ड नंबर एक से जीनत परवीन पत्नी दानिश, उषा पत्नी विनय, वार्ड नंबर दो से फूलमती देवी पत्नी जीवन लाल, सीमा देवी पत्नी धनंजय कुमार, सुमन देवी पत्नी सूबेदार, वार्ड नम्बर तीन से प्रेम चंद पुत्र काशीनाथ, निलेश पुत्र सुबास चन्द, वार्ड नम्बर चार से परवीन पत्नी असलम गुड्डू, मनु देवी पत्नी सुरेश, वार्ड नम्बर सात से सावित्री पत्नी अशोक, उर्मिला गुप्ता पत्नी अनिल कुमार गुप्ता, वार्ड नम्बर 10 से सदरुल पुत्र कलाम, वार्ड नम्बर 12 से दुर्गेश पुत्र लल्लन तथा वार्ड नम्बर 13 से मो. ईशा पुत्र बेचू ने सभासद पद हेतु अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र के निर्देशन में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## अध्यक्ष एवं सभासद पद के पर्चों की हुई बिक्री


सभासद पर हेतु नामांकन करते निखिल कुमार

**बांसडीह।** नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन के चौथे दिन गुरूवार को बांसडीह तहसील में चार नगर पंचायतों में बांसडीह, मनियर, सहतवार व रेवती में अध्यक्ष पद के लिये कुल 11 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं, सभासद पद के कुल 20 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। चौथे दिन नगर पंचायत बांसडीह में निर्दल प्रत्याशी के रूप में छोटेलाल शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। बांसडीह में सभासद पद के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया तथा सभासद पद के तीन पंत्रों की बिक्री हुई। रेवती में अध्यक्ष पद के पांच पर्चों की बिक्री हुई। सभासद पद के 18 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया तथा चार सभासद पद के प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे। सहतवार में अध्यक्ष पद के छह एवं सभासद पद के सात फार्म की बिक्री हुई। सभासद पद के दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। मनियर में केवल सभासद पद के लिये छह नामांकन दाखिल हुआ तथा तीन फार्मों की बिक्री हुई।

## संक्षेप

### 120 छात्रों को दिया गया ऑफर लेटर


छात्र को आफर लेटर देते प्रबंधक रविशंकर सिंह पिक्कू

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के फतेह बहादुर सिंह शिवशंकर सिंह प्राइवेट आईटीआई ससना बहादुरपुर में नील मेटल कंपनी सानंद अहमदाबाद, गुजरात के एचआर नित्यानंद राय और योगेश कुमार द्वारा कैम्पस सलेक्शन किया गया। कैम्पस सलेक्शन में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें 120 छात्रों का चयन हुआ। विद्यालय के प्रबंधक द्वय रविशंकर सिंह पिक्कू तथा विवेक कुमार परिहार ने छात्रों को आफर लेटर देने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रभात तिवारी, जगदीश, तेज बहादुर, सोनू यादव, मुकेश विश्वकर्मा, प्रियंका सिंह, शुभांगी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### प्रावि एवं पंचायत भवन में चोरी


पंचायत भवन में चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस

**रतसर।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के अमडरिया गांव में बुधवार की रात एक ही परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों द्वारा हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया है। गुरुवार की सुबह स्कूल का ताला टूटा देखकर ग्रामीणों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक, सचिव एवं ग्राम प्रधान को सूचना दिया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। चोरों ने पंचायत भवन से प्रिंटर, यूएसबी, पावर सप्लाई कैमरा एवं समस्त केबल काटकर कर चोरी किया है। वहीं, परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर गैस सिलिंडर, चुल्हा सहित रसोई का अन्य सामान भी चोर उठा ले गए। इसकी तहरीर गड़वार थाने पर दे दिया गया है।

### साहित्यकारों को किया गया सम्मानित


महायज्ञ की पूर्णाहूति पर सम्मानित किये गये साहित्यकार

**बलिया।** ग्राम कैथी कला में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्र कवि डॉ. बृजेश सिंह की अध्यक्षता में सरस आध्यात्मिक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। डॉ. आदित्य कुमार अंशु, डॉ. फतेहचन्द बेचैन, नरेंद्र अनुराग, प्रभाकर पपीहा, डॉ. रामाशंकर वर्मा मनहर, डॉ. गया शंकर प्रेमी, मुखराम यादव नेमी एवं आचार्य रंजीत तिवारी पराशर ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को लोट-पोट कर दिया। हास्य व्यंग, सामाजिक सरोकार की रचनाओं पर श्रोताओं ने जमकर ताली बजाई और मनोरंजन किया। उपस्थित सभी कवि साहित्यकारों एवं रंजीत तिवारी को डॉ. बृजेश सिंह राष्ट्रकवि राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा अंगवस्त्रम तथा समाज के महापुरुषों के नाम पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बृजेश सिंह, बृजविलास सिंह, विद्यासागर सिंह, नमो नारायण सिंह, गुड्डू सिंह आदि मौजूद रहे। आभार डॉ. बृजेश सिंह ने व्यक्त किया।

### ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से वृद्ध की मौत


घटना की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन

**रसड़ा।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के मटही नसीरपुर गांव के समीप गुरुवार की दोपहर लकड़ी से लदा ट्रैक्टर पलटने से एक वृद्ध की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रैक्टर और ट्राली को थाने ले गई। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के नफरेपुर गांव निवासी विरेंद्र राम (60) पुत्र इंद्रदेव राम गुरुवार की दोपहर ट्रैक्टर ट्राली पर बैठकर आ रहे थे, तभी मटही नसीरपुर गांव के समीप लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। इसके अंदर विरेंद्र राम दब गए। आस-पास के लोगों ने ट्राली हटाने के बाद घायल विरेन्द्र राम को हास्पिटल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। सूचना पाते ही परिजन और आस-पास के लोग पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। परिवार के लोग दहाड़े मार कर रोने लगे।

### बाल विवाह रोकने को हुई बैठक

**बलिया।** जिला प्रोबेशन अधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत बलिया जिले में कही भी अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह हो रहा है तो चाइल्ड लाइन 1098, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 181 एवं महिला शक्ति केन्द्र बलिया जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं नजदीकि थाना को तत्काल सूचित करें। अतः अक्षय तृतीया के मौके पर बड़ी संख्या में बाल विवाह होने की सम्भावना होती है। इसलिए जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### कोटेदारों के यहां धमकी केंद्रीय टीम


कोटे की दुकान पर जांच करते अधिकारी

**बलिया।** विकास खण्ड बेलहरी अन्तर्गत गांवों में बुधवार को भारतीय खाद्य निरीक्षण मंत्रालय दिल्ली से आए अधिकारियों द्वारा राजकीय सस्ते गल्ले की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बेलहरी के कोटेदार रमेश मिश्रा, कठही के कोटेदार लल्लन प्रसाद, हल्दी के कोटेदार पुष्पा सिंह तथा रेपुरा के कोटेदार दिनेश राय के दुकानों की एक वर्ष की स्टाक की जांच हुई। इस दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा कार्डधारकों से भी पूछताछ किया गया। जांच टीम को सभी गल्ला की दुकानों पर शासन के मंशानुसार वितरण सुचार रूप से सन्तोषजनक पाया गया। केन्द्रीय टीम के साथ एआरओ मनोज पाण्डेय एवं पूर्ति निरीक्षक रत्नेश मिश्रा रहे।

### आज मनायी जायेगी भामाशाह की जयंती

**बलिया।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में 21 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से टाउन हाल में दानवीर भामाशाह जी की जयंती का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अति विशिष्ट अतिथि मंत्री दानिश आजाद अंसारी, विशिष्ट अतिथि विधायक केतकी सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष प्रयाग चौहान ने देते हुए बताया कि जयंती समारोह की अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द गांधी करेंगे।

### दिवंगत साथी के पुत्र को सौंपी सहयोग राशि

**बलिया।** दिवंगत साथी रामचंद्र यादव के घर पहुंचे शिक्षकों ने उनके बड़े पुत्र संदीप यादव को शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की ओर से एक लाख रुपये की सहयोग राशि सौंपी गई। साथ ही परिजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गौरतलब हो कि शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के प्राथमिक विद्यालय डाड़ेपुर पर तैनात प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव का असमय निधन 18 अप्रैल को हो गया था। उनके निधन से मर्माहत शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने आपदा राहत कोष से एक लाख रुपये की सहयोग राशि उनके घर बारा बांध पहुंचकर बड़े पुत्र संदीप यादव को प्रदान की। उनके परिवार में वृद्ध पिता, पत्नी, तीन पुत्र क्रमशः संदीप यादव, प्रदीप यादव, अमित यादव, भाई राजेन्द्र यादव तथा श्रीराम यादव है। इस मौके पर राधेश्याम सिंह, बलवंत सिंह, अनिल सिंह सेंगर, अनिल सिंह, संजय सिंह, सत्यजीत सिंह, कमलेश गिरि, सदानंद, राजीव रंजन, अजय कुमार, राजेश कुमार तिवारी, रामप्रकाश तिवारी, मानवेन्द्र सिसोदिया, इमामुद्दीन, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, जितेन्द्र गुप्ता, सुधीर सिंह, अच्युतानन्द पाण्डेय, अमित कुमार चौहान, सुरेंद्र प्रजापति, रमेश चंद्र यादव, गंगदेव पाठक इत्यादि उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में छह बच्चे सफल



सफल बच्चों के साथ विद्यालय परिवार

दिखाया दमखम

### कम्पोजिट विद्यालय पुरास के बच्चों ने लहराया परचम

**बलिया।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा-2022 में कंपोजिट विद्यालय पुरास के बच्चों ने पुनः अपना परचम लहराया है। इस परीक्षा में विद्यालय के छह बच्चों ने अपना स्थान बनाया है।

विद्यालय की छात्रा साक्षी कश्यप ने जहां पूरे जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया है, वहीं आदर्श कुमार ठाकुर ने 14वां स्थान प्राप्त किया है। आयुषी पांडे ने 21वां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बादल सत्यम एवं रुपेश ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। बताते चले कि इसी विद्यालय के चार बच्चों ने गत वर्ष 2021 में भी अपना दमखम दिखाया था।

विद्यालय के शिक्षक आशुतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि बच्चों को प्राइवेट कोचिंग की तर्ज पर तैयारी कराई जाती है। विद्यालय के 12 छात्रों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था, जिसमें छह छात्र सफल हुए। अगले साल और अधिक बच्चों को इस परीक्षा में सफलता दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। अपने विद्यालय के उत्तरोत्तर वृद्धि और सफलता से इस विद्यालय के शिक्षक राम चौबे, दीनानाथ तिवारी, आशुतोष कुमार शुक्ल, विजय मिश्र तथा सूर्य प्रकाश सिंह ने सभी मेधावी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सफल छात्रों को विद्यालय परिवार द्वारा मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर त्रिवेणी यादव, जितेंद्र कुमार, किशन तिवारी, सुमन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### मुस्कान एवं दुर्गावती ने प्राप्त की सफलता

**मझौवां।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा-2022 में परिषदीय बच्चों ने प्रतिभा के झंडे बुलंद किये है। 251 सीट के सापेक्ष शत्-प्रतिशत सफलता अर्जित कर बच्चों ने जिले का मान बढ़ाया है। सम्बंधित बच्चों के साथ उनके शिक्षकों को खूब बधाईयां मिल रही है। शिक्षा क्षेत्र बेलहरी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुधैला की दो छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में मुस्कान एवं दुर्गावती वर्मा की सफलता पर प्रधानाध्यापक आदर्श सिंह, अध्यापक धीरज सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं, बेलहरी ब्लाक के शिक्षकों ने विद्यालय परिवार की मेहनत की सराहना करते हुए सफल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पांच छात्रों को किया गया सम्मानित

**बलिया।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बरवां, हनुमानगंज में राष्ट्रीय आय छात्रवृति परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी पांच छात्रों को ग्राम सभा बरवां के प्रधान जितेन्द्र कुमार प्रजापति ने विद्यालय के प्रागंण में सम्मानित किया तथाा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को भविष्य में किसी प्रकार की आर्थिक सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी तो जरूर सहयोग करूंगा। इस अवसर पर शिवशंकर यादव, धर्मनाथ प्रसाद, रीना राय, शालिनी सिंह, सुषमा सिंह, रिजवाना खातून, प्रमिला यादव, खुश्बू बाला आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली




स्कूल चलो अभियान रैली निकालते लोग

**सिकन्दरपुर।** शिक्षा क्षेत्र नवानगर के कंपोजिट विद्यालय नवानगर के बच्चों ने गुरुवार को संचारी रोग से बचाव एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के साथ ही विद्यालय जाने से वंचित बच्चों का नामांकन कराने हेतु स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। रैली को ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ब्लाक नवानगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विद्यालय से चलकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए विद्यालय पर पहुंची। बच्चों ने संचारी रोग सबंधी नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विद्यासागर राम, पंकज मिश्रा, संगीता सिंह, रुकय्या बानो आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कुल तीन उम्मीदवारों ने खरीदा पर्चा

**सिकंदरपुर।** नगर पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र विक्रय व नामांकन के क्रम में गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में कुल 3 उम्मीदवारों ने नाम पत्र खरीदा। जक्त जानकारी निर्वाचन अधिकारी नगर पंचायत सिकंदरपुर अरुण कुमार मिश्रा ने दी है। वहीं सभासद पद के लिए कुल 21 नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम सुंदर यादव के कार्यालय से उमीदवारों ने खरीदा। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन दाखिल किए गए। वहीं सदस्य पद के लिए 14 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी के यहां दाखिल किया।

### नरहीं में बनेगा नया 50 बेड का अस्पताल

**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरही के बगल में पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में 50 बेड के अस्पताल का काम शुरू हो गया है। हालांकि विकास खंड सोहांव का सीएचसी नरही में पहले से स्थित है। इसमें 30 बेड पहले से है। नए अस्पताल के निर्माण से स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर होने की संभावना है। इस अस्पताल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को और बेहतर इलाज मिलना शुरू हो जाएगा। मरीजों को जिला चिकित्सालय तथा वाराणसी जाने से निजात मिलेगी। सीएचसी नरही के अधीक्षक डा. साकेत बिहारी शर्मा ने बताया कि नए अस्पताल का निर्माण जल संसाधन विभाग के बजट से किया जा रहा है। इस अस्पताल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी। कोविड की महामारी के बाद से प्रदेश सरकार स्वास्थ्य विभाग को लेकर काफी सक्रिय नजर आ रही है। बता दें कि खंडहर में तब्दील प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 2012 में पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी की पहल पर फायर सर्विस स्टेशन के लिए चिन्हित किया गया था, लेकिन फायर सर्विस स्टेशन स्थापित नहीं हो सका। अब उसी परिसर में 50 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं, खंडहर में तब्दील प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरही में इस समय रविवार एवं बुधवार को सब्जी का बाजार लगता है। ऐसे में 50 बेड का अस्पताल बन जाने के बाद सब्जी बाजार को कहीं दूसरे जगह फिर ले जाना पड़ सकता है।

# बाढ़ पूर्व तैयारी के लिए स्टीयरिंग कमेटी की बैठक



**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारी के सम्बन्ध में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ परियोजनाओं को 31 मई 2023 से पूर्व पूर्ण करा लिये जाएं तथा बाढ़ की तैयारी के सम्बन्ध में आवश्यकतानुसार सामग्री का रिजर्व स्टाक रख लिया जाए तथा आपदा राहत विभाग को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त तैयारी समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाय, जिससे कि वषार्काल में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला में संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पश्चिम टोला निवासी अक्षय कुमार सिंह (68) पुत्र लक्ष्मी शंकर सिंह बुधवार की शाम खाना खाकर सोने चले गये। गुरुवार की सुबह देर तक घर के कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजन उनके कमरे में गये, जहां उन्हें मृत देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महिला से 30 हजार झपटकर भागा उचक्का

**रेवती।** स्थानीय थाना गेट के समीप स्थित सेंट्रल बैंक की रेवती शाखा से पैसा निकालकर बाहर आ रही एक महिला से एक उचक्का 30 हजार रूपये झपटकर भाग गया। जब तक महिला ने चीख पुकार मचाया, तब तक उचक्का आंखों से ओझल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की पड़ताल के साथ ही उचक्के की तलाश की जुट गयी है।

रेवती थाना क्षेत्र के पाण्डेय के छपरा गांव निवासी पिंकी यादव पत्नी सूरज यादव ने बताया कि गुरुवार को बैंक से 80 हजार रुपया निकाली थीं। प्लास्टिक की कैरी बैग में 50 तथा 30 हजार रुपया की दो गड्डी रखी थी। बैंक के गेट से बाहर निकलते ही किशोर उम्र का उचक्का 30 हजार वाली गड्डी प्लास्टिक की थैली से खिंच कर दुसाध टोली जाने वाली मार्ग पर भाग गया। गोद में बच्चा होने के चलते दौड़ नहीं पाई। शोर मचाया, तब तक वह फरार हो गया। पिंकी ने घटना से रेवती पुलिस को अवगत करा दिया है। पुलिस बैंक के सीसीटीवी कैमरे से फुटेज के आधार पर उचक्के की तलाश कर रही है।

# राहगीरों के लिए खतरा बने जर्जर सूखे पेड़

हादसे का इंतजार

### हमेशा बनी रहती है किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका



चिरैया मोड़ के पास सड़क के किनारे खड़ा सूखा जर्जर पेड़

**बैरिया।** क्षेत्र के विभिन्न मार्गों के किनारे सूखे एवं जर्जर पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बने हुए है। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में इसका न तो वन विभाग संज्ञान ले रहा है और न हीं लोक निर्माण विभाग। इससे हमेशा बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

लालगंज-बैरिया-रेवती मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक सूखे और जर्जर पेड़ सड़क की पटरियों पर खड़े हैं। वह कभी धराशाई हो सकते हैं। चिरैया मोड़ के आस-पास सड़क की पटरियों पर सूखे एवं जर्जर पेड़ अत्यंत ही खतरनाक स्थिति में है। वही, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा के सामने सड़क पर एक विशालकाय जर्जर सूखा पेड़ खड़ा है, जो कभी भी धराशाई हो सकता है। उसकी टहनी एवं छाल टूट-टूट कर गिर रहे हैं। इसी तरह टोला शिवान राय में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 की पटरी तथा सोनबरसा-दलन छपरा मार्ग पर दोकटी थाने के बगल में सड़क की पटरी पर सूखे जर्जर पेड़ हादसे के इंतजार में खड़े हैं।

इस संदर्भ में स्थानीय लोगों ने कई बार वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग से इन सूखे पेड़ों को कटवाने हेतु आग्रह किया। बावजूद इसके दोनों विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। बता दें कि पिछले वर्ष सोनबरसा के पास आटो रिक्शा पर सूखा पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

इस संदर्भ में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जर्जर एवं सूखे पेड़ों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित करने का आग्रह किया है, ताकि संभावित हादसे को डाला जा सके।

## व्यक्तिगत शौचालयों की करायी जायेगी मरम्मत

**बलिया।** स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत गांवों में सरकारी सहयोग से बने व्यक्तिगत शौचालयों की मरम्मत के लिए सरकार पैसा दे रही है। जिला पंचायत राज विभाग की ओर से इसका सर्वे शुरू करा दिया गया है। इस योजना के तहत जिले के 17 ब्लाकों में छह सौ शौचालय मरम्मत के लिए चिन्हित किये गये है। हालांकि, सर्वे एवं मरम्मत के लिए शौचालयों को चिन्हित करने का कार्य चल रहा है। सरकार ने स्वच्छता मिशन के तहत जिले में वर्षवार चरणबद्ध तरीके से लगभग छह लाख व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया है। शुरूआती दौर में बने शौचालय देखरेख के अभाव में टूट-फूट गये है। इसका प्रयोग भी नहीं हो रहा है। ऐसे में खुले में शौच मुक्त का संकल्प टूट न जाय, इसको ध्यान में रखते हुए शुरूआती वर्ष 2014-15 में बने शौचालय जो मरम्मत योग्य हो गये है, का रेट्रोफिटिंग विधि से मरम्मत कराने के लिए केन्द्र सरकार पैसा दे रही है। इस योजना में शासन की ओर से जिले को 17006 व्यक्तिगत शौचालयों के मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला पंचायत राज विभाग के सर्वे में जिले में छह सौ व्यक्तिगत शौचालय मरममत के लिए चिन्हित किये गये है। इसमें 46 व्यक्तिगत शौचालयों का मरम्मत कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है। शेष अन्य पर काम चल रहा है।

### प्रधान-सचिव के माध्यम से मिलेगा लाभ

**बलिया।** सरकार द्वारा व्यक्तिगत शौचालयों की मरम्मत के लिए चल रही रेट्रोफिटिंग योजना का लाभ सचिव एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से मिल सकता है। लाभार्थी ग्राम प्रधान एवं सचिव से संपर्क कर अपने शौचालय की स्थिति से अवगत करायें। संबंधित सचिव इसका फोटो ई-स्वराज पोर्टल पर अपलोड करेंगे। जिला पंचायत राज विभाग से इसकी स्वीकृति के बाद ग्राम प्रधान इस शौचालय का मरम्मत करायेंगे।

व्यक्तिगत शौचालयों की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान एवं सचिव को निर्देश दिया गया है। सरकार ने व्यक्तिगत शौचालयों के लिए अलग से बजट जारी किया है। शौचालय मरम्मत के लिए अधिकतम पांच हजार रूपये दिये जायेंगे। इसमें सीट, सीढ़ी आदि का अलग-अलग पैसा निर्धारित है।

**- यतेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी**

## संक्षेप

### दुष्कर्म में वांछित 20 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**मऊ।** गुरूवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुअसं 359/22 धारा 363, 328, 365, 342, 370क,372, 373,376डीए,120बी भादवि व धारा 5/6 पोक्सो एक्ट में वांछित 20 हजार रुपए का इनामिया अभियुक्त राम प्रवेश आचार्य उर्फ आचारी पुत्र उपेन्द्र आचार्य निवासी मनं 762 वार्ड नं. 44 मिश्रा चैक बलभद्रपुर थाना लहरिया सराय जिला दरभंगा बिहार को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर स्थानीय न्यायालय में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर थाना स्थानीय लाया गया। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई 2022 को थाना कोतवाली नगर की आवेदिका द्वारा थाना कोतवाली मे अभियोग मुअसं 359/22 धारा 363/366 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। अपृहता की बरामदगी के लिए वृहद मानव स्त्रोतो एवं इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की सहायता ली गयी और बालिका को बिहार प्रान्त से बरामद किया गया। विवेचना में संकलित साक्ष्य के आधार पर अन्य उल्लेखित धाराओं की वृद्धि की गयी तथा 3 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### कक्षा 1 से 8 तक विद्यालयों में आज रहेगा अवकाश

**मऊ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह बताया कि अवकाश अनुसूची वर्ष 2023 के अनुसार जनपद मऊ में 21 अप्रैल 2023 दिन रमजान का अन्तिम शुक्रवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जनपद मऊ के समस्त परिषदीय विद्यालयों/मान्यता प्राप्त विद्यालयों/सहायता प्राप्त विद्यालयों (कक्षा-1 से 8 तक) तक में 21 अप्रैल 2023 को अवकाश घोषित किया जाता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ व्यक्ति की मिली लाश

**दोहरीघाट, मऊ।** थानान्तर्गत कस्बे के चैहान चैक पर संदिग्ध परिस्थितियो मे बुधवार को देर रात एक अंधेड़ की लाश मिली जिसकी पहचान अभी तक नही हो पाई है। थाना प्रभारी केशवराम यादव ने बताया कि गश्त के दौरान चैहान चैक के पास अंधेड़ की लाश मिली जिसकी पहचान करायी गयी अंधेड़ नीले रंग की पैण्ट व भूरा लाल रंग की शर्ट पहना हुआ है तथा शरीर पर कहीं चोट के निशान नही दिखाई दिया अंधेड़ की उम्र लगभग 60 वर्ष के आसपास होगी अंधेड़ का शव मर्चरी हाऊस मऊ मे रखा गया। प्रत्यक्षदर्शियो का कहना है कि यह कुछ दिन से विक्षिप्त अवस्था मे घुम रहा था।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पर प्राणघातक हमला, हालत गंभीर

**दोहरीघाट, मऊ।** थाना क्षेत्र के शुक्लवली गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मारकंडे शुक्ला उम्र 65 वर्ष बृहस्पतिवार को प्रातः काल मॉर्निंग वॉक करने के लिए प्रतिदिन की तरह सड़क पर निकले हुए थे तब तक गांव के मन बढ़ उनके ऊपर लाठी डंडे से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे वह लहू लूहान बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। उनके सर पर गंभीर चोटें आई हुई है सड़क पर चलने वाले लोगों के चिल्लाने पर घरवाले दौड़े हुए आए और उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयें। उनके पुत्र मृत्युंजय शुक्ल के तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल उपचार के रेफर कर दिया।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों का किया भव्य स्वागत

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में मुहम्मदाबाद गोहना शिक्षा क्षेत्र के सुरहूरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के तीन छात्रों की सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छात्रों की सफलता पर ब्लॉक के समस्त शिक्षकों में काफी खुशी है। गुरुवार को विद्यालय परिसर में अध्यापकों एवं अभिभावकों द्वारा सफल बच्चों को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुँह मीठा कराया गया। बताते चलें कि उक्त विकास खण्ड का यह उच्च प्राथमिक विद्यालय अपने शैक्षिक, प्रशासनिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रायः सुर्खियां बटोर रहा है। इस विद्यालय का शैक्षिक वातावरण उत्तम होने का यह प्रमाण है कि विगत तीन सालों से विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इस वर्ष भी ब्लॉक का यह एक इकलौता विद्यालय है जहां के तीन छात्रों रोहित शर्मा, शिवांगी सरोज और गरिमा चैहान ने पुनः सफलता प्राप्त किया है। सफल छात्रों को इंटर तक की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा प्रतिमाह एक हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बच्चों की सफलता पर गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित कर उनका मुंह मीठा कराया गया तथा पुष्प माल्य पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# शांति व सौहार्द्र पूर्ण ढंग से मनायें त्योहार- डीएम

निर्देश

### आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक संपन्न



**मऊ।** गुरूवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा बिजली, पानी की अनवरत उपलब्धता, त्योहारों के दौरान विशेष साफ-सफाई, टूटे-फूटे रास्तों की मरम्मत, नालों की सफाई, मेला स्थलों पर मेडिकल टीम की तैनाती के साथ ही एंबुलेंस सेवा तथा प्रतिबंधित जानवरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित बाड़ों में रखने की बात उठाई गई।

डीएम ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए त्योहारों को शांति एवं सौहार्द को ढंग से मनाने में सहयोग करने को कहा। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को कोई भी नई परंपरा की शुरूआत करने से मना किया एवम् त्योहारों को परंपरागत ढंग से ही मनाने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी तरह के आयोजन ना करने के भी निर्देश डीएम द्वारा दिए गए। भीषण गर्मी के माहौल में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए डीएम ने अग्निशमन विभाग को अग्निशमन गाड़ियों को तैयार रखने के निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को विशेष निर्देश देते हुए डीएम ने त्योहारों के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को नगर में घूमने वाले प्रतिबंधित जानवरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित बाड़ों में ही रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत आपूर्ति की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सचेत रहने को कहा। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। बैठक के दौरान अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने उपस्थित सदस्यों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने को कहा।

# हीटवेब को गंभीरता से लें: जिलाधिकारी



**बलिया।** इस बार गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में लू एवं गर्म हवा से लोगों के बचाव के विषय पर विचार-विमर्श किया गया और गर्मी से बचाव और उसकी जानकारी से संबंधित पम्पलेट का विमोचन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में इस बात पर चर्चा हुई की लू-तापघात जानलेवा हो सकता है। इससे बचाव ही उपचार है। लू तापघात के लक्षणों में शरीर का तापमान बढ़ने लगता है और पसीना आता है। सिर दर्द, सिर का भारीपन महसूस होता है। त्वचा सूख जाती है और लाल हो जाती है साथ ही मरीज को दस्त होने लगते हैं और मांसपेशियों में ऐंठन होती है। ऐसे में लू तापघात का प्राथमिक उपचार यह है कि व्यक्ति को ठंडे एवं छायादार स्थान पर ले जाये, एंबुलेंस को फोन करें, ठंडा पानी पिलाएं। सूती कपड़े पहने, सफर में पानी साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने सीआरओ को निर्देशित किया कि सभी ईओ अपने क्षेत्रों में पानी की मशीनों की व्यवस्था करें। यदि मशीने खराब है तो उनको ठीक कराएं। साथ ही सीएमओ को निर्देशित किया कि पहले से ही सारी तैयारियां पूरी रखे। इस तरह के किसी भी मरीज के आने पर उसका तुरंत उपचार हो सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि लोग अपने पशुओं को छायादार स्थानों पर बांधे और उनके पानी की व्यवस्था करें। जनहित में इसका प्रचार-प्रसार उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा यूनिसेफ एवं उत्तर प्रदेश में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक हेल्थ-गांधीनगर के सहयोग से किया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रे।

# जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण संपन्न






**मऊ।** नगरी निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु लगाए गए जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उप कृषि निदेशक एसपी श्रीवास्तव द्वारा नगरी निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 से जुड़ी संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि बूथों का मतदान से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी प्रकार की असुविधा जैसे रास्ता, पानी, बिजली, शौचालय एवं दिव्यांग मतदाताओं की व्यवस्था आदि की उचित दशा में व्यवस्था है या नहीं यदि व्यवस्था में कमी दिखाई दे तो उसकी शिकायत अपने वरिष्ठ अधिकारी को तत्काल कर ठीक करा ले। किसी भी दशा में पोलिंग पार्टी किसी राजनीतिक दलों का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। बूथों पर निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को खाने-पीने की उचित व्यवस्था रहेगी। सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए कि मतदान दिवस के दिन समय से मतदान प्रारंभ कराएंगे।

उन्होंने बताया कि किसी भी राजनीतिक दलों द्वारा 200 मीटर के अंदर अधिक संख्या में भीड़ इकट्ठा न होने पाएं। उन्होंने बताया कि किसी भी दशा में मतदाता मोबाइल, पानी आदि सामग्री मतदान कक्ष में न ले जाने पाए। अपर जिलाधिकारी ने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो को निर्देशित किया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी, परियोजना अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, अपर संख्या अधिकारी रजनीश कुमार सिंह सहित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी नामांकन की प्रक्रिया रहेगी जारी

**मऊ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी भानु प्रताप ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु नामांकन की प्रक्रिया माननीय राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश के अनुपालन में सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी निर्धारित समय सारणी के अनुसार यथावत जारी रहेगी।

## अस्थाई गौ आश्रय स्थल की दयनीय स्थिति

निरीक्षण

### भ्रामक सूचना देने पर नोडल अधिकारी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निलंबन करने की संस्तुति

### जिलाधिकारी ने निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई हेतु अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**मऊ।** एसडीएम सदर द्वारा अस्थाई गौ आश्रय स्थल रणवीरपुर, विकासखंड परदहां के निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल की अत्यंत दयनीय स्थिति पाए जाने तथा संबंधित गौ आश्रय स्थल के नोडल अधिकारी द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान निरीक्षण पंजिका में गलत सूचना दर्ज किए जाने पर एसडीएम सदर ने नोडल अधिकारी डॉ यूके सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही किए जाने की संस्तुति की है। अपनी निरीक्षण आख्या में उप जिला अधिकारी सदर ने बताया कि 18 अप्रैल को निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल पर कुल 223 पशु पाए गए, जिसमें 30 पशु बीमार थे। तीन पशुओं की हालत अत्यंत खराब थी। इसके अलावा तीन पशु मृत अवस्था में भी गो आश्रय स्थल में पाए गए। पशुओं के पीने हेतु पानी की व्यवस्था भी अत्यंत खराब थी। पशुओं की संख्या को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में भूसे एवं अन्य आहार उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा पशुओं की टैगिंग के संबंध में भी गलत सूचना नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण पंजिका पर दर्ज की गई थी। साथ ही भूसा, चोकर, पानी आदि की पर्याप्त एवं अच्छी व्यवस्था का भी अंकन उप मुख्य पशु चिकित्सा द्वारा निरीक्षण पंजिका में की गई थी। एसडीएम सदर ने अपनी निरीक्षण आख्या में डॉ यूके सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मऊ द्वारा गौ आश्रय स्थल रणवीरपुर, विकासखंड परदहां के प्रति असंवेदनशील होने एवं अपने दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता बरतने तथा भ्रामक सूचना अंकित करने के कारण निलंबन करने के साथ ही विभागीय कार्यवाही किए जाने हेतु संस्तुति की।

# ईद पर्व पर बाजार में बढ़ने लगी रौनक

## कपड़ा सहित सेवइयों की खरीदारी में जुटे मुस्लिम बंधु



लालदरवाज स्थित कपड़े की दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक।



मिश्रबाजार में ईद पर्व पर सजी सेवईयां।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पवित्र रमजान के अंतिम दौर में ईद पर्व का उल्लास चहुंओर दिखने लगा है। कपड़े, सौंदर्य सामग्री, जूता, चप्पल के अलावा सेवई की खरीदारी में तेजी आई है। बड़ी संख्या में खरीदारों के पहुंचने से बाजारों में रौनक बढ़ गई है। कपड़ों व पर्व से संबंधित कई सामग्रियों के दाम में विगत वर्ष की तुलना में औसतन 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है लेकिन दुकानदारों के अनुसार इसका खरीदारी पर किसी भी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

चांद निकलने के आधार पर 22 या फिर 23 अप्रैल को ईद पर्व मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं। लगभग पूरे दिन बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बार नायरा सूट की खरीदारी महिलाएं जहां बढ़-चढ़कर कर रही हैं तो वहीं कढ़े हुए गरारा व शरारा की भी जमकर बिक्री हो रही है। कपड़ा व्यवसायी ने बताया कि सूट जहां दो हजार से चार हजार में बिक रहा है तो वहीं लगभग 10 हजार में गरारा व शरारा बिक रहा है। इसके अलावा बनारसी साड़ी की मांग भी है जो दो हजार से दस हजार में बिक रहीं हैं। गर्मी को देखते हुए चिकन व सिल्क के भी सूट की खरीदारी महिलाएं कर रही हैं।

रेडीमेड कपड़ा दुकानदार ने बताया कि कुर्ता की खरीदारी युवक बढ़-चढ़कर कर रहे हैं। कोलकाता, दिल्ली व लखनऊ के कुर्ते अपनी धमक बाजार में बनाए हुए हैं। कहा कि कपड़ों के दाम में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है लेकिन इसका खरीदारी पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

### सेवई की भी सज गई दुकानें

सेवई विक्रेता मोहम्मद अली ने कहा कि सादी सेवई 80 रुपये प्रति किग्रा., लच्छेदार सेवई 100 रुपये प्रति किग्रा. में बिक रही है तो सर्वाधिक बनारसी सेवई 120 रुपये में बेची जा रही है। छड़ वाली सेवई की कीमत 60 रुपये प्रति किग्रा. है। फेनी सेवई 100 रुपये प्रति किग्रा. में बिक रही है। इसके अलावा पापड़, चिप्स की भी बढ़ चढ़कर लोग खरीदारी कर रहे हैं।

## डीएम के निर्देश को निजी स्कूल संचालकों ने दिखाया ठेंगा

**सुहवल।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र में ग्रामीण अंचलो में संचालित निजी स्कूलों संचालक की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है, डीएम के सख्त निर्देश के बाद भी कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को आसमान से उगल रहे आग के बीच उनकी कक्षाएं संचालित कराई जा रही है। अभिभावकों व ग्रामीणों ने मांग किया कि ऐसे स्कूल संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए,मालूम हो कि अप्रैल महीनें में भीषण गर्मी व धूप के चलते जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने शासन के निर्देश पर कक्षा एक से आठ तक के सभी तरह सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों को अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया, ताकि पढने वाले छोटे-छोटे बच्चों को किसी तरह की समस्या से जूझना पड़े। मगर निजी स्कूल संचालक आदेश को ताक पर रख व बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में जुटे है,लोगों का कहना है कि अगर धूप लगने से किसी बच्चे की तबियत खराब हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। इस सम्बन्ध में बीईओ अशोक कुमार गौतम ने बताया कि अगर ऐसी कोई शिकायत या विद्यालय खुले पाए गये तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# रविंद्र हत्याकांड का हत्यारा गिरफ्तार

**सफलता**

### पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर लिया

**भांवरकोल।** रविन्द्र गौड़ हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय अपनी टीम के साथ रविन्द्र हत्याकांड में शामिल आरोपी की धर पकड़ में जुट गए थे। घटना के बाद से ही आरोपी के घर दबिश दी जा रही थी। इस बीच सूचना मिली की हत्या में शामिल अभियुक्त हरीनाथ यादव पुत्र राजेश यादव कहीं भागने की फिराक में है। जो मिजार्बाद बैंक मोड़ पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर गुरुवार को अभियुक्त को धर दबोचा। अभियुक्त के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी आला कत्ल बरामद किया गया।



भांवरकोल पुलिस के गिरफ्त में हत्यारोपी।

गौरतलब है कि, बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के बलुआ टप्पा शाहपुर गांव के अमलाख मौजे में एक अधेड़ का शव खून से लथपथ मिला है। धरमपुरा गांव निवासी रविन्द्र गौड़ (58) पुत्र सुदर्शन गौड़ का अपने पड़ोसियों के साथ दो दिन पूर्व मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते बीते मंगलवार की रात रविन्द्र की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। मृतक पिछले आठ वर्षों से वीरपुर गांव निवासी बंगा उपाध्याय के डेरे पर रहकर खेती-बाड़ी का कार्य करता था। वह बलुआ टप्पा शाहपुर गांव के अमलाख मौजे में झोपड़ी बनाकर रहता था। मंगलवार को भी खाना खा कर सोने चला गया। सुबह जब एक महिला खेती का सामान उस झोपड़ी में रखने गई तो देखा कि रविन्द्र खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ा है। जिसकी सूचना उसने मृतक के भतीजे को दी। मृतक के पुत्र मनोज गौड़ ने थाने में गांव के ही रहने वाले हरिनाथ यादव के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अपने बुआं के घर गाजीपुर आ रहे तीन युवकों की मालवाहक मैजिक गाड़ी और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। बतादें कि बुधवार की रात्रि आठ बजे संदीप पासवान पुत्र दशरथ पासवान, मिथिलेश बिंद पुत्र नंदलाल ,रामकिशन पुत्र मोहन उर्फ मंटू पुत्र विजय बिंदु पार्थी का भतीजा है। वह अपने बुआं के घर गाजीपुर से ग्राम मलिकपुरा जा रहा थे। अचानक जब मोटरसाइकिल आदिलाबाद चौमुहानी पर पहुंची तो अग्रवाल पेट्रोल पंप की तरफ से आ रही मैजिक मालवाहक मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। जिससे तीनों मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह घायल हो गए? राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म भेजा गया। जहां पर हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने संदीप पासवान 19 वर्ष को मृत घोषित कर दिया और मिथलेश बिंद (20) को वाराणसी रेफर कर दिया। अभी तक वाहन चालक के गिरफ्तार होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

# तीन प्रत्याशियों ने छोड़ा मैदान बाकी में टक्कर की संभावनाएं

**सेवराई।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत दिलदारनगर के नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन गुरुवार को समय सीमा समाप्त हो जाने तक अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। वही सभासद पद के लिए भाजपा के एक प्रत्याशी सहित कुल तीन प्रत्याशियों ने द्वारा नामांकन पत्र वापस लेने के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। सेवराई तहसील क्षेत्र के एकमात्र नगर पंचायत दिलदारनगर के चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के निर्दल प्रत्याशी गोपाल वर्मा ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इस तरह से अब अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 प्रत्याशियों में मुकाबला होना तय हो गया । सभासद पद के लिए वार्ड नंबर 11 रामनगर दिलदारनगर से भाजपा के प्रत्याशी मोनू द्वारा नामांकन पत्र वापस ले लिया गया। शास्त्री नगर वार्ड नंबर पांच से निर्दलीय प्रत्याशी प्रियंका कुमारी गुप्ता ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया।वही दिलदारनगर सदर बाजार वार्ड नंबर 8 से निर्दलीय प्रत्याशी सुनील द्वारा नामांकन पत्र वापस ले लिया गया। इसकी पुष्टि करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर व एसडीएम राजेश प्रसाद ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक व सभासद पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नाम वापसी के अंतिम समय तक नामांकन पत्र वापस लिया।

### शरीफ राईनी ने अध्यक्ष पद से लिया नाम वापस

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में गुरूवार को अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी शरीफ राईनी नाम वापस ले लिया। शरीफ राईनी बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं। वह लगातार पांच बार बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे हैं। इस बार बहुजन समाज पार्टी ने उनके स्थान पर सुभाष चौहान को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के इस फैसले से क्षुब्ध होकर उन्होंने निर्दल प्रत्याशी के तौर पर अपना पर्चा दाखिल किया था। जिसे आज उन्होंने वापस ले लिया।

# झुलसा रही वैशाख की तपन पारा पहुंचा 43 डिग्री

**अप्रैल के महीने में जून जैसी गर्मी ने छुड़ाए पसीने**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। अप्रैल के महीने में ही जून-जुलाई का अहसास होने लगा है। भीषण गर्मी में लोग घरों से बाहर निकलने कतरा रहे हैं। वहीं, गर्मी का असर खेती पर भी पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 21 अप्रैल से शहर का मौसम एक बार फिर करवट लेगा। उसके बाद अगले कुछ दिनों तक शहर के कई इलाकों में बादल छा सकते हैं। इसके बाद गर्मी बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अप्रैल के अंत तक लू के साथ तापमान में बढ़ोतरी होगी। वैशाख के महीने में तपन शरीर को झुलसा रही है। पारा 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। 10 दिन में पारे में नौ डिग्री तक का उछाल आ चुका है।

तापमान में लगातार आ रहे उछाल से हर कोई परेशान है। दोपहर के समय तो लोगों का चलना भी दूभर हो चला है। वैशाख का महीना लगने के साथ ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए। 9 अप्रैल को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री पर था। इसके बाद से पारा लगातार चढ़ता चला जा रहा है सुबह से ही मौसम में काफी गर्मी पड़ना शुरू हो गई है। दोपहर होने तक तो सूर्यदेव आग उगलने लगते हैं। लपट भरी हवा शरीर की झुलसाने लगी हैं। सुबह के समय पारा 35 डिग्री पर रहा। दिन चढ़ने के साथ पारा चढ़ता गया। दोपहर 2 बजे तक पास 43 डिग्री पर जा पहुंचा। सांय 5 बजे तक पारा इसी लेवल पर बना रहा। दोपहर के समय चली लपट भरी हवाओं से हर कोई परेशान दिखाई दिया। लोग घरों से बाहर निकलते समय अपने शरीर को अच्छी तरह से ढककर बाहर निकले। तमाम लोग छाता लगाकर भी बाहर निकले। इसके बाद भी उनको दिक्कतें महसूस हुई सांझ ढलने के बाद पारे में गिरावट तो आई, लेकिन लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। मध्य रात्रि तक पारा 31 डिग्री पर बना रहा, जिससे रात के समय भी लोगों को गर्मी सताती रही। कूलर पंखे में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली।

## ब्लॉक इकाई मरहद की बैठक संपन्न

**मरदह।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश तत्वावधान में ब्लाक ईकाई मरदह की बैठक कंपोजिट विद्यालय मरदह के परिसर में बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन पूर्व प्रदेश मंत्री डा.लहजू सिंह कुशवाहा ने सभी शिक्षक संगठनों से एकजुट होकर शैक्षिक संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। कहा कि अब समय आ गया है कि जनपद में भी शैक्षिक महासंघ को मजबूत किया जाए। वहीं उन्होंने सभी शिक्षक संगठनों से एकजुट होकर शैक्षिक महासंघ को मजबूत करने के लिए आह्वान किया। ये भी आश्वासन दिया कि शिक्षक की समस्या का संतोषजनक हल नहीं होने तक संगठन लड़ाई लड़ता रहेगा। बैठक में न्याय पंचायत स्तर पर एक प्रभारी शिक्षक को प्रमुख दायित्व संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई जो संगठन को गतिशील व मजबूत करने में मददगार होंगे।इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रामनक्षत्र यादव,विनय उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, रामआशीष शर्मा,विपिन सिंह,विभूति प्रसाद, उपेन्द्र कुमार,धनंजय सिंह, विवेक विक्रम,डब्लू कुमार,पंकज गुप्ता,दुर्गाप्रसाद गुप्ता,दुर्गेश देवी, धर्मराज सिंह,पुनीत सिंह,आदि मौजूद रहे।

# बीयर की दुकान के मालिकाना हक को लेकर प्रदर्शन

**रोष**

### नेपाल विमान हादसे में पति की हो गई थी मौत

जनसंदेश न्यूज



कासिमाबाद तहसील पर प्रदर्शन करते परिजन।

**कासिमाबाद।** तहसील मुख्यालय पर बीयर की दुकान के मालिकाना हक को लेकर एक पक्ष ने जमकर प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उप जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारी को जांच का आदेश दिया है।

सरकारी बीयर की दुकान नोनहरा थाना क्षेत्र के मामपुर ( कादीपुर) में संचालित है। दुकान के मालिकाना हक रामपुर माझा थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी संगीता जायसवाल के नाम से है। जबकि इस दुकान को पिछले पांच वर्षों से बरेसर थाना क्षेत्र की रागिनी जायसवाल चला रही है। इसके एवज में संगीता जायसवाल उसका लाभांश दी थी। इधर रागिनी जायसवाल ने मार्च महीने में दुकान की नवीनीकरण फीस जमा की थी। फीस जमा होते ही संगीता जायसवाल और उनके पति नागेंद्र जयसवाल दुकान अब अपना चलाना चाहते थे। वहीं रागिनी जायसवाल ने कहा कि अगर आपको दुकान चलाना था तो वार्षिक फीस और मार्च में नवीनीकरण के लिए फीस जमाकर दुकान चलाती। इन सभी बातों को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। गुरुवार को रागिनी जायसवाल अपने परिजनों के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। रागिनी जयसवाल की बात सुनकर एसडीएम अश्वनी पांडे ने आबकारी विभाग को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बतादें, रागिनी जायसवाल के पति सोनू जायसवाल की चार साथियों के साथ नेपाल विमान हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से ही पूरा परिवार बिखर गया था। आर्थिक रूप से भी काफी कमजोर हो गया है। प्रदर्शन करने वालों में राजेश्वरी देवी, मीरा देवी, कुसुम देवी, उषा देवी, पार्वती कुमारी, दुर्गावती देवी, मनसा, अनीता,सीता और प्रियंका मौजूद थी।

# मस्जिदों में होगी अलविदा की नमाज, पुलिस का रहेगा कड़ा पहरा



विशेश्वरगंज स्थित ईदगाह में नमाज की तैयारी।



मुहम्मदाबाद कोतवाली में पीस कमेटी के दौरान बुद्धिजीवी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** रहमतों और बरकतों का महीना रमजान खत्म होने वाला है। मुस्लिम भाई मस्जिदों में नमाज़ अदा कर रहेंगे। शुक्रवार को अलविदा का जुम्मा है सभी मुस्लिम भाई मस्जिदों में नमाज अदा करने जाएंगे, और अगर चांद 22 अप्रैल को दिखा तो देशभर में 23 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी,

अलविदा यानी जुमे की नमाज सड़कों पर नहीं होगी। इसके लिए सरकार ने खास ऐलान जारी किया है और लोगों से अपील की गई है। इस बार लोग अपने मोहल्ले की मस्जिदों में ही नमाज पढ़ें। जामा मस्जिद और ईदगाह में नमाज होगी। लेकिन मस्जिद और ईदगाह के अंदर जितने लोग आ जाएंगे, उतने ही लोग वहां नमाज पढ़ सकेंगे। बाकी ज्यादा संख्या होने पर लोग अपने-अपने मोहल्ले की मस्जिदों में नमाज अदा करें।


**क्या है अलविदा जुमा की नमाज :** अलविदा जुमा का मतलब होता है कि जुमा को अलविदा कहना. रमजान महीने में 4 जुमा यानी चार शुक्रवार पड़ते हैं. जिसमें से आखिरी जुमे को अलविदा जुमा के रूप में जाना जाता है. इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह से अपने या परिवार के लिए खास दुआ मांगते हैं. इसके साथ ही ईद मनाने की तैयारी जोरों-शोरों से शुरू हो जाती है।

### ईद पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, धर्मगुरुओं के साथ मंथन

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत ईद उल फितर त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में गुरुवार को संपन्न हुई। त्यौहार के मद्देनजर प्रशासन पूर्ण रूप से अलर्ट है अतः प्रशासन अपराध और अपराधियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए तत्पर तैयार है। बैठक में उप जिला अधिकारी भारत भार्गव, क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण ,कोतवाली प्रभारी घनानंद त्रिपाठी ,उप प्रभारी रामबचन चौधरी, एसआई राजीव त्रिपाठी ,चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह तथा अल्पसंख्यक समुदाय के धर्मगुरु तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारी व ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के नागरिक मौजूद थे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विरेंद्र राव भी उपस्थित रहे। उपस्थित नागरिकों के सम्मुख मस्जिद के आसपास साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों और धर्मगुरुओं को बताया कि नमाज सड़क पर नहीं पढ़ी जाएगी। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी नमाज मस्जिद के भीतर अदा होगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने उपस्थित नागरिकों को जलापूर्ति व साफ-सफाई को लेकर आश्वस्त किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की विवाद की आशंका होने पर तत्काल कोतवाली व संबंधित अधिकारियों को सूचित करने का दिशा निर्देश दिया। कुल मिलाकर व्यवहार को शांति प्रेम और भाईचारा के साथ ईद उल फितर मनाने की अपील की गई।

# खेत में डंठल जलाने से बाज नहीं आ रहे किसान

**गहमर।** खेतों में फसल की कटाई के बाद गेहूं का डंठल (अवशेष) जलाने से किसान बाज नहीं आ रहे हैं। यह हाल तब है, जब डंठल को खेत से निकालकर भूसा बनाने वाली मशीन आ गयी है। डंठल के खरीदार भी बाजार में हैं। इसके बावजूद डंठल जलाने से पर्यावरण तो प्रदूषित होता ही है साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो जाती है। किसान खेतों में फसल का अवशेष नहीं जलाएं इसे लेकर प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसको लेकर तहसील, विकास खं ड और ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि विभाग द्वारा शिविर लगा कर लोगों को जागरुक किया जाता है, लेकिन यहां जागरुकता अभियान का कोई असर नहीं दिख रहा है। तभी तो बेहिचक किसान खेतों में फसलों का अवशेष जलाने पर तत्पर रहते हैं। खेतों में फसलों का अवशेष जलाने की वजह से क्षेत्र के कई हिस्सों में आगलगी की घटनाएं भी घट चुकी हैं। देवकली गांव के घोसवल मौजा व बसुका गांव के पूरब तरफ गेहूं के डंठल (अवशेष) जलाने से भीषण आग लग गई। जिससे फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलानी पड़ी तब जाकर आग पर काबू पाया गया। नहीं तो आग गांव तक पहुंच जाती जिससे बड़ी तबाही मच सकता था। पिछले साल डंठल अवशेष जलाने से भदौरा-गहमर नहर बाईपास मार्ग मनियां व नेशनल हाईवे मार्ग पर सड़क के किनारे लगाए गए कई पेड़ भी जल गए थे। इस वजह से भयंकर अगलगी की नौबत आ गई थी। कृषि विभाग द्वारा खेतों में फसलों का अवशेष जलाने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की बात भी कही गई थी। फिलहाल किसानों पर प्रशासन के कड़े निदेशों का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। किसान खेतों में फसल अवशेष फूंकने के दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कराया जाता है।



गहमर गांव में किसानों द्वारा जलाया गया डंठल।

## संक्षेप

### एसडीएम के निधन पर शोकसभा



**कासिमाबाद।** नवागत एसडीएम अश्वनी पांडेय के नेतृत्व में गुरुवार को एसडीएम रहे वीर बहादुर यादव के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अधिकारी और सभी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में नवागत एसडीएम अश्वनी पांडेय ने कहा कि व्यक्ति का कर्म ही महान होता है और वही कर्म को लोग याद करते हैं। यही सच्ची श्रद्धांजलि होती है। वीर बहादुर यादव आज नहीं है लेकिन उनके सत्कर्म से सभी कर्मचारी और अधिकारी दुखी है। तहसीलदार जया सिंह ने कहा कि उप जिलाधिकारी के रूप में वीर बहादुर यादव हमेशा न्याय हित में काम किया। उन्होंने किसी को प्रताड़ित नहीं किया।इस अवसर पर अनुराग यादव, शेषमणि ,जितेंद्र यादव,सुस्मिता सिंह,प्रिया शर्मा,माधुरी राय,वरुण,संजीव, राजेश सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सिटी रेलवे स्टेशन पर बोगी इंडिकेटर पड़े बंद



**गाजीपुर।** सिटी रेलवे स्टेशन पर कोच की पोजिशन बताने के लिए लगाए गए कोच इंडिकेटर यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। जब से यह इंडिकेटर लगे हैं, यात्रियों को इनका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। गुरुवार की सुबह प्लेटफार्म नंबर दो पर लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस 7.55 बजे पहुंची तो प्लेटफार्म पर लगे सभी कोच इंडिकेटर बंद रहे। इसके बंद होने से यात्रियों को ट्रेनों में लगे कोच की पोजिशन पता करने में परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रेन का स्टॉपेज पांच मिनट का होने से यात्री इधर-उधर दौड़ते रहे। कुछ यात्री स्टॉल वालों से जानकारी करते रहे। यह स्थिति प्लेटफार्म नंबर दो, तीन से गुजरने वाली अधिकतर ट्रेनों की है। सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो और तीन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बोगी इंडिकेटर डिसप्ले लगे हुए हैं ताकि यात्रियों को ट्रेन के प्लेटफार्म पर पहुंचने से पहले अपने बोगी के सामने खड़े हो सकें और ट्रेन के पहुंचने पर उन्हें अपनी सीट के लिए ज्यादा भागदौड़ न करनी पड़े। जैसे ही ट्रेन की अनाउंसमेंट होती है, तभी बोगी इंडिकेटर पर संबंधित ट्रेन का नंबर व उसके बोगी की जानकारी डिसप्ले होने लग जाती है। मगर मौजूदा समय में यह बोगी इंडिकेटर बंद पड़े हुए है। इस वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिटी रेलवे स्टेशन पर रोजाना पैसेंजर, मेल व एक्सप्रेस सहित लगभग दो दर्जन ट्रेनों का आवागमन होता है और रोजाना रेलवे स्टेशन पर 15 से 20 हजार यात्रियों का आना जाना होता है। डिसप्ले बोर्ड न चलने संबंधी गंभीर समस्या की जानकारी रेल अधिकारियों को भी है, मगर इस संबंध में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। हालात ये बन गए हैं कि यात्रियों को ट्रेन के पहुंचने के बाद अपने बोगी को ढूंढ़ने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बंद पड़े इंडिकेटर दुरुस्त करवा दिए जाएंगे ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### अक्षय तृतीया को लेकर स्वर्ण व्यवसाइयों में खुशी

**गहमर।** तहसील सेवराई क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में अक्षय तृतीया की तैयारियां जोरों पर है। आभूषणों की दुकानों में इसकी विशेष तैयारी की गई है। विक्रेताओं ने नए डिजाइन के गहने मंगवाए हैं लेकिन मांग एंटीक डिजाइन के गहनों की ज्यादा है। सराफा बाजार को इस साल अच्छी खरीद की उम्मीद है। इस साल 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। पंडित रामाकांत पाण्डेय ने बताया कि दोपहर 12.01 बजे से 12.51 बजे तक अभिजीत मुहर्त में खरीदारी का योग है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को शुभ दिन माना जाता है। मान्यताओं के मुताबिक अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने पर उसके घर में धन संपदा भरा रहेगा। हिंदू धर्म के मुताबिक अक्षय तृतीया मांगलिक कार्यों के लिए विशेष महत्व है। इस तिथि में विवाह करना, गृह प्रवेश करना, आभूषण खरीदना, शुभ माना जाता है। इससे धन-संपत्ति में वृद्धि होती है। कई जगहों पर इस दिन आंवला के वृक्ष की पूजा भी की जाती है। लोग इस दिन आंवला के पेड़ के नीचे खाना बनाकर खाते हैं। स्वर्ण व्यवसायी पप्पू,रमेश,अजय कुमार वर्मा, नीतू वर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर आभूषणों की अच्छी खरीदारी होती है। दौरान ईद भी है और लगन भी आ रहा है। ऐसे में अच्छे व्यवसाय की संभावना है। डायमंड की ईयररिंग और मंगलसूत्र के अलावा सोने के एंटीक कलेक्शन की मांग है।

### वामदलों ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने पर सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** प्रदेश में ध्वस्त हो रही कानून व्यवस्था के खिलाफ वामदलों के प्रांतीय आंदोलन के तहत राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन के वामदलों की ओर से गुरूवार को जिलाधिकारी को दिया गया। 15 अप्रैल की रात में जिस तरह से दो लोगों की हत्या की गई। उसने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गहरा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई और पुलिस मुक दर्शक बनी रही।आराम से हमलावर खड़े रहे और जय श्रीराम का नारा बुलंद किये। यह घटना साबित करती है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। फिर सरकार के मंत्रियों एवं भाजपा नेताओं द्वारा दिये जा रहे बयानों से नफरत की भावना प्रगट हो रही है। संप्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही नहीं बलिया मे एक छात्र नेता को गुंडों द्वारा दौड़ा कर मार डाला गया। अपराधियों के खिलाफ कोई करवाही नहीं हुई। प्रदेश में कमजोर तबको,दलितों, अल्पसंख्यकों,और महिलाओं पर हमले,उनका उत्पीड़न निरन्तर बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में 183 इनकाउंटर हुए है। अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले राजनैतिक कार्यकर्ताओं पर मुकदमें दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। योगी सरकार न्यायपालिका के कार्यो को हाथ में लेकर खुद दंड दे रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्थ करने हेतु यथा शीघ्र कदम उठाये जायं और मुख़्यमंत्री सहित भाजपा के अन्य नेताओं के लोकतंत्र, संविधान विरोधी बयानों पर रोक लगाई जाय। पत्रक देने वालों अमेरिका सिंह यादव, जनार्दन राम, ईश्वरलाल गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, शशिकांत कुशवाहा,गुलाब सिंह,योगेंद्र भारती आदि रहें।

### झोपड़ियां जलकर खाक

**सैदपुर।** भीमापार स्थित अमुवारा में बीती रात को भीषण आग लग गई। जिसमें 3 लोगों की रिहायशी झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। अगलगी में राजेश गौड़ की मडई में आग लग जाने के कारण उनका गेहूं, चना, रहर, भूसा, साइकिल, चारपाई, चौकी, चारा मशीन आदि जलकर राख हो गई। वहीं सुरेश गौड़ की मडई में रखा आलू, गेहूं, भूसा, लहसुन, चना, कपड़ा, बिस्तर, नकदी आदि जलकर राख हो गया। इसी क्रम में रमेश गौड़ की मड़ई में रखा गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद आग बुझाया। वहीं आग लगने का कोई कारण पता नहीं चला।

### अगलगी में पांच बकरियां मरीं

**बाराचवर।** थाना बरेसर अन्तर्गत चौथीबांध गांव में गुरूवार की दोपहर में अज्ञात कारणों से अगलगी में छोटेलाल चौहान की दो झोपड़ी व एक खोप में आग लगने जल गया। झोपड़ी में बधी पांच बकरियां भी जलकर मर गई। एक बकरी झुलस गई। वही दो पड़िया भी झुलस गयी। घर गृहस्थी का सारा सामान तथा बक्से में रखा 15 हजार रूपया नगद जलकर स्वाहा हो गया है। उमाशंकर चौहान का चार खोप,मोहर चौहान का एक खोप,सियाराम चौहान का एक खोप भी जल गया। ग्रामीणो ने अथक प्रयास से गांव की गड़ही से पानी निकालकर आग पर काबू पा लिया। अन्य घरों एवं झोपड़ियों को जलने से बचा लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड गांव में पहुंची। मौके पर एसओ बरेसर भी अपने दल बल के साथ पहुंचे। झुलसे हुए पशुओं का इलाज राजकीय पशुचिकित्सालय बाराचवर के चिकित्सकों की टीम पहुंचकर दवा ईलाज की। समाचार लिखे जाने तक हल्का लेखपाल मौके पर नहीं पहुंची थी।

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**सैदपुर।** आगामी ईद, अलविदा की नमाज व निकाय चुनाव को लेकर सैदपुर कोतवाली पर गुरुवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम धर्मगुरु सहित क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु और गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान पुलिस के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने को लेकर, विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सभी ने हर हाल में आपसी भाईचारा बनाए रखने के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने में सहयोग का वादा किया। शांति समिति में पहुंचे क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष बंदना सिंह ने कहा कि ईद और होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है। इस दिन सभी गिले शिकवे भुला कर, गले मिलते हुए त्योहार मनाने की परंपरा रही है।

### उल्टी के साथ बुखार आए तो हो जाएं सजगः डॉ शिशिर

**गहमर।** इस बार वायरल बुखार के लक्षण भी मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। दोपहर में लू चल रही है। स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक के मद्देनजर एडवाइजरी भी जारी की है। गहमर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिशिर कपूर ने बताया कि उल्टी और बुखार होने तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। गर्मी बढ़ने के साथ अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

# यह समय एकजुट होने का है

समय-संदर्भ



**रविभूषण**

कुछ दिन पहले प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार 'द हिन्दू' के अपने लेख 'ऐन एनफोर्सड साइलेंस कैन नाट सॉल्व इंडियाज प्रोब्लेमस' में सोनिया गांधी ने विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका को व्यवस्थित ढंग से विघटित करने का आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार पर लगाया है। 16 मई 2014 के बाद भारत की राजनीतिक स्थिति पूरी तरह बदल गयी। सोलहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। तीस वर्ष पहले 1984 में मात्र दो सीट प्राप्त करने वाली भाजपा को इस चुनाव में 282 सीटें प्राप्त हुई थीं। उसका वोट 33 प्रतिशत था। कांग्रेस को उस समय 1984 में 404 सीट प्राप्त हुई थी। तीस वर्ष बाद लोकसभा चुनाव में उसे मात्र 44 सीट प्राप्त हुई। भारतीय मतदाताओं ने ऐसा निर्णय क्यों लिया? तीस वर्ष तक उसने किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं दिया था। केन्द्र में गठबंधन की सरकार बनती रही।

राजनीतिक परिस्थितियों का निर्माण राजनीतिक दल करते हैं। भारत में राजनीतिक दलों की कमी नहीं है। इस समय लोकसभा में 36 राजनीतिक दलों के सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 सीटें प्राप्त हुईं और कांग्रेस को मात्र 52। सभी राजनीतिक दलों की कुल सीटों से भी अधिक है भाजपा की कुल सीट। भाजपा केरल, तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश को छोड़ कर देश के सभी हिस्सों में फैल चुकी है। उसे विजयी बनाने और नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का सारा श्रेय उत्तर भारत के दस हिन्दी राज्यों - बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली को है, जहाँ से लोकसभा की कुल 225 सीट है। हिन्दी प्रदेश भाजपा का गढ़ है। यहाँ से एक प्रकार से कांग्रेस का सफाया हो चुका है और यहाँ के क्षेत्रीय दलों में एकता का अभाव है। 2014 के लोकसभा चुनाव में हिन्दी प्रदेश से भाजपा को 190 सीट और 2019 के चुनाव में 170 से अधिक सीट प्राप्त हुई थी। भाजपा का संबंध भारत के मतदाता से अचानक नहीं बना है। यह जिस आरएसएस की राजनीतिक शाखा है, उसने जनता के बीच अपनी पैठ बनायी है। दो वर्ष बाद 2025 आरएसएस अपनी जन्मशताब्दी मनायेगा और तब तक यह देश पूरी तरह बदल दिया जा सकता है। भाजपा की विचारधारा हिन्दुत्व, हिन्दू राष्ट्रवाद, आर्थिक उदारीकरण और अखण्ड, एकात्म मानवतावाद की है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति कायम करने में आरएसएस की प्रमुख भूमिका रही है। पिछले दो-तीन दशक से भारतीय राजनीति में हुआ परिवर्तन, एक गंभीर अध्ययन की माँग करता है। पश्चिम बंगाल में तीस वर्ष से अधिक वामदलों की सरकार थी। आज वहाँ की विधानसभा में माकपा का एक भी विधायक नहीं है। दस हिन्दी राज्यों से लोकसभा में कम्युनिस्ट पार्टी का एक भी सांसद नहीं हैं।

राजनीति अब राजनीतिक दलों और उनके सांसदों के लिए सबसे बड़ा 'निवेश' (इन्वेस्टमेंट) है। मुख्य सवाल यह है कि विधानसभा और लोकसभा का चुनाव क्यों लड़ा जाता है? क्या सचमुच चुनाव जनता के कल्याण के लिए, समाज के उन्नयन और तरक्की के लिए लड़े जाते हैं या अपने को अमीर और ताकत-सम्पन्न, बनाने के लिए? अब लोकसभा में करोड़पति और आरोपी अपराधी सांसदों की कमी नहीं है। 2007 की लोकसभा में जहाँ 150 सांसद करोड़पति थे, मात्र सात वर्ष बाद 2014 में उनकी संख्या बढ़कर 449 हो गयी। राज्य सभा के 90 प्रतिशत से अधिक सांसद करोड़पति हैं। दूसरी ओर बेरोजगारी बढ़ रही है और आज भी भारत की जनता 'रोटी, कपड़ा और मकान' की माँग कर रही है। फिलहाल भारतीय लोकतन्त्र मोदी-शाह-तंत्र के हवाले है। 2014 में 'डेमोक्रेसी इंडेक्स' में, भारत, दुनिया में 27वें नम्बर पर था, जो नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2020 में 51वें नम्बर पर आ गया। अब भारतीय लोकतंत्र 'फ्लावड लोकतंत्र' है - 'त्रुटिपूर्ण लोकतंत्र'। 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले ही नरेन्द्र मोदी ने 'कांग्रेस मुक्त भारत' की बात कही थी, जिसका सीधा अर्थ 'विपक्षमुक्त भारत' से है। यह स्लोगन लोकतंत्र विरोधी है। भारत में फिलहाल विपक्षहीन लोकतंत्र है। संसद में और संसद के बाहर सभी विपक्षी दल एक जुट नहीं हैं। राहुल गांधी के प्रश्नों का संसद में सरकार और प्रधानमंत्री ने कोई उत्तर नहीं दिया है। कोरोना के बाद भी 'मुँह बन्दी' है, सवाल पूछने पर मनाही है। अभिव्यक्ति की आजादी समाप्त की जा रही है। आज का भारत भारतीय नागरिकों का भारत न होकर मोदी का भारत है। दो वर्ष पहले क्रिस्टोफे जैफ्रला कर्र की पुस्तक प्रकाशित हुई है- 'मोदीज इंडिया : हिन्दू नेशनलिज्म एण्ड द राइज ऑफ एथनिक डेमोक्रेसी'। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'इंडियाज डिवाइडर इन चीफ', कहा गया है। उनके कार्यकाल में 'लिंचिंग' शुरू हुआ, 'विपक्ष मुक्त भारत' की बात कही गयी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बाधित की गयी, प्रश्नकर्ताओं, लेखकों, बुद्धिजीवियों को 'राष्ट्रद्रोही', 'अर्बन नक्सल' और 'माओवादी' कहा गया, संवैधानिक-लोकतान्त्रिक संस्थाएं कमजोर की गयीं, मुसलमान अपने ही देश में दोयम दर्जे के नागरिक बने और 'भारतीय राष्ट्र' अब 'हिन्दू राष्ट्र' बनने की दिशा में है।

विपक्षी दलों में एकता के अभाव ने भी आज के भारत का यह स्वरूप निर्मित किया है। कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार और कदाचार से मुक्त नहीं हैं, हमाम में सब नंगे हैं। उनमें देश की सही चिंता और नागरिकों की फिक्र बहुत कम है। अनेक विपक्षी नेताओं की चाह प्रधानमंत्री बनने की है। निज चिन्ता सर्वोपरि है, देश चिंता गौण है। भाजपा का क्षेत्र - विस्तार और प्रभाव व्यापक होता गया है। बेरोजगारी, हो या महँगाई का मुद्दा, राजनीतिक दलों ने सड़कों पर उतर कर लगातार प्रदर्शन नहीं किये हैं। भय का माहौल बनाया गया है और सब भयग्रस्त होते रहे हैं। ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स के छापे की चिन्ता नेताओं में है। जनता को जोड़ने और एकजुट करने वाली शक्तियाँ कम हैं, नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता का मनोविज्ञान अच्छी तरह समझ लिया है। राजनीतिक दलों के वास्तविक चेहरों से वे सुपरिचित हैं। इस स्थिति में आरएसएस और कॉरपोरेट को एजेंडा लागू किया जा रहा है। अडानी के यहाँ ईडी ने अपने पाँव नहीं रखे हैं। क्षेत्रीय दल एक जुट नहीं हैं। गठबंधन और महागठबंधन बार-बार होता है, बनता और टूटता है। लोकतंत्र और संविधान संकट ग्रस्त है। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं कर रही हैं। संविधान ने उन्हें जो शक्तियां दी हैं, उनकी उपेक्षा कर सब अपना हित साधने में लगे हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने 'on liberty' पुस्तक के आरंभ में ही सत्ता और स्वतंत्रता के बीच संघर्ष की बात कही है। उन्होंने सरकार की निरंकुशता और तानाशाही को नागरिकों की स्वतंत्रता के द्वारा नियंत्रित करने की आवश्यकता बतायी थी। भाजपा की सरकार बहुमत में है। भारत में अभी 'Majoritarian government' (बहुसंख्यक की सरकार) है। मिल ने बहुमत की निरंकुशता को सरकार की निरंकुशता और तानाशाही से अधिक खतरनाक माना है। अंबेडकर ने 25 नवम्बर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में यह कहा था झ ₹क्या भारतीय देश को अपने मताग्रहों से ऊपर रखेंगे या उन्हें देश से ऊपर समझेंगे? मैं नहीं जानता झ यदि पार्टियां अपने मताग्रहों को देश से ऊपर रखेगी तो हमारी स्वतंत्रता संकट में पड़ जाएगी और संभवतः वह हमेशा के लिए खो जाए। हम सबको अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस संभावना से बचना है। हमें अपने खून की आखिरी बूंद तक स्वतंत्रता की रक्षा करनी है।₹ हमने राजनीतिक दलों ने उनकी चेतावनी नहीं सुनी। उन्होंने अपने इस भाषण में जॉन स्टुअर्ट मिल के इस कथन की याद दिलायी थी झ ₹अपनी स्वतंत्रता को एक महानायक के चरणों में भी समर्पित न करें या उस पर बिश्वास करके उसे इतनी शक्तियाँ प्रदान न कर दें कि वह संस्थाओं को नष्ट करने में समर्थ हो जाए।₹

संस्थाएं नष्ट की जा चुकी हैं। महाशासक के चरणों में भय से ही सही, अधिकांश लोग झुक चुके हैं। बचे हुए लोग और संगठन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरन्तर प्रयत्नशील और संघर्षशील हैं। इस समय संविधान की रक्षा करना सभी भारतवासियों का कर्तव्य है- विशेषतः शिक्षित, प्रबुद्ध भारतीय जनों का। भारतीय गणराज्य का संविधान 2 वर्ष 11 महीने, 18 दिन की कुल 114 दिनों की बैठक में तैयार किया गया है। 3 जून 1947 को लार्ड माउंट बेटन ने भारत विभाजन की घोषणा की थी। उस समय धर्म के आधार पर पाकिस्तान की तरह भारत को भी धार्मिक राष्ट्र (हिन्दू राष्ट्र) बनानेवाले भी थे, पर अम्बेडकर और नेहरू ने हिन्दू राष्ट्र के विचार को खारिज किया था। सरकार के राष्ट्रपति फॉर्म को भी खारिज किया गया था और अब हाईकोर्ट के जज भी यह कहते हैं कि भारत को हिन्दू राष्ट्र होना चाहिए था। भारतीय संविधान हिन्दू राष्ट्र होने में बाधक है। संविधान के अनुसार भारत एक सेकुलर राष्ट्र है। आरएसएस भाजपा का पैतृक संगठन है - एक हिन्दू राष्ट्रवादी, अर्ध सैनिक स्वयंसेवक संगठन। आरएसएस ने कभी भारतीय संविधान और तिरंगे का सम्मान नहीं किया है। राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसके सबसे लम्बे समय तक सर संघ चालक रहे गोलवलकर ने अपनी पुस्तक झ 'बँच ऑफ थॉट्स' में देश के तीन 'आंतरिक शत्रुओं' (इंटर्नल एनेमीज) को चिह्नित किया है। मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट इनके अनुसार भारत के शत्रु हैं। संविधान बनने के समय ही आरएसएस के अंग्रेजी मुखपत्र झ 'आर्गनाइजर' में इसका विरोध किया गया था। आज भारतीय लोकतंत्र और सेकुलर भारत के सामने चुनौतियाँ हैं। आरएसएस लोकतांत्रिक संगठन नहीं है। इसकी आस्था 'हिन्दुत्व' में है, न कि 'सेकुलरिज्म' में मोदी और भाजपा सरकार ने मुस्लिम बहुल जम्मू कश्मीर राज्य को तीन भागों में विभाजित कर केन्द्रशासित बना दिया। आरएसएस के प्रमुख नेताओं ने संविधान का विरोध किया है। 1949 में गोलवलकर ने अपने एक भाषण में, कहा था - ₹संविधान बनाते समय अपने 'स्वत्व' को, अपने हिंदूपन को विस्मृत कर दिया गया... देश में विच्छेद उत्पन्न करने वाला संविधान बनाया गया। हममें एकता का निर्माण करने वाली भावना कौन-सी है, इसकी जानकारी नहीं होने से ही यह संविधान एक तत्त्व का पोषक नहीं बन सका। एक देश, एक राष्ट्र तथा एक ही राज्य की एकात्म शासन रचना स्वीकार करनी होगी।₹ गोलवलकर को 'मनुस्मृति' का संविधान पसन्द है। उनके सिद्धांत फासिस्टों से मेल खाते हैं। अब यह बात खुलकर कही जा रही है, कि भारत फासिज्म के रास्ते पर बढ़ चुका है, इसे रोकने वाले राजनीतिक दल और संगठन कहाँ हैं? उनकी एकता सुदृढ क्यों नहीं हो रही है?

भारत वासियों का भविष्य खतरे में है। इस देश को एक रंग - भगवा रंग में रंगने की लगातार कोशिशें हो रही है। आरएसएस की जन्मशती तक भारत को घोषित अघोषित रूप में हिन्दू राष्ट्र बना देने की सारी तैयारियाँ की जा रही हैं। इतिहास बदला जा रहा है। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हम 2014 में केवल सरकार बदलने नहीं आए थे। वे आठ सौ वर्ष के भारत को बदलना चाहते हैं। सैकड़ों इतिहास-ग्रन्थ तैयार किये जा रहे हैं। जन मानस को हिन्दू मानस में बदला जा रहा है। आज भारत में भारत की रक्षा का सवाल प्रमुख है। भारत की रक्षा का अर्थ है भारत की विविधता की रक्षा। हमारा देश बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहु सांस्कृतिक है। इसी कारण हमारी 'हस्ती' नहीं मिटी। आज उस हस्ती को मिटाने वाली शक्ति सत्ता में है। इस समय भारतीयों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। भय, आतंक, घृणा, हिंसा, अविश्वास का चारो और माहौल है, जिसे बदलने की जरुरत है। राजनीतिक दल ही नहीं, प्रबुद्ध जन भी सोचें और सक्रिय हों। विभाजनकारी शक्तियों के खिलाफ यह समय एकजुट होने का है। इस कर्ममय संसार में हमें कर्मरत होना होगा। ₹यह खामोशी कहाँ तक? लज्जत-ए-फरियाद पैदा कर/जमीं पर तू हो और तेरी सदा हो आसमानों में/न समझोगे तो मिट जाओगे ए हिन्दोस्ताँ वालों!/तुम्हारी दास्ताँ तक भी न होगी दास्तानों में।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# मुहम्मद ताहिर को यूं भुला देना ठीक नहीं

शख्सियत



**जाहिद खान**

मुहम्मद ताहिर बीती सदी के छठवें-सातवें दशक के जाने-पहचाने कथाकार रहे हैं। उन्होंने इन दो दशकों में खूब़ कहानियां लिखीं। इस दरमियान उनकी तकरीबन सौ से ज्यादा कहानियां प्रकाशित हुईं। कवच और एक उदास खुशी, इन दो कहानी संग्रह में मुहम्मद ताहिर की कुछ कहानियां संकलित हैं। इनमें से कई का अनुवाद अन्य भारतीय भाषाओं में भी हुआ। बाकी कहानियां तमाम पत्र-पत्रिकाओं में बिखरी पड़ी हैं, जिनको संकलित किया जाना बेहद जरूरी है। एक दौर था, जब वे हिंदी की तमाम प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं से लेकर लोकप्रिय मैगजीनों में भी सम्मान के साथ छपते थे। लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि उनका रचनाकर्म रुक गया, कलम थम गई और उन्होंने खुद़ ही कहानी लेखन से किनारा कर लिया।

मुहम्मद ताहिर की पहली कहानी इलाहाबाद से निकलने वाली अपने समय की प्रसिद्ध पत्रिका कहानी में छपी थी। जिसके संपादक श्रीपत राय थे। इसके बाद 'धर्मयुग', 'नीहारिका', 'कंचनप्रभा', 'जाह्नवी', 'अर्पणा', 'अनिता', 'सरिता' और 'साक्षात्कार' समेत उस दौर की सभी बड़ी पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कहानियां न सिर्फ. प्रकाशित हुईं, बल्कि उन्हें व्यापक सराहना भी मिली। उस वक्त आलम यह था कि आम पाठकों को उनकी कहानियों का इंतजार रहता था। खास तौर से महिला पाठकों में मुहम्मद ताहिर, काफी मकबूल थे। इस मकबूलियत की वजह उनका सीधा-सादा कहन, भाषा-शैली और आम भारतीय परिवारों के सुख-दुःख, उनके जीवन संघर्षों से तारतम्य बिठाना था।

मुहम्मद ताहिर, पारिवारिक और मानवीय संबंधों की सीधी-सादी कहानियों के नायाब कथाकार थे। जो अपनी कहानियों को बड़े ही सहजता से बुनते थे। उनकी कोई भी कहानी उठा कर देख लीजिए, अपनी शुरूआत से ही वह पाठकों को बांध लेती है। कहानी का आगाज वे कुछ इस अंदाज में करते हैं कि पाठकों की दिलचस्पी कहानी के आखिर तक बरकरार रहती है। कहानी कहीं भी बीच में बोझिल नहीं होती। एक रवॉ-दवॉ अंदाज में कहानी आगे बढ़ती है। ख़्वाह-मखाह के नरेशन और किरदारों के गैऱ–जरूरी चित्रण से वे बचते हैं। आम–फहम जबान और सादा–बयानी उनकी कहानियों की खासियत है। बेवजह के प्रयोग और भाषाई क्लिष्टता से उन्होंने हमेशा परहेज किया। एक आम पाठक सदा उनकी निगाह में रहा और इसी बात को मद्देनजर रखकर, वे अपनी कहानी को आकार देते थे। उनकी कहानियों में न तो अनावश्यक विस्तार होता है और न ही वे भारी-भरकम संवादों से पाठकों को चौंकाने की कोशिश करते हैं। मुहम्मद ताहिर की कहानियों को पढ़ें, तो जिस माहौल और किरदारों की वे बात करते हैं, वह आंखों के सामने ज़िंदा हो जाते हैं। यही एक अच्छे किस्सा–गो की पहचान है।

5 जुलाई, 1939 को उत्तर प्रदेश के कस्बा चुनार जिला मिजार्पुर में जन्मे मुहम्मद ताहिर ने ज़िंदगी के आखिरी चार दशक अपने परिवार के साथ खामोशी से गुजारे। इस दरमियान वे लेखन से बिल्कुल दूर रहे। इस हद तक कि उनके कहानीकार की पहचान ही लुप्त हो गई। उनकी पीढ़ी के रचनाकारों को छोड़कर, नई पीढ़ी मुहम्मद ताहिर के लेखन से अंजान ही रही। 1 सितम्बर, 2022 को लखनऊ में उनके इंतिकाल की खबर, जब सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंची, तब उन्हें मालूम चला कि मुहम्मद ताहिर एक आला दर्जे. के कथाकार भी थे। उनके साथ के रचनाकारों ने उन्हें जिस शिद्दत के साथ याद किया, उससे नई पीढ़ी को मुहम्मद ताहिर के साहित्यिक कद का एहसास हुआ। मुहम्मद ताहिर की बात हुई, तो उनकी कहानियों का भी जिक्र आया। यह भी मालूम चला कि अपने जमाने में यह कथाकार कहां-कहां प्रकाशित होता था। मुहम्मद ताहिर की कहानियों के विषय, भाषा, शिल्प और शैली पर बात हुई। बावजूद इसके हिंदी की तमाम पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कहीं कोई खास चर्चा या उन पर केन्द्रित लेख नहीं आए। यह वाकई हैरत–अंगेज है। जिस कहानीकार की पहली कहानी, श्रीपत राय जैसे हिंदी के प्रतिष्ठित संपादक ने प्रकाशित की हो, और बाद में भी उनकी कहानियां हिंदी साहित्य की बड़ी पत्रिकाओं में सम्मान के साथ प्रकाशित हुई हों, उनके साथ हिंदी साहित्य जगत का यह उपेक्षापूर्ण और उदासीन रवैया, निराश ही करता है।

खैऱ, अब बात मुहम्मद ताहिर की कुछ कहानियों की, जो मेरी नजर से गुजरीं। जैसा कि मैंने अपने इस लेख की इब्तिदा में कहा, मुहम्मद ताहिर ने ज्यादातर पारिवारिक और मानवीय संबंधों पर ही अपनी कलम चलाई है। वे बड़ी ही सिद्धहस्तता से इन कहानियों को रचते थे। मध्यम वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग हमेशा उनकी कहानियों के केन्द्र में रहा। नौकरीपेशा लोगों और महिलाओं की समस्याओं को वे गहन संवेदनशीलता से उभारते हैं। खास तौर से महिलाओं की समस्याओं, उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं के प्रति वे बेहद संवेदनशील नजर आते हैं। 'संबंधों की वापसी', 'सम्बल', 'आशंका', 'धुंधला पड़ता हुआ साइनबोर्ड', 'कुलच्छिनी' आदि उनकी कहानियां नायिका प्रधान हैं। जिसमें वे महिलाओं के अंतर्मन की गांठों को बड़े ही विशेषज्ञता से खोलते हैं। कहानी 'धुंधला पड़ता हुआ साइनबोर्ड' की मुख्य पात्र मिस रेखा, वास्तव में एक विधवा हैं। उसके पति की एक रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई है। वह अपनी पुरानी बातों को बिसरा कर, अच्छी खासी नौकरी कर रही है कि उसकी ज़िंदगी में अचानक भूचाल आ जाता है। मिस रेखा के ऑफिस के बड़े बाबू, जो खुद़ भी विधुर हैं, उसके सामने शादी का प्रस्ताव इस अंदाज में रखते हैं कि वह इंकार नहीं कर पाती। इस कहानी में लेखक ने बड़े कुशलता से ऑफिस का परिवेश निर्मित किया है। महिला सहकर्मी के प्रति पुरुष सहकर्मियों का क्या रवैया और नजरिया रहता है, उसे भी वे बखूब़ी दशार्ते हैं। चूंकि मुहम्मद ताहिर खुद़, एक सरकारी नौकरी में रहे, इसलिए ऑफिस की आंतरिक राजनीति और उसकी उठा-पटक से अच्छी तरह से वाकिफ थे। लिहाजा उनकी कहानियों में सरकारी कार्यालयों और उनके कर्मचारियों की मनोदशा का बढ़िया चित्रण दिखाई देता है। कहानियों को पढ़कर, लगता है कि "हां, इन ऑफिसों में ऐसा ही तो होता है।"

'बदला' एक आदर्शवादी और प्रेरणादायक कहानी है। मुहम्मद ताहिर ने बड़े ही खूबसूरती से इस कहानी में उत्कृष्ट जीवन मूल्यों और समाज में भलाई का संदेश दिया है। 'फरियाद' मुहम्मद ताहिर की अपेक्षाकृत एक छोटी सी कहानी है। इस कहानी में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली और लालफीताशाही पर निशाना है। गोपीचन्द को रिटायर हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन न तो उनकी पेंशन मिलना शुरू हुई है और न ही उन्हें अपने फंड का पैसा मिल पा रहा है। इस काम के लिए वे अपने ऑफिस के अनेक चक्कर काट चुके हैं। लेकिन उनका काम पूरा होने को नहीं आ रहा। ऑफि स का चपरासी उन्हें कई बार समझाता है कि वे बाबू कामता प्रसाद को कुछ खर्चा-पानी (रिश्वत) देकर, अपना काम आसानी से करवा सकते हैं। लेकिन अपनी पूरी सर्विस के दरमियान ईमानदार और कर्त्तव्यनिष्ट रहे, गोपीचन्द को यह बात बड़ी अजीब लगती है कि जिस ऑफि स से वे रिटायर हुए, वहां ही उन्हें अब रिश्वत देकर अपना काम कराना होगा। वे इस बात की शिकायत, बड़े बाबू को करने के इरादे से उनके घर पहुंचते हैं। लेकिन गोपीचन्द, पूरी तरह से निराश हो जाते हैं, जब वे यह देखते हैं कि बाबू कामता प्रसाद ने तो बड़े बाबू को पहले ही तरह-तरह के तोहफे देकर, साध रखा है। वह हताश स्वर में अपने नाती से कहते हैं, "चल पप्पू बेटा चलें। यहां फरियाद करना बेकार है।" यह कहानी कोई चार दशक पुरानी है, लेकिन सरकारी ऑफिसों के काम–काज में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। बल्कि हालात अब तो और भी ज्यादा बदतर हैं। रिश्वत, अब वहां आम है। मुहम्मद ताहिर, अपने समय में आ रहे इस बदलाव को करीब से देख रहे थे। 'फरियाद' कहानी में उन्होंने इसी बात की संजीदगी से शिनाख़्त की है। छोटी सी यह कहानी, अपने कहन और कंटेंट के स्तर पर वाकई बेहद प्रभावशाली कहानी है।



'पराजय', एक कर्त्तव्यनिष्ट और ईमानदार अफसर वर्मा जी की कहानी है, जो अपनी तमाम आर्थिक परेशानियों के बाद भी ईमानदारी से नाता नहीं तोड़ते। कमर्शियल टैक्स के बैरियर पर उनके सामने रिश्वत लेने के कई मौके.आते हैं, मगर वे ईमानदारी के साथ रोज अपना काम निपटाते हैं। लेकिन पारिवारिक परेशानियों और अपनी आर्थिक जरूरतों के आगे एक दिन वे हार जाते हैं। वे आखिरकार, रिश्वत के लिए हां कर देते हैं। वे रिश्वत जरूर ले लेते हैं, मगर अपने आप को पराजित महसूस करते हैं। मुहम्मद ताहिर, यहीं कहानी का अंत कर देते हैं। वर्मा जी का यह रवैया सही है या गलत ?, इसका फैसला वह पाठकों पर छोड़ देते हैं। मुहम्मद ताहिर की किसी भी कहानी को पढ़ें, उसे पढ़कर उनके एक कुशल किस्सागो होने का एहसास होता है। उनके पास न सिर्फ.एक अच्छी कहानी कहने का हुनर था, बल्कि एक सधी हुई भाषा भी थी। वे बड़े ही सहजता से अलग-अलग विषयों पर कहानी लिखने की महारथ रखते थे। अफसोस, उन्होंने अपना रचनाकर्म जारी नहीं रखा। यदि वे कहानी के मैदान में आगे भी रहते, तो उनके अदबी खजाने से और भी कई बेश–कीमती एवं संदेशात्मक कहानियां बाहर निकल कर सामने आतीं।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

जनसंपादकीय

# ईद का मतलब है खुशी

**नाइश हसन**



कहते हैं सबसे पहली ईद तब मनाई गई थी जब सन् 624 में अरब में बद्र की लड़ाई पैगंबर मोहम्मद ने जीत ली थी। वो दिन धूम धाम से मनाया गया था और उसके 8 दिन बाद बाकायदा तौर पर जश्न हुआ था, इसके अलावा इब्राहीम के बारे में कहा जाता है कि उन्होने ईद तब मनाई थी जब नमरूद की जंग की आग ठंडी पड़ गई थी। मूसा ने उस रोज ईद मनाई थी जिस रोज फिरऔन के जुल्म से निजात मिली। ईसा की उम्मत उस दिन ईद मनाती है जिस दिन हजरत ईसा पैदा हुए थे, और मुसलमान रमजान का महीना खत्म होने की खुशी में ईद मनाते हैं।

इस ऐतिहासिक संदर्भ से देखा जाए तो ईद किसी त्यौहार का नाम नहीं है। इसका मतलब खुशी से है। किसी भी समुदाय की ईद हो सकती है मसलन दीवाली हिंदुओं की ईद है। बड़ा दिन ईसाइयों की ईद है, लोहड़ी सिक्खों की ईद है वगैहर वगैरह।

ऐसे अनेको उदाहरण मिलते हैं। एक बार पैगंबर मोहम्मद हबशा (अब इथियोपिया) के कुछ कबाइलियों के पास गए, उस दिन वो कबायली नाच-गा रहे थे और कुछ कर्तब दिखा रहे थे, किसी ने उन्हें ऐसा करने से रोका, उस पर पैगंबर ने कहा कि उन्हें न रोको आज उनकी ईद का दिन है। इसी प्रकार ईसा मसीह भी एक बार अपने कुछ साथियों को खाना खिला रहे थे, वहां भी ये शब्द आया कि आज हमारी ईद का दिन है। इसी लिए आप देखेंगे कि अरब में ईद की नमाज के लिए अलग से ईदगाह जैसी इमारत बनाए जाने का चलन नहीं मिलता। वहां मस्जिदों में ही ईद की नमाज भी अदा की जाती है, जबकि भारत, पाकिस्तान सहित कुछ मुल्कों में ईद की नमाज के लिए अलग से ईदगाह बनाए जाते हैं। ईद शब्द अरबी के ऊद और औद शब्द से बना है। जिसका मतलब होता है लौटना या फिर आना। ईद शब्द खुशी और प्रसन्नता के लिए भी प्रयोग किया जाता है।

ये तो था ऐतिहासिक संदर्भ, आज के दौर की बात करें तो मुस्लिम त्यौहारों में सबसे बड़ा त्यौहार है ईद। ये ईद साल में दो बार आती है। एक का नाम है ईद-उल-फित्र या ईद-उल-फितर और दूसरी ईद का नाम है ईद-उल-जुहा।

पहली ईद जो अब जल्दी ही आने वाली है वो रमजान के तीस रोजे मोकम्मल होने की खुशी में मनाई जाती है। रमजान रम्जा शब्द से बना है जिसका मतलब अरबी में होता है जलना। यह मुमकिन है कि इसका नाम रमजान इस लिए रखा गया होगा क्योंकि अरब में तेज धूप होती थी, रोजे इंसान को अंदर तक तपा देते थे और कहते हैं रमजान में हमारे अंदर के गुनाह जल जाते हैं। इन दिनों रोजे. चल रहे हैं हालाकि इस बार गर्मी ज्यादा शिद्दत की नहीं हो रही है। ये रोजदारों के लिए बहुत राहत की बात भी है।

अब हम बारी-बारी से दोनो ईद के बारे में जानेंगे। अभी जो गालेबन 22 या 23 अप्रैल को ईद आने वाली है, वो है ईद-उल-फित्र उस दिन तीस रोजे पूरे हो जाएंगे। ये खुशी का त्यौहार है। तीस रोजे पूरे होने के बाद लोग खुशी बांटते हैं। इसे ईद-ए-सगीर या ईद-ए-सदका भी कहते हैं। यह हिजरी सन के दसवें महीने शव्वाल का पहला दिन होता है। जैसा कि आप जानते हैं कि इस्लामी वर्ष चांद के देखने से शुरू होता है। रमजान के पूरे महीने लोग बहुत इबादत करते हैं। रमजान के महीने में ही पवित्र धर्म ग्रंथ कुरान नाजिल हुई थी, इस लिए भी इस महीने का बहुत महत्व है। यह माह आत्म संयम, आत्म अनुशासन और साधना का होता है। जिस दिन चांद दिखाई देता है उसके अगले दिन ईद मनाई जाती है। उस रोज सुबह सवेरे नौ बजे तक ईद की नमाज पढ़ी जाती है। लड़कियां नई चूड़ियां और नए कपड़े जरूर पहनती हैं। घर के सारे फर्द ही नए कपडे.पहनते हैं। इस दिन खुशबू, इत्र वगैऱह की खास अहमियत होती है। किमामी सेवईयां, शीर कोरमा और बहुत से पकवानों से दस्तरखान रौनक अफरोज नजर आता है। जैसा कि इसके नाम से ही जाहिर होता है ईद-उल-फित्र या फितरा एक प्रकार का दान जो रमजान के रोजे पूरे हो जाने की खुशी में दिया जाता है। ईद की नमाज अदा करके लोग घर आते हैं और लजीज पकवान खाते हैं। एक दूसरे से गले मिलते है। बच्चों को बड़े पैसे देते हैं जिसे ईदी कहते है। ईद वैसे तो एक धार्मिक त्यौहार है लेकिन इस दिन सभी धर्मो के लोग अपने मुसलमान मित्रों को ईद की मुबारकबाद देते हैं और आकर गले मिलते हैं।

अब बात करते है दूसरी ईद की, इसे ईद-उल-जुहा कहते है। वैसे इस ईद का महत्व पहली ईद से भी ज्यादा माना गया है। इस लिए इसे ईद-ए-कबीर भी कहा जाता है। कबीर का अर्थ है बड़ा, ईद का अर्थ है खुशी, प्रसन्नता, पलटना या लौट कर आना। इसे बकरीद भी कहते हैं। बकर का अर्थ है गाय या बैल। यह दिन सेक्रीफाइज का दिन या कुरबानी का दिन भी कहा जाता है।


भारत में बकरीद नाम ज्यादा प्रचलित है, परंतु अरबी में ईद-उल-जुहा यानी कुबार्नी का दिन नाम ज्यादा ही प्रचलित है। कुबार्नी से संबंधित होने के कारण इसे ईद-ए-कुरबां भी कहते हैं। अरब में ऊंट की कुबार्नी होती है, इस लिए इसे यौमुन्नहर भी कहा जाता है। यौम का अर्थ दिन और नहर का अर्थ ऊंट यानी ऊंट की कुबार्नी का दिन। मिस्त्र और तुर्की में इस त्यौहार को ईद-ए-बैरूम यानि आनंदोत्सव, खुशी का त्यौहार कहते हैं।

इस्लामिक कैलेंडर में इस माह का नाम जिल हिज मास है। इस महीने में हज करने के लिए तमाम लोग दुनिया भर से मक्का जाते हैं। हज ईद-उल-जुहा से एक दिन पहले होता है। ईद-उल-जुहा मनाए जाने का एक कारण और बताया जाता है। कहते हैं इस दिन खुदा ने अपने नेक बंदे और पैगंबर, इब्राहीम की परीक्षा ली थी और कहा था कि जो चीज तुम्हें संसार में सबसे ज्यादा पसंद हो उसे मेरे लिए कुर्बान कर दो। उन्होने अपने प्रिय बेटे इस्माइल को कुर्बान करने का इरादा कर लिया था। उनके इस इरादे मात्र से खुदा प्रसन्न हुआ और इस तरह से वो परीक्षा में खरे उतरे और तभी से ये त्यौहार मनाया जाता है।

तो ये थी जानकारी ईद के बारे में। अब चंद दिनों का इंतेजार है, ईद अनकरीब है। अपने सारे गिले-शिकवे मिटा कर लोग एक दूसरे के गले लगेंगे। नफरत को मिटा फिर मोहब्बत की इबारत लिखी जाएगी, जो इस देश की सबसे अहम जरूरत है। ईद अपने साथ खुशियां और अमन लेकर आएगी, ऐसी दुआ तो हम कर ही सकते है।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सोशल ऐक्टिविस्ट हैं)**

## बिगड़े हैं तेवर नगर के !



इस कदर बिगड़े हैं तेवर नगर के,
जल रहा घर/ चुपचाप हैं / लोग घर के.
नगर के सभ्रांत जन सब/ मंत्रणा में लीन,
आग यह किसने लगाई / यह प्रश्न केवल विचाराधीन.
घर बुझाने के लिए/ तत्पर न कोई.
जब कि घर के पास ही/ बहते कई नाले नहर के.
है गनीमत हवा है/ अभी हल्की /पर बन सकती/ बवंडर कभी भी.
फिर भला रह पाएगी/ सीमा कहाँ तक?
द्वार की घर की/ मोहल्ले की नगर की,
या पड़े रह जायेंगे /कांटे डगर के.

**–अनूप श्रीवास्तव**

व्यंग्य



## काश! मैं चूहा ही होता

**अशोक गौतम**

कई बार क्या, हर बार सोचता हूं कि आदमी बनकर भी मैंने क्या कर लिया? वही राशन की लंबी लाइन! वही भाषण सुनते लहूलुहान होते कान! वही आश्वासनों का कान में घुसता रायता! मैं चाहकर भी खास तो छोड़िए, गलती से बकवास तक न कर सका। खास छोड़ जब भी बकवास करने की सोची इसने उसने मेरे मुंह पर पट्टी बांध दी। कई बार तो मैंने खुद ही अपने मुंह पर पट्टी बांध ली। बेकार का सच बोलने पर समाज में बवाल खड़ा हो जाएगा। मैं समाज में सबकुछ करना, देखना चाहता हूं, पर सच बोलकर समाज की शांति कतई भी भंग करना नहीं चाहता। असल में बकवास करने के लिए भी अपने पीछे बहुमत होना चाहिए। जिनके पास बहुमत हैं वे कुछ भी बकवास करने का दुस्साहस रखते हैं। और मेरे जैसे खास कहने से भी गुरेज परहेज करते हैं।

सच कहूं तो शेर बनकर भी कोई क्या कर लेता है। शेर सारी उम्र बस, इसी गुरूर में रहता है कि वह शेर है। भले ही सरकार के संरक्षण में पिंजड़े में पल रहा हो। ऐसे शेरों से बहेतर तो मुझे चेहे लगते हैं। आरमा से कहीं भी घूम फिर तो सकते हैं। साथ में न कोई बॉडी गार्ड न कोई सिक्योरिटी गार्ड।

अखबारों की सुर्खियां बनने के लिए शेर होना जरूरी नहीं, शेर वाले काम करना भी जरूरी नहीं। गीदड़ों वाले काम करके भी अखबारों में वाही वाही लूटी जा सकती है। चूहे होकर भी अखबारों की हेडलाइन बना जा सकता है।

इधर मुहल्ले में शर्मा जी ने उनका ससुराल से मिला गर्म कोट कुतर रहे चूहे की गलती से अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या की तो उनके दोस्त ने चूहे को बचाने के बदले उसका वीडियो बना सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। चूहे की हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर रिलीज होते ही चूहा प्रेमियों में उनके खिलाफ वो गुस्सा फूटा कि... वो गुस्सा फूटा कि... काश! कुछ गुस्सा आदमी का आदमी की हत्या होने पर भी फूटा करता। तब उन्होंने चूहा प्रेमी संघ के प्रधान को बहुत समझाया,' बंधु! दोनों हाथ जोड़ कर माफी मांगता हूं। गलती हो गई। माना, जीव हत्या पाप है। पर यहां कौन पापी नहीं? एक दूसरे को मार कर ही तो हम सब जी रहे हैं। मैंने तो चूहे की हत्या अपना गर्म कोट बचाने के लिए की है। तुम क्या चाहते हो कि अगली सर्दियों में मैं फटा कोट पहने बाजार जाता? मैंने यह चूहे को मारने के इरादे से नहीं किया था। मैंने तो अपने कोट की रक्षा के लिए किया था,' वे मर गए एक से एक दलीलें देते , पर उनकी एक न सुनी गई। मामला चूहे कह हत्या का जो था। आदमी की हत्या को होता तो ठंडा पड़ जाता। मुश्किल से हाथ लगे मुद्दे को चूहा प्रेमी संघ के प्रधान हाथ से जाने देते तो कैसे? उतना सवाल चूहे की हत्या का न था, जितना मुद्दे का था।

और चूहा प्रेमियों ने उनके लाख मुंह बंद करवाने के भी मिलकर उनके खिलाफ आदर्श थाने में रपट लिखवा दी। वहां के थानेदार साहब भी घोर चूहा प्रेमी थे। वे चूहों के अनन्य भक्त थे। चूहे उनकी रग रग में बसते थे। सो, शर्मा जी पर मामला नहीं, संगीन आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

अपने गर्म कोट की रक्षा करते करते उनके द्वारा मारे गए चूहे का वीडियो एकबार फिर एडिट कर सोशल मीडिया पर जारी किया गया। इस वीडियो को देखकर शर्मा जी की चूहा प्रेमियों ने ही नहीं, हर सूअर, गीदड़, सियार, प्रेमी तक ने उनके द्वारा किए इस जघन्य अपराध की मैक्सिमम से मैक्सिमम जितनी हो सकती थी, उससे भी अधिक निंदा नहीं, घोर निंदा की, पर दूसरे टाइप के सारे प्रेमी मौन रहे। राष्ट्रीय अखबार , देश के नंबर वन चैनल सारी दूसरी खबरें छोड़ चूहे की हत्या के केस का फॉलोअप करने लगे। अदालत में चूहे की हत्या का शर्मा जी के खिलाफ पचास पन्नों का आरोप पत्र दायर किया गया। चूहे की हत्या की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी साथ अटैच की गई। आदमियों के मौतीसन सॉरी मेडिसन डॉक्टर ने चूहे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ लिखा कि अपराधी ने चूहे को आदमी को मारने वाली गोलियां दी हैं। चूहे की माइक्रोस्कोपिक जांच में भी यही पाया गया है। ताजा स्थिति में बेचारे शर्मा जी अग्रिम जमानत के लिए हाथ पांव मार रहे हैं। काश! निज की पल पल होती हत्या को लेकर भी कहीं कोई चार्ज शीट नहीं , शीट ही दायर कर देता तो मन को परम शांति मिलती।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु 55 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्वाचन को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने में मास्टर टेज्नर की कार्यकुशलता, दक्षता तथा सजगता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूरी मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण गम्भीरता से लें एवं अपनी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर पीठासीन अधिकारी अपनी टीम के साथ निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने के उपरान्त निर्वाचक नामावली की जांच करके यह देख लें कि यह उन्हीं के बूथ की है, मतपत्रों की जांच कर लें कि मतपत्र पर्याप्त संख्या में हो एवं मतपत्र कटे-फटे व त्रुटिपूर्ण नही होने चाहिए।

अमिट स्याही व ऐरा क्रास मोहर, सुभिन्नक चिह्न की भी जांच कर लें, साथ ही मतपेटिका को खोलकर अवश्य चेक कर लें। पीठासीन अधिकारी अपनी समस्त टीम को साथ लेकर ही निर्धारित वाहन से मतदान स्थल के लिए रवाना होंगे। मतदान स्थल पर पहुंचने के उपरान्त कोई चुनाव प्रचार सामग्री इत्यादि यदि हो तो उसे हटवा दें एवं 200 मीटर के दायरे में आदर्श आचार संहिता का पालन पीठासीन अधिकारी सुनिश्चित करायेंगे। सहायक कार्मिक प्रभारी इं.कुलभूषण सिंह ने प्रशिक्षण में सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मतदान प्रारम्भ होने के पहले खाली मतपेटिका मतदान अभिकर्ताओं को दिखाना आवश्यक है। मतदान कर्मियों के कार्य विभाजन के विषय में विस्तार से बताया।

प्रशिक्षण के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सभी मास्टर ट्रेनरों का निर्वाचन से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्नपत्र के द्वारा लिखित परीक्षा ली गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मिकों का भी प्रशिक्षण के उपरान्त परीक्षा ली जायेगी। इस अवसर पर ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट प्रखर सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी गुनराज, विनोद सिंह, शशि, एनआईसी से सुशीम, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## अजीम व उसके दो साथी गोवध गैंग के रूप में सूचीबद्ध

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अभियुक्त अजीम व उसके दो सदस्यों को गोबध गैंग के रुप में सूचीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अभियुक्त अजीम पुत्र मसरूर निवासी मुड़ियार थाना फूलपुर, जो वर्तमान समय में जनपद आजमगढ़ में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए गोवध करने जैसे अपराध कारित कर रहा है।

इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर 'सूचीबद्ध' (गोवध गैंग) किया गया है। इसका कोड नं0- 'डी- 140' होगा। जिन सदस्यो सूचिबद्ध किया गया है उनमें बेलाल पुत्र मुस्तकीम निवासी सदरपुर बरौली, थाना फूलपुर, अरशद पुत्र अब्दुल्ला निवासी जगदीशपुर, थाना फूलपुर, सामिल हैं।

## आधी रोटी खायेंगे, फिर भी पढ़ने जाएंगे

### रैली निकाल कर बच्चों ने किया जागरूक



रैली निकालते स्कूली बच्चे।

जनसंदेश न्यूज

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गहुनी के छात्रों ने गुरुवार को स्कूल चलो अभियान अंतर्गत विद्यालय परिसर से रैली निकाल कर गांव का भ्रमण करते हुए हम उम्र बच्चों को स्कूल चलने के लिए जागरूक किया। इस दौरान श्लोगन और नारे के साथ हाथों में तख्तियां लिखी लेकर शिक्षा और शिक्षित होने का महत्व बताते हुए भ्रमण किया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरी सिद्दत से नारे लगाए, पढ़ें बेटियां, बढ़े बेटियां, आधी रोटी खाएंगे फिर भी पढ़ने जाएंगे, मम्मी-पापा भूल न जाना, स्कूल नामांकन जरुर कराना के साथ जागरूक किया।

प्रधानाध्यापक त्रिपुरारी यादव ने हरी झंडी दिखा कर स्कूल चलो रैली अभियान को रवाना किया। इस अवसर पर अध्यापकों ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील किया कि अब सरकारी स्कूल में शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा हो गया है। इसलिए आप लोग अधिक से अधिक संख्या में बच्चों का नामांकन अवश्य करायें। इस मौके पर बृजेश, अशोक, लालता, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### यूनिवर्सिटी टॉप करने पर शैलेष को मिल रही बधाई



प्रमाण पत्र व मेडल के साथ शैलेष यादव।

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव निवासी शैलेष यादव ने एमएससी में पशुपालन दुग्ध अभियान में जौनपुर यूनिवर्सिटी टाप करने पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। छात्र की सफलता से परिवार समेत शुभचिंतकों में प्रसन्नता है। रानी की सराय ब्लाक क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव निवासी शैलेष यादव की प्रारम्भिक शिक्षा गांव में हाईस्कूल व इण्टर रानीकीसराय से करने के बाद स्नातक चण्डेश्वर डिग्री कालेज से किया। स्नातकोत्तर तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर से एमएससी कर रहे थे। एनिमल हासबैंड्री एंड डेयरी (पशुपालन दुग्ध अभियान) में पूरे यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शैलेष ने सफलता का श्रेय गुरु और भाई .माता को दिया है। क्षेत्र के अमरजीत यादव, रमेश यादव, विजय यादव, शैलेंद्र, शिवकुमार आदि ने मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

### पोस्टर सुसज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



पोस्टर सजाते सेंट जेवियर हाईस्कूल एलवल के बच्चे।

**आजमगढ़।** शहर के एलवल मुहल्ला स्थित सेंट जेवियर हाई स्कूल में ईद के उपलक्ष में पोस्टर सुसज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल के रूप में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक प्रशांत चंद्रा व विद्यालय प्रधानाध्यापक नीलेश श्रीवास्तव सहित विद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल शामिल रहा। पोस्टर सुसज्जित प्रतियोगिता में रेड, ब्लू, येलो, ग्रीन हाउस टीम के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने ईद संबंधित भाईचारे का आकर्षक पोस्टर लगाकर अपनी प्रतिभा को दिखाया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक पोस्टर सज्जा तैयार किया था जिससे निर्णायक मंडल को प्रथम द्वितीय तृतीय टीम को चयन करने में कठिनाइयां हो रही थी। प्रशांत चंद्रा ने बच्चों कहा कि हमें शिक्षा के साथ बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को मंच देकर विकास करना है चाहे वह खेल प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता या फिर शिक्षा क्षेत्र में हो। इसमें हम आप लोगों को भाग लेने के लिए चयनित करते हैं ताकि आपका संपूर्ण विकास हो सके। नीलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों की बुद्धि विवेक क्षमता को दशार्ती हैं और आने वाले परिणाम से हमें असहज नहीं होना है। यह संकल्प लेना है कि आने वाले किसी भी प्रतियोगिता में हम अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेल प्रतियोगिता का क्षेत्र हो। अंत में निर्णायक मंडल ने अच्छी प्रतिभा दिखाने वाले बच्चों के टीम को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

### वॉलीबॉल आयोजक सहित पांच पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**फुलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र में चोरी से विद्युत उपभोग करने वाले चार लोगों सहित वालीबाल मैच करा रहे आयोजकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में विभागीय अधिकारियों ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह के नेतृत्व में मेजवा, बक्सपुर में दर्जनों परिसरों के अन्दर जांच की गयी। बक्सपुर गांव के नसीम पुत्र नन्हे, अबु शहमा पुत्र मशरुर, आवुआस पुत्र अबुशाद, अबूतालिब पुत्र दाऊद के परिसर में लगे मीटर के पहले काटकर अलग से केबल जोड़कर एसी ओर कूलर चलाया जा रहा था। वहीं गाव में दर्जनों हाइड्रोजन बल्ब लगाकर बालीबाल मैच खेला जा रहा है और खम्भे से कटिया फंसाकर बिद्युत का प्रयोग किया जा रहा है। बालीबाल करा रहे अज्ञात आयोजक के खिलाफ बिद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। वही चारों बिद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ बिद्युत धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस सम्बंध में अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह ने बताया कि बिद्युत चोरी होंने के कारण काफी समस्या बढ़ गयी थी। एक तो वर्षो पुराने बिद्युत तार व ट्रांसफार्मर उपर से लोड बढ़ जाने के कारण गर्म होकर तार टूट रहे थे। ट्रांसफार्मर में कमी आ जा रही थी। इधर अधिकारियों का भी प्रेसर बना रहता है जिसके कारण इस भीषण तपिस भरी गर्मी में मार्निंग रेड का आयोजन किया गया। अब प्रत्येक दिन गांव व कस्बा का भ्रमण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रशांत, पंकज कुमार, राजकुमार, रूपेश, रमाकान्त, अंगद आदि मौजूद रहे।

## नगर निकाय चुनाव की ड्यूटी में छूट देने की मांग

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ।** वुमेन टीचर्स एसोसिऐशन आफ उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष शिखा मौर्य के नेतृत्व में शिक्षिकाओं ने नगर निकाय चुनाव में लगाए गए कार्मिकों परिस्थिति जन्य दक्षता के संबन्ध में अवगत कराते हुए मांग किया उन्हे नगर निकाय चुनाव में छूट प्रदान की जाय।

शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष शिखा मौर्य ने बताया कि गर्भवती, बीमार, ऐसी महिला कार्मिक जिनके बच्चें के उम्र तीन वर्ष या कम हैं, उनकी चुनाव ड्यूटी न लगायी जाये। ऐसे कार्मिक जो असाध्य बीमारी से ग्रसित हो, जो 58 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उन्हे चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में नियोजित न किया जाये अवस्था में कोरोना संक्रमण की सम्भावना बढ़ जाती है। निर्वाचन के समय निर्वाचन कार्मिकों की पोलिंग पार्टी को मतदान केन्द्रों तक ले जाने के लिए ट्रकों माल वाहक से इतर वाहन सुविधा उपलब्ध करायी जाये।



जिला प्रशासन को ज्ञापन देने जाती शिक्षिकाएं।

## पूर्व चेयरमैन प्रमिला यादव ने किया नामांकन



लालगंज में नामांकन दाखिल करती पूर्व चेयरमैन प्रमिला यादव।

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** कटघर लालगंज नगर निकाय के चेयरमैन पद हेतु बृहस्पतिवार को पूर्व चेयरमैन प्रमिला यादव द्वारा हजारों की संख्या में नगर में जुलूस निकालकर अपने प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ नामांकन स्थल पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन दाखिल करते समय चेयरमैन प्रत्याशी ने कहा कि वह अपने पिछले 5 साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य को लेकर जनता के बीच दावेदारी कर रही हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जनता उन्हें सेवा का फिर अवसर प्रदान करेगी। चेयरमैन प्रत्याशी प्रतिनिधि शरद यादव ने कहा कि तहसील प्रांगण हो या हाइडिल प्रांगण, इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय हो या नगर के अनेक रास्ते उनके समय में खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड सहित सब जगह हमने विकास कार्य कराए। करोड़ों रुपए के विकास कार्य 5 साल में कराये गये। यही वजह है कि आज नामांकन के समय हजारों की भीड़ तपती धूप में उनके साथ सम्मिलित होने उमड़ पड़ी है। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल को लेकर जनता मन बना चुकी है कि विकास कार्य को लेकर फिर अगले 5 साल के लिए जनता प्रमिला यादव को पुनः चुनाव में विजई बनाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर हाजी इसरार अहमद, जूठन यादव, डॉ.रामप्यारे यादव, राम नारायण यादव, पंचम यादव, अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

## आठ ने खरीदा पर्चा तो चार ने किया नामांकन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** नगर निकाय चुनाव फूलपुर व माहुल के नामांकन फार्म की बिक्री व नामांकन का कार्य तहसील परिसर में बने उपजिलाधिकारी कोर्ट में हो रहा है। गुरूवार को फूलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के तीन नामांकन पत्र की बिक्री हुई व सदस्य के पांच फार्म खरीदे गए। वहीं वार्ड तीन से सदस्य के रूप में राजीव, सत्यम व अनिल ने नामांकन किया तो पांच से मो.आविद ने नामांकन किया। इसी प्रकार माहुल नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के नौ नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तो अध्यक्ष पद के लिए सदरुद्दीन ने नामांकन किया। साथ ही सदस्य के 11 फार्म बिक्रय किया गया। सदस्य के चार नामांकन किया गया जिसमें वार्ड एक से उस्मान, दो से शाहआलम, छः से अबु तलहा व बेलाल ने नामांकन किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## स्काउट गाइड विषम परिस्थितियों में जीने की कला: मनीष कुमार

जनसंदेश न्यूज



शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक।

**आजमगढ़।** गजाधर गुरूकुल नन्हकूदास महाविद्यालय वाजिदपुर डींगुरपुर में पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस शिविर में छात्र-छात्राओं में कई जानकारियां दी गयी।

समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबन्धक मनीष कुमार यादव ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग का उद्देशय चार गुना है, यह युवाओं का एक आन्दोलन है, पहला चरित्र का गठन, दुसरा ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का निर्माण, तीसरी हस्तकला में प्रशिक्षण एवं उपयोगी कौशल प्राप्त करना एवं अंतिम उद्देश्य कुशलता से सेवा की एक उचित भावना की खेती से है। इस लक्ष्य का पीछा करने से छात्र/छात्राओं में अच्छी नागरिकता का विकास एवं राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है। स्काउट गाइड शिविर के समापन में स्काउट गाइड को प्रोत्साहित करने के लिए प्रबन्धक मनीष यादव जी द्वारा अन्तिमा चतुवेर्दी, अंजलि कुमारी, अतुल यादव व सोनी चैरसिया को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक डा. प्रदीप कुमार राय व सहयोगी अनीता साइलेस, अजय यादव, अवधेश, प्रधानाचार्य कैलाश यादव व महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष अमन कुमार सिंह, प्रमोद यादव, बीरबल राम, प्रदीप वर्मा, अमिता सिंह, सर्वेश, अफजल आजमी आदि उपस्थित रहें। जिसमें शिविरार्थी के रूप में गौरी, रूचि, प्रिया, ममता, रीतू, दीपिका, अंजलि, पूजा, शालिनी, रीना, काजल, कंचन, रिंकी, सीमा, श्वेता, रिंकू, प्रीति, वन्दना, विद्या, प्रियंका, कविता, सपना, दीपू, रोली, सुमन, शिवांगी, नेहा, सुगन्ध, शालूप्रिया, अलका, साधना, हिमश्वेता, खूशबू, मिथिलेश, रंजना, शीलू, अरूणिमा, बबिता, रिंका, अर्चना, हर्षित, धन्नजय, आलोक, अमित, श्यामजनम, चन्द्रकान्त, धर्मेन्द्र, विपुल, बलिन्दर, संजय, मनीष, रामाकान्त, रूसो एवं दुर्गेश इत्यादि सेवा के रूप में कार्य किये।

### अधर्मियों का नाश करने के लिए मनुष्य के रुप में भगवान लेते हैं जन्म

**आजमगढ़।** किशुदासपुर में आयोजित श्रीरामकथा के पांचवे दिन प्रवचन सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ इकट्ठा हुई। पं. सीताराम नाम शरण जी महराज ने श्रीराम कथा को सुनाकर भक्तो को मंत्र मुग्ध कर दिया। किशुनदासपुर में श्रीराम कथा का वाचन करते हुए पं. सीताराम शरण दास जी महराज ने कहा कि जब संसार में पाप बढ़ जाता है, धन की हानि हो जाती है। लोगों अंतः करण भयाक्रांता के आगोश में डूब जाता है और पाप के विचार वालों अधर्मियों की संख्या अधिक होने के कारण धरती पर ब्राह्मण, देवता, गाय तथा संत और संसार के धर्म प्राणियों का सम्मान नहीं रहा जाता। धरती पर इन लोगों पर अत्याचार बढ़ जाता है, असहाय पीड़ा भी होता है। ऐसे भगवान पापियों का नाश करने के लिए मनुष्य के रूप में अवतार लेते है। तथा धरती का पाप मुक्त कर देते है। इसी कारण से तमाम राक्षसों के द्वारा निर्दोषों, संतों, ब्राह्मणों और गायो आदि प्राणियों के साथ राक्षसों का उत्पीड़न बढ़ जाता हैं जिसके निमित्त भगवान विष्णु मनु और सत्रूपा के तपस्या के परिणाम स्वरूप दशरथ और कौशिल्या और सुमित्र व कैकेयी के गर्भ से गुरू के आदेश यज्ञानुसार राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के रूप में जगत का कल्याण करने के निमित्त अवतरित हुए।

## सपा से टिकट कटने पर निवर्तमान नपं अध्यक्ष ने दिखाया दम

**महराजगंज (आजमगढ़)।** दूसरे चरण के नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू होते ही राजनितिक पार्टियों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों में नामांकन को लेकर शक्ति प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो गया है। ऐसे मे राजनितिक दलों के कार्यकत्र्ता भी अपने-अपने प्रभाव को दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नगर पंचायत महराजगंज के निवर्तमान सपा से अध्यक्ष रहीं रेनू देवी सीताराम कांदू का सपा से टिकट कटने से उनके समर्थकों ने नामांकन में अपनी ताकत दिखायी। सीताराम कांदू व उनकी पत्नी रेनू देवी विगत दो बार से नगर पंचायत महराजगंज के अध्यक्ष पद पर समाजवादी पार्टी के सिंबल से पदासीन रहे और उनका राजनीतिक जीवन सपा के झंडे के नीचे ही शुरू हुआ तथा कभी भी उन्होंने सपा का दामन नहीं छोड़ा। परन्तु दो बार से सपा से अध्यक्ष रहने के बाद भी अबकी बार सपा ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। ऐसे में उनके समर्थक काफी नाराज है। गुरुवार को उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। अपने नामांकन के दौरान उन्होंने अपनी ताकत और लोकप्रियता विरोधियों सहित अपनी पार्टी को भी दिखाया। उन्होंने अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ पहले बाबा भैरवनाथ का दर्शन किया और नगर पंचायत का भ्रमण कर लोगों से अपने लिए समर्थन मांगा। उनके नामांकन में भारी भीड़ देखने को मिली। अब देखना यह होगा कि क्या वे अपने विरोधियों सहित सपा को यह बताने में कामयाब हो पाते है कि जनता में उनकी छवि पार्टी द्वारा नामित सदस्य एवं विरोधियों से अच्छी है, यह तो आने वाला समय निश्चित करेगा।



समर्थकों के साथ नामांकन करने जाते सीताराम कांदू व उनकी पत्नी रेनू देवी।

## शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल सहित भूसा जलकर राख



आग से खेत में जली फसल।

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के उत्तरी सिरे पर गुरुवार दोपहर सरकारी नलकूप के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी की वजह से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और आग को बुझाने की कोशिश करने लगी लेकिन आग तेजी से बढ़ती गई और कई लोगों के खेतों में पहुंच गयी। गनीमत यह रही कि गेहूं की कटाई पहले ही हो चुकी थी लेकिन कुछ किसानों का भूसा खेत में ही पड़ा था जिसे आग ने अपनी जद में ले लिया।

कुछ किसानों के बाग में भी आग की लपटों से नुकसान हुआ। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से स्थानीय लोग भी सहयोग में जुट गए लेकिन पानी न उपलब्ध होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी काफी देर तक खड़ी रही तब आग मकरहा स्थित गौशाला तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज की तरफ बढ़ने लगी। स्थानीय ग्रामीण तथा फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा लगातार आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश की जा रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं पाया जा सका था। ग्रामीणों द्वारा हरे पेड़ की टहनियों आदि से आग को बुझाने की कोशिश की गई लेकिन तेज पछुआ हवा के कारण आग बढ़ने लगी और धीरे-धीरे सैकड़ों बीघा खेत में पहुंच गई।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी ट्यूबवेल के पास ट्रांसफार्मर लगा है जिसके नीचे कुछ भूसा खर पतवार रखा गया था। इसी बीच ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलते ही भूसे में आग लग गई और हवा के साथ आग धीरे-धीरे खेतों की तरफ बढ़ने लगी। जब तक लोग बुझाने का प्रयास करते तब तक सैकड़ों बीघा खेत पर आग ने अपना कब्जा जमा लिया। समाचार लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं पाया जा सका था।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर अमृत सरोवर पर होंगे विविध कार्यक्रम

**आजमगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने बताया है कि 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जनपद के ग्रामीण अंचलों ग्राम पंचायतों में ह्लसेल्फी विद अमृत सरोवरह्व कार्यक्रम आयोजित करते हुए उसके फोटो, वीडियो, वाइस मैसेज, मैसेज को ट्वीटर एवं अन्य सोशल मिडिया पर अपलोड कराया जायेगा। उक्त अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मनरेगा श्रमिकों, ग्राम रोजगार सेवक, महिला मेट, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, स्वयं सहायता समूह की दीदीयां, बीसी सखी, सम्बन्धित ग्राम पंचायत के निवासी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

उन्होने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर अमृत सरोवरों पर कम से कम 50 सम्बन्धित ग्रामवासियों द्वारा अमृत सरोवर के साथ ट्वीटर पर ट्वीट करते हुए सोशल मिडिया (रैुमसपिम पूजी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय ग्रामीण मंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री आदि के हैण्डल को टैग करते हुए, सभी अमृत सरोवरों पर बैनर लगाये जाने, लघु गोष्ठी आयोजित कर जलवायु परिवर्तन, वृक्षारोपण, नदी, तालाब एवं वषार्काल में जल संचय आदि पर परिचर्चा की जायेगी तथा ग्रामवासियों द्वारा उनके परिवार के स्तर से कम से कम एक पौधा लगाये जाने एवं उसकी देखभाल व रख-रखाव किये जाने आदि के सम्बन्ध में संकल्प लिये जाने आदि महत्वपूर्ण गतिविधियां सम्पन्न की जायेगी। विश्व पृथ्वी दिवस के एक दिन पूर्व जनपद में अमृत सरोवर स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ग्राम पंचायतों में जन जागरण, साफ-सफाई एवं स्वच्छता का प्रचार-प्रसार, अमृत सरोवर के आस-पास सफाई कार्य सम्पादित कराया जायेगा।



बैठक को सम्बोधित करते मुख्य विकास अधिकारी।

### पशुशाला में लगी आग से लाखों की क्षति

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से रमेश यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी मूलराजपुर के पशुशाला में आग लग जाने के कारण एक भैंस और एक पड़िया झुलस गयी। उसमें रखा हुआ राशन और भूसा जलकर नष्ट हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आगलगी में रमेश यादव का लाखों का नुकसान हुआ है। दूध देने वाली भैंस गंभीर रूप से जल गयी है जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

### दहेज हत्या के दो अभियुक्तो को नौ वर्ष का कारावास

**आजमगढ़।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम द्वारा थाना रानी की सराय पर पंजीकृत 223/2013 धारा 498 ए, 304बी डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज पुत्र श्याम नारायण, श्याम नारायण पुत्र सुखराम निवासी मोलनापुर, थाना रानी की सराय, को दोष सिद्ध पाते हुए प्रत्येक को 9 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 2-2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## रमा हॉस्पिटल में ओपीडी करेंगे हार्ट स्पेशलिस्ट

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** रमा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नए सोपन को स्पर्श करता चला जा रहा हैं। इस बार विश्वस्तरीय हार्ट स्पेशलिस्ट डा.अरुण कुमार गोयल के रूप में रमा परिवार को बड़ी सफलता हासिल हुई। अब से डा.गोयल भी रमा हास्पिटल में अपनी चिकित्सकीय सेवा प्रदान करेंगे और पूर्वांचल तक के हृदय रोगियों को हास्पिटल में भी चिकित्सकीय सेवाएं मिलेगी। अब उन्हें इसके लिए महानगरों का रूख नहीं करना पडेगा।

बुधवार को उक्त बात की रमा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के निदेशक डा.अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रमा हास्पिटल में कार्डियोलाजी सम्बन्धित समस्त फंक्शन शुरू हो गए हैं। जिसके लिए हृदय रोगियों को अब अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

डा.अरुण कुमार गोयल ने बताया

**बोले डा.अरुण गोयल**

**मरीजों को अब नहीं जाना होगा दूर**



जानकारी देते डा. अरुण कुमार गोयल।

दिल के दौरे यानि हार्ट अटैक का उपचार आधुनिक चिकित्सा की सबसे बड़ी सफलता की कहानियों में से एक हैं। अधिकांश हार्ट अटैक के मरीज जिनका समय रहते उपचार हो जाता है, वें जल्दी रिकवर भी हो जाते हैं और सामान्य दिनचर्या में भी लौट आते हैं। किन्तु अगर हार्ट अटैक का मरीज गोल्डन पीरियड के अन्दर हॉस्पिटल नहीं पहुंच पाता है या उपचार शुरू करने में देरी हो जाती है तो हृदय की मांसपेशियां तेजी से एवं अपरिवर्तनीय रूप से क्षतिग्रस्त होने लगती हैं। क्षतिग्रस्त हृदय की मांसपेशियां संभावित रूप से घातक जटिलताओं को जन्म दे सकती हैं जिसमें वॉल्व लीकेज, हृदय गति से जुडे विकार एवं वेंट्रिकुलर डिसफंक्शन शामिल हैं। भाग्यवश अब नई ड्रग थेरेपी, सर्जिकल तकनीक और उपचार के कई विकल्प उपलब्ध हो गये है जो ऐसे मरीजों को बेहतर जीवन जीने में मदद कर सकते है।

डा.खुशबू सिंह ने बताया कि रमा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल में अब एस्कार्ट के वह विशेषज्ञ डाक्टर उपलब्ध है, जो देश ही नहीं विदेशों में तमाम सफलता के रिकार्ड स्थापित कर चुके हैं। मशहूर हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ.अरुण कुमार गोयल की सेवाऐं अब जनपद में उपलब्ध रहेंगी। हृदय रोगियों का सटीक व समुचित इलाज वे रमा हास्पिटल में प्रदान करेंगे।

# छानबे उपचुनाव में सास-बहू ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**चुनावी हलचल**

### दोनों ने एक ही दिन एक पार्टी से भरा पर्चा

### पहले बहू रिंकी फिर सास की हुई एंट्री

**मीरजापुर।** दिवंगत राहुल प्रकाश कोल के निधन के बाद छानबे सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र को शून्य घोषित कर दिया गया। निर्वाचन आयोग ने उप चुनाव की घोषणा कर दी। गुरुवार को अपना दल एस के प्रत्याशी के रूप में राहुल की पत्नी रिंकी ने नामांकन किया। उनके साथ भाजपा, अपना दल एस और निषाद पार्टी के नेता खड़े रहे। कुछ देर बाद रिंकी की सास पत्नी पकौड़ी कोल पन्ना देवी ने भी नामांकन किया। एक ही सीट पर अपना दल सोनेलाल गुट से दोनों ने पर्चा दाखिल किया है। इसे लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। चुनावी समर में सास- बहू के आमने-सामने आने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोग इसे राजनीतिक महत्वाकांक्षा के साथ ही चुनावी कायदे कानून से भी जोड़कर देख रहे हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को नामांकन के दौरान उत्सव सरीखा गहमागहमी नजर आ रहा था। पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। मुख्य गेट पर लगे रस्सी को हटा दिया गया था। ताकि जन प्रतिनिधियों को झुकना न पड़े। आखिर सत्ता पक्ष में शामिल अपना दल प्रत्याशी रिंकी पटेल के नामांकन का दिन जो मुकर्रर किया गया था। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे सांसदों और विधायकों के लिए कुर्सियां लगाई गई थी। प्रत्याशी तो अपने नामांकन के लिए फोटो खिंचवा कर अंदर चली गई, लेकिन बाहर उनके समर्थन में आए सांसद विधायक लगाके कुर्सियों पर बैठकर भावी रणनीति को स्वरूप देने में लगे रहे।

जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी ने नामांकन के दौरान प्रचंड बहुमत से जीत का संदेश दिया। इसके कुछ देर बाद ही रिंकी की सास ने भी नामांकन कर दिया। उन्होंने ने भी उसी दल से अपने को प्रत्याशी बताया है जिस दल से बहू रिंकी ने पर्चा दाखिल किया हैं। चर्चा इस बात की हैं कि छानबे विधान सभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। रिंकी का विवाह भले ही राहुल प्रकाश कोल के साथ हुआ है, लेकिन उनका जन्म दूसरी बिरादरी में हुआ है। जिसके चलते उनका पर्चा खारिज किया जा सकता हैं। लिहाजा किसी भी प्रकार से चुनावी अखाड़े में हारने से बचने और सहानुभूति की लहर को बचाएं रखने के लिए पार्टी स्तर से यह गेम खेला गया है। रिंकी का पर्चा स्वीकार हुआ तो वाह वाह, खारिज हुआ तो सांसद पकौड़ी कोल की पत्नी पन्ना देवी हैं ना। रिंकी के नामांकन में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी, केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, राज्य सभा सांसद रामशकल, सोनभद्र के सांसद पकौड़ी कोल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, विधायक रत्नाकर मिश्र, पूर्व मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, डा. विनोद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह आदि शामिल थे। रिंकी ने दो सेट में पर्चा दाखिल किया। जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, अपना दल एस एवं निषाद पार्टी के लोग रिंकी के नामांकन में आये हैं। कहा कि प्रदेश के स्वार और छानबे विधानसभा सीट दोनों पर भाजपा जीत हासिल करेगी। अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या के बारे में कुछ भी बोलने से बचते हुए कहा कि आज चुनाव के बारे में बात करिए।

दिवंगत राहुल प्रकाश कोल अपना दल एस युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। जबकि क्षेत्र के भाजपा और सपा के पूर्व विधायक भाईलाल की पुत्री सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल को 64,389 वोट मिला था। उप चुनाव में एक बार फिर सपा प्रत्याशी के रूप में कीर्ति कोल मैदान में हैं। कीर्ति के नामांकन के दौरान सोनभद्र से सांसद उनके ससुर पकौड़ी कोल उनके साथ रहे। पति राहुल के साथ ही रिंकी ने राजनीति में कदम रख दिया था।

रिंकी को 2022 में ही राजनैतिक रूप से स्थापित करने का काम शुरू हो गया था। वर्तमान में रिंकी अपने क्षेत्र से ही जिला पंचायत सदस्य हैं। निर्दल प्रत्याशी उमेश रावत ने किया अपना नामांकन पत्र दाखिल अपना दल (एस ) प्रत्याशी रिंकी सिंह ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावादो निर्दल प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया जिनमें निर्दल प्रत्याशी अर्जुन व राज नारायण है।


अद के नामांकन में पहुंचे भाजपा व अद के नेता

### प्रेक्षक ने नामांकन कक्ष व परिसर में भ्रमण कर लिया जायजा

**मीरजापुर।** छानबे (अ0जा0) विधानसभा के उप निर्वाचन-2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग नियुक्त सामान्य प्रेक्षक देवेन कुमार प्रधान, आई0ए0एस0 ने गुरुवार कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन कक्ष व कलेक्ट्रेट परिसर में की गयी सुरक्षा व्यवस्थाओं का भ्रमण कर जायजा लिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के लिये किये गये व्यवस्थाओं व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## डीएम ने भ्रमण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था


परिसर का निरीक्षण करतीं डीएम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने 395-छानबे विधानसभा उप निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये सुरक्षा व्यवस्था आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ यादव व क्षेत्राधिकारी मंजरी राव सहित अन्य पुलिस कर्मियों से वार्ता कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार ही व्यक्ति नामांकन कक्ष में प्रवेश करेंगे। उन्होने कहा कि किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति उपस्थित रहें।

### कांग्रेस ने की उम्मीदवारों की घोषणा

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल के द्वारा मीरजापुर नगर पालिका परिषद की उम्मीदवार प्रियंका जैन को कांग्रेस पार्टी के तरफ से उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेस जनों एवं व्यापारियों में खुशी की लहर है। वहीं अहरौरा नगर पालिका परिषद के उम्मीदवार उमाशंकर प्रजापति को कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया हैं। कछवां से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार राधा गुप्ता को कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मकसूद खान, जिले के प्रभारी धर्मेंद्र निषाद, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे, मीडिया प्रभारी छोटे खान, चुनमुन शुक्ला, गुलाब चंद पांडेय, राजधर दुबे, जफर इकबाल, राजेश मिश्रा, अर्चना चौबे, स्वरूप सिंह, कमर साहिद, अशोक धरकार, राजेंद्र विश्वकर्मा कृष्णा जयसवाल, संतोष उमर आदि लोग मौजूद रहे।

## अध्यक्ष पद के लिए सपा के अशोक ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज


चुनार में नामांकन करते सपा प्रत्याशी

**चुनार।** निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार उर्फ संतोष यादव ने अपना नामांकन जलूस एवं आई सी के पास से सैकड़ों कि संख्या में कार्यकर्ता के साथ उप जिला मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान पूर्व विधायक जगदंबा सिंह, सदस्य विधान परिषद आशुतोष सिन्हा, अभय यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्याण यादव, सुजीत यादव, दया यादव मोइन खान, सुनील सिंह, सुरेश सिंह, नसीम खान, एसपी यादव आदि रहे।

निकाय चुनाव अध्यक्ष के लिए पर्चा विजय बहादुर पुत्र शारदा 1सेट, सौरभ सिंह पुत्र स्व अमर नाथ 2 सेट, मोहन यादव पुत्र लालता 1 सेट में पर्चा खरीदा। सभासद पद के प्रत्याशियों ने काउंटर संख्या 1 से 5 में 3, 6 से 10 में 4,11 से 15 में 3, 16 से 20 में 8, 21 से 25 में 4 नामांकन फार्म क्रय किया गया। अहरौरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन नही हुआ। पालिका अध्यक्ष पद हेतु राजकुमार सिंह पुत्र नरायन सिंह, गोपाल दास जायसवाल पुत्र चंद्रप्रकाश जायसवाल ने एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा। अहरौरा सभासद पद के लिए प्रत्याशियों ने एक से 5 में 2, 6 से 10 में 4 में 11 से 15 में 9, 16 से 20 में 4, 21 से 25 में 5 नामांकन फार्म खरीदा गया। पालिका परिषद अहरौरा के सभासद प्रत्यासी पद हेतु कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसकी सूचना उप जिला निर्वाचन अधिकारी / उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा ने दिया। इस दौरान चुनार कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन व अदलहट एसएचओ विजय चौरसिया व अतुल कुमार पटेल मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने किया तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**जायजा**

### निरीक्षण में 40 प्रतिशत से कम मिली छात्रों की उपस्थिति

जनसंदेश न्यूज


निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

**लालगंज।** विकासखंड लालगंज के माध्यमिक विद्यालयों के नोडल अधिकारी ने गुरुवार को तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीनों विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों के अनुपात में उपस्थित छात्रों की संख्या कम पायी गई। जिसको लेकर नोडल अधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को सावधान किया। नोडल अधिकारी डा धर्मजीत सिंह ने बृहस्पतिवार को विकासखंड के तीन विद्यालयों के निरीक्षण में पाया कि छात्रों की संख्या कम है। संख्या को देखकर प्रधानाचार्य से उपस्थिति बढ़ाये जाने पर जोर दिया। कहा कि अनुपस्थित छात्रों को कनेक्ट ग्रुप पर मैसेज से सूचना का आदान प्रदान करें, जिससे उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। कहा कि शिक्षा में सुधार की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान मां विंध्यवासिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहंगपुर का निरीक्षण करते हुए पाया कि पंजीकृत छात्रों के अनुपात में उपस्थिति नाम मात्र रही। इस संबंध में नोडल अधिकारी ने जानने का प्रयास किया कि आखिर कारण क्या है तो बताया गया कि गर्मी के मौसम और वैवाहिक कार्यक्रम से शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित हो रही है। इसी प्रकार लालगंज स्थित भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण में 40 प्रतिशत छात्रों की संख्या कम पाई गई। इस संबंध में प्रधानाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि परिजनों को सूचित किया गया है और अनुपस्थित छात्र विद्यालय पहुंचेंगे। बापू उपरौध इंटरमीडिएट कालेज लालगंज में छात्रों की उपस्थिति को लेकर कक्षा अध्यापकों से सूचना लिया और संख्या बल बढ़ाए जाने पर जोर दिया। कहा अनुपस्थित छात्रों की सूची तैयार करो व्हाट्सएप पर सूचना देकर पठन पाठन का वातावरण बनाए रखें। इस दौरान रविंद्र पांडे, प्रहलाद सिंह, लालबहादुर सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजेश मिश्रा, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### 10 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने सभी विभागाध्यक्षों/ कार्यालयाध्यक्षों को अवगत कराते हुये कहा है कि 395-छानबे (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन-2023 क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु मतदान दिवस पर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में 10 मई 2023 को अवकाश घोषित किया गया हैं। उन्होने कहा कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार गत निर्वाचनों की भाति उक्त उप निर्वाचन में भी मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया हैं। उन्होने अपने आदेश में कहा है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2023 के अन्तर्गत कारखानों मे कार्यरत कर्मकारों को मतदान का प्रयोग करने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 (ख) के प्राविधानों में अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अविरल प्रकिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनके कार्य नही लेने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करें।

## नशे के सौदागर को एक ही दिन मिली तीन सजा

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### पुलिस ने आठ साल में तीन बार पकड़ा

### कानून का पालन किया नहीं अब जेल में कटेंगी दिन रात

**मीरजापुर।** कानून की आँख में धूल झोंककर हेरोइन के धंधे बाज को पुलिस ने 8 साल में 3 बार गिरफ्तार किया। एक साथ चल रही सुनवाई में कोर्ट से फैसला एक ही दिन 19 फरवरी को आया। जिसमें कटरा कोतवाली क्षेत्र के डंकीनगंज निवासी दिलीप कुमार यादव उर्फ ललऊ पुत्र श्याम भोले यादव को अलग अलग मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तीन अभियोगों से सम्बन्धित अभियुक्त को न्यायालय ने 2 वर्ष, 1.5 वर्ष व 10 माह के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। पुलिस विभाग की प्रभावी व सशक्त पैरवी के चलते अभियुक्तों को सजा कराये जाने के लिए चल रहे अभियान के क्रम में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने प्रभावी पैरवी कराया। जिसके चलते एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को 2 वर्ष,1.5 वर्ष व 10 माह के कठोर कारावास एवं 30 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। कोतवाली कटरा पुलिस ने 15 जनवरी 2015 क्षेत्र से एक व्यक्ति को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। उसी व्यक्ति को 24 सितम्बर 2013 को थाना कोतवाली शहर पुलिस ने हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। उसी व्यक्ति को एक बार फिर कटरा कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जिसके सम्बंध में थाना कोतवाली कटरा में मामला दर्ज किया गया था। एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले में अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रभावी पैरवी के चलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिलीप कुमार यादव उर्फ ललऊ पुत्र श्याम भोले यादव को जेल भेज दिया गया।

## लापरवाही पाए जाने पर कोटेदारों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**बोले डीएसओ**

### जिलापूर्ति अधिकारी ने कोटे की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलापूर्ति अधिकारी उमेश कुमार ने गुरुवार को पहाड़ी ब्लाक के दुबेपुर बसारी व कोटवा गाँव के कोटे के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसके दौरान जिन कोटेदारों ने कार्ड धारकों में यूनिट कटौती कर खाद्यान वितरण करते थे उनमें हड़कंप मचा रहा।

सरकार द्वारा संचालित कोटे की दुकानों पर निः शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है जिसकी गहनता से निगरानी शासन द्वारा किया जा रहा है जिसके क्रम में जिलापूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र ने पहाड़ी ब्लाक के दो दुकानों का निरीक्षण कर कार्ड धारकों से वितरण की जानकारी ली तो कोटेदारों के वितरण रजिस्टर से लेकर स्टाक रजिस्टर, मौजूद खाद्यान्न का सत्यापन, कांटा तौल आदि की गहनता से जांच की। साथ ही साथ कोटेदारों को निर्देशित किया कि कार्ड धारकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। दुकानें साप्ताहिक बंदी के अलावा प्रतिदिन समयानुसार खोला जाए जिससे सर्वर की प्रॉब्लम होने पर कार्डधारक किसी भी समय दुकांन पर पहुँचकर फिंगर लगा कर अपना खाद्यान ले जा सके।

वितरण में लापरवाही पाए जाने पर कोटेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहे। उनके साथ ब्लाक इंजीनियर शुभम केशरी भी मौजूद थे।

### बांस काटने को लेकर मारपीट करने वाले चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चककोटार गांव में बांस काटने को लेकर मारपीट करने वाले चार लोगों के विरुद्ध घायल ने मुकदमा दर्ज कराया है। चककोटार गांव निवासी राकेश मौर्य ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि घर के कुछ दूर पर बांस का पेड़ लगाया था। जिसे बिना पूछे ही गुरुवार सुबह पड़ोसी विधिनारायण, अमरनाथ, विष्णु व चिंतामणि काटने लगे मौके पर पहुंच कर मना किया तो चारो लोग लाठी-डंडे से मारने पीटने लगे जिससे चोंटे आई है। चोटिल ने बृहस्पतिवार को हलिया थाने में तहरीर देकर चारों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने घायल को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया है जहां पर उपचार चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर-ट्राली में फंसी बाइक दो किमी दौड़ाता रहा चालक

**हादसा**

### सूचना मिलते ही जिगना पुलिस ने पकड़ा ट्रैक्टर

### बाइक सवार को आयी मामूली चोट बच गई जान

जनसंदेश न्यूज

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर आज भोर में बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। बाइक सवार युवक छिटक कर दूर फेंका गया। जबकि बाइक ट्राली के पहिए में फंस गई। हादसे के बावजूद चालक करीब 2 किलोमीटर तक फंसे बाइक के साथ ट्रैक्टर को दौड़ाता रहा।

जिसे पुलिस ने सूचना मिलने पर रोका। ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया हैं। जिससे पूछताछ जारी है। बताया जाता हैं कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी शैफ अली पुत्र उमर अली उम्र 24 अपनी बहन के घर प्रयागराज से लौट रहा था। भोर में करीब साढ़े 3 बजे मोहनपुर गांव के पास वह ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। जिसके कारण उसकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली के पिछले चक्के में फंस गई। वह हादसे के दौरान छिटक कर सड़क पर फेंका गया।

हादसा होने पर ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन रोकने के बजाय ट्रैक्टर के साथ भाग निकला। मोटर साइकिल को ट्राली में फंसा देखकर वह उसे खींचते हुए बसकड़ी गांव तक ले गया।

इसी बीच स्थानीय लोगों की सूचना पर सक्रिय हुई 112 नंबर की पुलिस ने सड़क पर फंसी बाइक के साथ दौड़ रही ट्रैक्टर को रोका। चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर जिगना थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटीं हैं।

### मारपीट के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** चुनार पुलिस द्वारा मारने पीटने व गंभीर रूप से घायल कर देने के अभियोग से सम्बन्धित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना चुनार मीरजापुर पर 14 अप्रैल 2023 को शशि कुमार सिंह पुत्र शिधेश्वर सिंह निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर धारा, 308, 323, 504 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। गुरूवार को उ0नि0 रामप्रताप यादव पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत से सम्बन्धित आरोपी धर्मेन्द्र साहनी पुत्र टुनटुन साहनी व गोपाल साहनी उर्फ महेन्द्र साहनी पुत्र टुनटुन साहनी निवासीगण निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत



**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर चेतगंज पुलिस चौकी के पास गुरुवार को बालू लदी खड़ी ट्रैक्टर में पीछे से बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की टक्कर होने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चील्ह थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी रमन सिंह 40 वर्ष पुत्र मुन्नर सिंह जनपद में ही सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार की सुबह छः बजे नाइट ड्यूटी कर अपने घर जा रहे थे कि चील्ह गोपीगंज मार्ग पर जैसे ही चेतगंज पुलिस चौकी से सौ मीटर पहले पहुंचे थे कि सड़क किनारे खड़ी बालू लदे ट्रैक्टर में भिड़ गए, जिससे बाईक सहित घसीटते हुए रोड पर कुछ दूर तक चले जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे चेतगंज चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने एंबुलेंस बुलाकर घायल रमन सिंह को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पारिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रमन सिंह दो भाइयों में छोटे थे तथा इनको 2 पुत्र हैं। एक 6 वर्ष दूसरा 4 वर्ष का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### आग लगाकर जला रहे थे अवशेष फसल जल गया घर

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदनी गांव में सायंकाल एक किसान द्वारा हार्वेस्टर से काटी गई गेहूं की अवशेष फसल में आग लगाकर जला रहे थे। उसी दौरान आग की लपटें तेज होते हुए बस्ती की ओर बढ़ने लगी और आग अचानक शिवलाल मौर्या पुत्र श्यामलाल मौर्य के रहायशी मकान कच्चा खपरैल घर में लग गई। जिससे हजारों के गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं भुक्तभोगी शिवलाल मौर्य व राजनाथ मौर्या का कहना है कि किसान मदन गोपाल मौर्य अपनी गेहूं की फसल हार्वेस्टर से एक सप्ताह पहले कटवाए थे, जिसमें शाम को आग लगाकर के फसल का अवशेष जलाने लगे, वह फसल अवशेष की आग बढ़ते हुए हमारे घर के पास तक आ गई जिसके कारण हमारा घर जलकर राख हो गया। इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल परमानंद मौर्य को दी गई। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जिनका घर जला है उन्हें सहायता राशि दी जाएगी।

### बोझ ढोने को लेकर महिला के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी बलिराम ने पत्नी रामदेई को गेंहू के बोझ ढोने को लेकर बीते 10 अप्रैल को पुत्र तथा उसकी पत्नी और दो भाइयों द्वारा मारपीट कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में घायल महिला के पति ने आरोप लगाया कि पुत्र साहब लाल उसकी पत्नी उर्मिला भाई हीरालाल और बच्चेलाल ने गेंहू के बोझ को ढोने को लेकर बीते दस अप्रैल की शाम छः बजे पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए था। बताया कि गंभीर रूप से घायल पत्नी का इलाज मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है। घायल महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जमालपुर।** अपराध एवं अपराधियों को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है, जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में बुधवार की देर रात पुलिस ने बहुआर गांव स्थित नहर के समीप एक युवक को देशी तमन्चा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस की मानें तो मुखबिर की सूचना पर बहुआर नहर पुलिया के पास से आरोपी सिकन्दर बियार 24 वर्ष पुत्र स्व राजेन्द्र निवासी पिड़खीर के पास से देशी तमन्चा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

### कुएं में गिरे पशु को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला बाहर

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के कलवारी स्थित सूखे कुऐ में सोमवार के दिन ही गिरे पशु को ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुएं में गिरे पशु को रस्सी के सहारे पानी व भूसा दिया जा रहा था। तापमान में वृद्धि से पशु ही नहीं मनुष्य भी पानी की तलाश में बौखलाया है, क्षेत्र में पेयजल संकट चरम पर है मनुष्य किसी तरीके से गले को तर कर ले रहा है लेकिन बेजुबान पशु पानी की तलाश में गहरे कुएं में कूद जा रहे है और गिरकर घायल हो जा रहे हैं। यदि ग्रामीणों की नजर कुएं में गिरे पशु पर ना पड़ती तो भूख प्यास से छुट्टा पशु की जान चली गयी होती। मानवता की मिसाल पेश करते हुए ग्रामीणों द्वारा तत्परता से कुएं में गिरे पशु को बाहर निकाला गया। इस दौरान ग्रामीण राजेश, मोझू,बहु पंडित, सुरेश कुमार सिंह उर्फ रामबाबू, राहुल सिंह व अन्य ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरे पशु को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार कराकर चारा दिया गया।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत रेलवे क्रॉसिंग मुहकुचवा के पास ट्रेन से धक्का लगने से गोपाल चौहान पुत्र हरिशंकर चौहान निवासी भरूहना थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर उम्र करीब 45 वर्ष की मृत्यु हो गई। सूचना पर चौकी प्रभारी भरूहना थाना को0देहात जनपद मीरजापुर मय पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। वहीं घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### गो तस्कर को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पुलिस गोवध अधिनियम के अभियोग से सम्बंधित 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा पशुतस्करों के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। गुरूवार को उ0नि0 शिव प्रकाश मय पुलिस टीम द्वारा थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-194/2022 धारा 3 /5अ/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बंधित 01 आरोपी शम्भू यादव पुत्र रामजी यादव निवासी बहरछठ पटेहरा थाना संतनगर मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### चोरों ने चटकाया सहज केद्र का ताला

**मीरजापुर।** मड़िहान तहसील के सामने सहज जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए का बैट्री व इनवर्टर पर हाथ साफ कर दिया। सूचना के बाद पंहुची पुलिस जांच में जुट गई है। देवरी गांव निवासी संदीप पाल मड़िहान तहसील के सामने जीवकोपार्जन के लिए सहज जन सेवा केंद्र है। दुकान उसके परिवार के सदस्य चलाते है। बुधवार की देर शाम दुकान बंद कर सभी घर चले गए। इसी बीच चोरों ने ताला तोड़कर इनवर्टर व बैट्री बल्ब उठा ले गए सुबह जब दुकान खोलने पंहुचा संदीप का भाई रंजित दुकान का ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पंहुची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### पिटाई कर रुपये व मोबाइल छीनकर फरार हो गए बदमाश

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा गांव के पास बुधवार की रात लगभग दस बजे तेरहवीं से लौट रहे बाइक सवार की पिटाई कर रुपए व मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जिगना थाना क्षेत्र के गोगांव गांव निवासी नागेंद्र यादव अपने साथी सूरज के साथ बिहसड़ा गांव तेरहवीं में शामिल होने गया था। रात वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बिहसड़ा गांव के पास पहुंचा। तभी तीन युवकों ने बाइक सवार को रोक लिया और उसकी पिटाई करने लगे। बदमाश युवक को मारपीट कर उसके पास रखे पांच हजार रुपए नगद व मोबाइल छीन कर भाग गए। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। एक नामजद समेत तीन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### आग दो कच्चा मकान जल कर राख

**जमालपुर।** क्षेत्र के सहिजनी हरदी गांव स्थित सिवान में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से दो लोगों का कच्चा मकान और गृहस्थी का सारा सामान जल कर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार रमेश बियार व राम बदन निवासी जमालपुर अपना कच्चा मकान बना कर सहिजनी की सिवान में रहते हैं कि अचानक गुरुवार की दोपहर कच्चा मकान में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे दोनों का कच्चा मकान में रखा सामान और भूसा जल कर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

### गंदा व गर्म पानी पी रहे प्रावि व कम्पोजिट विद्यालय के बच्चे

**राजगढ़।** विकासखंड क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालय तथा कम्पोजिट विद्यालय में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे विद्यालय के बच्चे पानी पीने के लिए बाहर जा रहे हैं या तो विद्यालय के टंकी में भरा गया गर्म पानी पी रहे हैं। अप्रैल माह में ही पड़ रही गर्मी तथा शरीर को झुलसा देने वाली धूप से जहां लोग व्याकुल हो रहे हैं तो वही पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण राजगढ़ विकास खंड में पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर, कम्पोजिट विद्यालय निविया, पडरवा, सेमरा, चित्तविश्राम, राजापुर, खटखरिया, देवपुरा ग्राम पंचायत के पहाड़ी पुरवा, दारानगर ग्राम पंचायत के सेमरा सहित प्राथमिक विद्यालय लालपुर पहड़ी, लंगड़ा पहड़ी, ढेकवाह, राजापुर, बघौड़ा सहित अन्य विद्यालय में पेयजल संकट गहरा गया है।

# संचारी रोग व दस्तक अभियान में शिथिलता बरतने पर होगी कार्रवाई

**बोले डीएम**

## डीपीएम समेत कई अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

## बोले अभियान के सफल क्रियान्वयन को सभी विभाग बनाएं आपसी समन्वय

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार की शाम कैम्प कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में जिन विभागों को जो भी जिम्मेदारियां दी गयी हैं, वह उसका निर्धारित समय के अन्तर्गत



कैम्प कार्यालय में बैठक को संबोधित करते डीएम

पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर डीपीएम समेत कई अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। संचारी रोग व दस्तक अभियान के नियंत्रण करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। अपने आस-पास साफ-सफाई, कचरा निस्तारण व जल भराव को रोकने तथा शुद्ध पेयजल के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाये।

उन्होंने विकास खण्डवार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत किये गये कार्यों की गहन समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि विकास खण्ड चोपन को छोड़कर अन्य ब्लाकों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत किये गये कार्यों की प्रगति धीमी है। जिस पर विकास खण्ड चोपन के खण्ड विकास अधिकारी को बाकी सभी विकास खण्ड के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आशा, एएनएम द्वारा की गयी कार्यवाही के प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि आशा व एएनएम द्वारा भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान में काफी शिथिलता के साथ कार्य किया गया है, जिस पर

## तालाब व पीएम आवास निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार की शाम कैम्प कार्यालय में मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद में निर्मित होने वाले तालाबों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जो भी तालाब बनाये गये हैं, जिसके आस-पास नहर है, उन तालाबों को नहरों से जोड़कर उसमें जल भराव का कार्य किया जाये, जिससे कि गर्मी के दिनों में भी पशु, पक्षियों को पीने के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बनने वाले आवासों के प्रगति की समीक्षा की, तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बनने वाले आवासों के निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाये और लाभार्थियों के किश्तों का भुगतान नियमानुसार समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाये, अनावश्यक रूप से लाभार्थियों को परेशान न किया जाये। लाभार्थियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होती है, तो सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जिलाधिकारी ने डीपीएम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत विभाग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कराये गये कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गयी, तो कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी।

डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान शासन का महत्वपूर्ण अभियान है। सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान को सफल बनायें और जन-जन को इसके प्रति जागरूक करें। अभियान में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, शेषनाथ चौहान, आरएस मौर्या, दिनेश कुमार गुप्ता, एचआर मिश्रा, डीआईओ विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## त्योहारों पर सफाई, दवा का छिड़काव हो सुनिश्चितः एडीएम

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ने बताया कि नगरीय स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का संचालन किये जाने के लिए निरन्तर निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, किन्तु जनपदीय स्तर पर उसका समुचित क्रियान्वयन अथवा अनुपालन न होने की मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित नगर निकाय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जा रहा है। नगर निकायों में शासन के निर्देशानुरूप कार्यवाही किया जाना एवं अभियान के रूप में साफ-सफाई की व्यवस्था होने एवं उसकी प्रत्येक स्तर पर निगरानी होने के बावजूद भी यदि मीडिया के माध्यम से सफाई की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, तो यह अत्यन्त चिन्तनीय है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को ईद-उल-फित्र का त्यौहार है तथा 23 को परशुराम जयंती है। 23 को परशुराम जयन्ती के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस आदि का कार्यक्रम किया जाता है, जिससे सफाई एवं पेयजल आदि की उपलब्धता अपेक्षित है। उक्त दोनों पर्वों के दौरान व अन्य सामान्य दिवसों में भी जनपद के समस्त नगर निकायों में सभी अधिशासी अधिकारीगण अपेक्षित व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें तथा स्वयं निरीक्षण/भ्रमण करते हुए सफाई कार्यों की निगरानी रखें।

---

**संक्षेप**

### वनिता समाज ने स्वच्छता जागरूकता को आयोजित की कार्यशाला

शक्तिनगर। वनिता समाज एनटीपीसी सिंगरौली ने समाज कल्याण हेतु अभिनव पहल करते हुए डिजाइन कॉफी हाउस के 96 कर्मचारियों हेतु स्वच्छता विशेष



कार्यशाला में शामिल लोग

रूप से भोजन, दंत चिकित्सा एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज एवं वनिता समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा किया गया। पीयूषा अकोटकर ने कहा कि तेजी से बदल रही दुनिया में विशेष रूप से कोविड-19 के बाद, स्वच्छता सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह पहल कर्मचारियों को सशक्त बनाने में और मदद करेगी। डॉ एसके खरे महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं, संजीवनी चिकित्सालय द्वार मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्वच्छता की जानकारी दी। डॉ प्रेमलता कुकंजी उप महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं द्वारा डेंटल हाइजीन जैसे टूथब्रश का सही इस्तेमाल, डेंटल फ्लॉस का इस्तेमाल, मुंह का कैंसर आदि से संबन्धित जानकारी प्रदान की गई। डा. बृजलाल वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य, दैनिक आहार और भोजन की आदतों की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यशाला के बाद वनिता समाज द्वारा सभी 96 आईसीएच कर्मचारियों को सराहना के प्रतीक के रूप में उपहार वितरित किए। इस अवसर पर आरती बेहरा, नील कमल भोगल, मीनाक्षी मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### डीएल बनवाने के लिए ऑनलाइन मेडिकल सर्टिफिकेट होंगे मान्य

सोनभद्र। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में ऑनलाइन मेडिकल सर्टिफिकेट 20 अप्रैल से जनपद सोनभद्र में मान्य कर दिया गया है। यह कदम ड्राइविंग लाइसेंस के लिए फर्जी तरीके से बनाए जा रहे मेडिकल सर्टिफिकेट पर रोक लगेगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन धनबीर यादव ने बताया कि सारथी पोर्टल पर मेडिकल अफसरों के लागिन आइडी बनाई गई है। साथ ही अधिकृत डॉक्टरों द्वारा ऑनलाइन जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के आधार पर ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी होगा। यह नियम जनपद सोनभद्र में 20 अप्रैल से लागू हो गया है। उन्होंने बताया कि अब ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदक को मेडिकल प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रत्येक चिकित्साधिकारी द्वारा मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने के लिए दस रुपये शुल्क लिया जाएगा। यह ऑनलाइन मेडिकल प्रमाण पत्र हैवी की लर्निंग, हैवी का डीएल, शिक्षार्थी लाइसेंस बनवाना (जिनकी उम्र 40 वर्ष से उपर) व लाइसेंस रिन्युअल में लगाना अनिवार्य है।

### बाइकों की आमने सामने टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

ओबरा। जुगैल थाना से लगभग तीन किलोमीटर पहले गुरुवार को दो बाईक सवारों की आमने सामने की टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाईक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिसके बाद प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव के सहयोग से सभी घायलों को तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनो घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, किन्तु एक बाइक सवार संतोष पुत्र हीरा उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी टोला बहेरा थाना जुगैल की रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि घायल रामनरेश पुत्र हिरालाल उम्र 20 वर्ष तथा चंदन पुत्र रामनाथ 32 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया वहीं शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रीम कार्यवाही में जुट गई उधर घटना की जानकारी होते ही परिजनों का रो रो के बुरा हाल है।

### तीन वारण्टी गिरफ्तार

बभनी। एसपी डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को पुलिस ने भैयाराम पुत्र स्व. शिवधारी, ओम प्रकाश पुत्र भैयाराम व रामकेश पुत्र भैयाराम निवासीगण चैनपुर, बभनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को, अधिकाधिक प्रकरणों का होगा निस्तारण

सोनभद्र। सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यजीत पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई के आयोजन एवं अधिकाधिक उपयुक्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए गुरुवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। इसमें अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक उपयुक्त प्रकरणों के निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। अपर जिलाधिकारी से अपेक्षा की गयी कि वे समस्त प्रशासनिक विभागों व अनुभागों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करें। अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिक प्रकरणों के निस्तारण की संभावना प्रकट की गयी। इस दौरान एएसपी ने सुझाव दिया कि तामीला के लिए समस्त न्यायालयों, बैंकों एवं अन्य प्रतिष्ठानों से 5 मई तक नोटिस प्राप्त कर संबंधित थाने को भेज दी जावे, ताकि समय से पूर्व उन्हें सेवित कराकर वापस प्राप्त कराया जा सके।

# संविधान में न्याय की अवधारणा का मूल आधार अधिवक्ता

**बोले जिला जज**

## सिविल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

दुद्धी। सिविल बार एसोसिएशन शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि जिला सत्र एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने कहा कि संविधान में न्याय की अवधारणा का मूल आधार अधिवक्ता हैं। निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से वादकारी हित में न्याय करना अधिवक्ताओं का नैतिक कर्तव्य है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पूर्व चेयरमैन अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि एक अधिवक्ता समाज ही है जो न्यायपालिका के निर्णय पर भी अधिवक्ता संघ में टिप्पणी करने का अधिकारी होता है। सोनभद्र बार एसोसिएशन चेयरमैन कृपा शंकर मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता समाज का जीवन कठिन व संघर्ष पूर्ण है। वैश्विक महामारी में अधिवक्ता समाज को



सिविल बार अध्यक्ष को शपथ दिलाते जिला जज अशोक कुमार यादव

शासन स्तर से कोई लाभ नहीं प्रदान कराए जाने के उद्‌बोधन में उनका दर्द छलका। अपर जिला जज सत्यजीत पाठक ने मन के हारे हार है मन के जीते जीत रचना को पढ़ा और अधिवक्ताओं का उत्साहवर्धन किया। वाराणसी से आये वक्ता ने आदिवासी बहुल क्षेत्र के शोषण की बात मुखर की। इल्डर कमेटी के चेयरमैन नागेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित कमेटी को शुभकामनाएं ज्ञापित की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामपाल जौहरी ने न्यायालय के विस्तार व दीवानी एवं एमबी एक्ट आदि मुद्दों से संबंधित मांग पत्र मुख्य अतिथि को सौंपा। वहीं मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामलोचन तिवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार अग्रहरी को, बार काउंसिल के सदस्य ने उपाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव एवं अंजनी यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपर जिला जज द्वारा सचिव रामेश्वर प्रसाद राव, चेयरमैन नागेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सह सचिव प्रकाशन राजीव कुमार मिश्रा, जवाहर लाल, सह सचिव पुस्तकालय संतोष कुमार ओझा को, निर्वाचन अधिकारी विष्णु कांत तिवारी ने गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ राकेश कुमार श्रीवास्तव, रामानुज सिंह, रमाकांत मिश्रा, अवधेश प्रसाद शुक्ला, सुख सागर यादव, सुनील कुमार द्विवेदी व गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ सुभेष कुमार, अभिनाथ यादव, सौरभ कुमार, सुमन, पंकज कुमार, रमेश कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अतिथियों का अंगवस्त्र कर सम्मान किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर राजकुमार अग्रहरी, नंदलाल अग्रहरी, सत्यनारायण सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रेम चंद यादव, रविन्द्र जायसवाल, कुलभूषण पाण्डे, छोटे लाल, राकेश तिवारी, रविन्द्र यादव, सरवर, कमलेश मोहन आदि उपस्थित रहे। संचालन अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा ने किया।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की। मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चीन को पछाड़ते हुए भारत अब दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की बुधवार को जारी द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन यानी 142.86 करोड़ हो गई है, वहीं चीन की जनसंख्या 1,425.7 मिलियन यानी 142.57 करोड़ है। दोनों देशों की आबादी में सिर्फ 29 लाख का अंतर है। अमेरिका में एक दिन में 10 हजार बच्चे जन्म लेते हैं, जबकि भारत में एक दिन में 86000 बच्चे जन्म लेते हैं। जनसंख्या विस्फोट ज्यादातर समस्याओं की जड़ है। इस मौके पर विमल प्रसाद सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, संदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# म्योरपुर एयरपोर्ट विस्तार के लिए भूमि का सर्वे करेगी दिल्ली की टीम

**प्रक्रिया शुरू**

## एएआई की भूमि प्रबंधन इकाई की टीम तीन दिनों तक करेगी सर्वे

जनसंदेश न्यूज

म्योरपुर। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत निर्माणाधीन एयरपोर्ट के दूसरे चरण के विस्तारीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की भूमि प्रबंधन इकाई की टीम तीन दिनों तक सर्वे करेगी। टीम के गुरुवार को म्योरपुर पहुंचने की संभावना है। सर्वे में टीम स्थानीय राजस्वकर्मियों के साथ मिलकर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के दायरे में आने वाले गांवों की भूमि का चिन्हांकन करेगी। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही भूमि अधिग्रहण का कार्य आगे बढ़ेगा।

म्योरपुर स्थित हवाई पट्टी का विस्तार करके इसे हवाई अड्डे का रूप दिया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इस हवाई अड्डे की उपयोगिता को देखते हुए शासन ने इसे अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप विकसित करने की भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए कम से कम सात एकड़ भूमि की जरूरत होगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसका प्रारम्भिक खाका भी तैयार कर लिया है। इसमें म्योरपुर, बलियरी, कुंडाडीह, हरहोरी, करकोरी, बभनडीहा सहित छः गांव शामिल हैं। इन गांवों में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एएआई की भूमि प्रबंधन इकाई की टीम तीन दिनों तक म्योरपुर में सर्वे कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। क्षेत्रीय लेखपाल अनिल मौर्या ने बताया कि टीम के साथ राजस्वकर्मी भी सर्वे में टीम की मदद करेगी।

### म्योरपुर बाजार के विस्थापन का खतरा बरकरार

म्योरपुर। एएआई की भूमि प्रबंधन इकाई की टीम के आने की सूचना को लेकर कस्बेवासियों की धड़कनें फिर से बढ़ गयी है। उन्हें लग रहा है कि म्योरपुर बाजार के विस्थापन का खतरा अभी भी बरकरार है। प्रारम्भिक सर्वे में पूरा म्योरपुर बाजार दायरे में आ रहा था। बाजार को बचाने के लिए पूर्व में स्थानीय व्यापारियों ने संगठित होकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एव आला अफसरों से मुलाकात की थी। ज्ञापन देकर बाजार बचाने का अनुरोध किया था। सर्वे हेतु टीम के आने की सूचना मिलने के बाद बाजार के व्यापारी अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं।

### आज बंद रहेंगे परिषदीय स्कूल

सोनभद्र। प्रभारी बीएसए रंजना शुक्ला ने बताया कि अतिम रमजान के अवसर पर 21 अप्रैल को जिले के परिषदीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व सहायता प्राप्त विद्यालय बंद रहेंगे।

# निकाय चुनाव : अध्यक्ष 32, सभासद के लिए 187 ने किया नामांकन

**नगर निकाय चुनाव**

## अध्यक्ष के 32 व सभासद के खरीदे गए 187 पर्चे

जनसंदेश न्यूज




सोनभद्र/ओबरा/दुद्धी। जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन गुरुवार को दस निकायों के लिए अध्यक्ष पद के लिए 32 और सभासद पद के लिए 187 पर्चे क्रय किए गए। वहीं 219 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 32 व सभासद के लिए 187 नामांकन हुआ।

रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 3 व सभासद के लिए 38 पर्चे खरीदे गये। नगर पंचायत चुर्क में अध्यक्ष पद के लिए 4 व सभासद के लिए 16 पर्चे खरीदे गये। वहीं घोरावल नपं अध्यक्ष के लिए 4 व सभासद के लिए 35 पर्चा खरीदा गया। दुद्धी संवाददाता के अनुसार- स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत चुनाव के नाम निर्देशन पत्रों के दाखिले के चौथे दिन चारों नगर पंचायत क्रमशः दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी, अनपरा में दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु विभिन्न वार्डों से 4 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। रेनुकूट नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु प्रज्ञा तिवारी पत्नी पंकज तिवारी, बृजेश पांडेय पुत्र केदार पांडेय, फूलमती पत्नी रामपति ओझा, विनोद शर्मा पुत्र हजारी प्रसाद शर्मा ने एक-एक सेट में नामांकन दाखिल किया। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु 15 लोगों ने नामांकन दाखिल किया।

पिपरी से अध्यक्ष पद पर किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं वार्ड सदस्य पद पर 12 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। अनपरा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए विश्राम प्रसाद व स्वतंत्र कुमार, वार्ड सदस्य पद हेतु विभिन्न वार्डों से 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। ओबरा संवाददाता के अनुसार-चोपन नपं सभासद के लिए 6 पर्चे खरीदे गये। वहीं ओबरा में नपं अध्यक्ष पद के लिए 6 व सभासद के लिए 30 पर्चे खरीदे गये। जबकि डाला नपं अध्यक्ष पद के लिए 6 व सभासद के लिए 9 पर्चे खरीदे गये।

# ग्रामीण अंचलों में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं

**चौपाल**

## चौपाल में उठा प्रदूषण का मुद्दा शुद्ध पानी आपूर्ति का दिया भरोसा

## युवाओं को नशा मुक्ति के लिए किया गया प्रेरित



चौपाल को संबोधित करते अतिथि

म्योरपुर। बभनी ब्लाक के छत्तीसगढ़ सीमावर्ती ग्राम पंचायत मुनगाडीह स्थित रेशम उत्पादन फार्म परिसर में बुधवार की शाम भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में वार्ड 20 चौपाल का आयोजन मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान रेशम विभाग के सहायक निदेशक रणबीर सिंह ने रेशम किट पालन में रोजगार की असीम संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार मिल रहा है। जरूरत है युवा स्थानीय स्तर पर रोजगार में मन लगाएं। बबई मरकाम, जोगी, प्रधान गुड्डिया देवी ने आदिवासियों को पंचायत में आरक्षण का मुद्दा उठाया, साथ ही नशा मुक्ति के प्रति युवाओं को सचेत किया। कहा कि शराब से आर्थिक, सामाजिक नुकसान हो रहा है और आदिवासी युवा विकास में पीछे रह जा रहा है।

आशीष कुमार ने भाजपा की नीतियों और समाज के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयास की चर्चा की। उन्होंने मोटे अनाज और शहद उत्पादन में स्वरोजगार तलाशने का आह्वान किया। प्रदूषण की समस्या पर जगत ने कहा कि औद्योगिक प्रदूषण से हवा, पानी में जहर घुल रहा है। हिंद जलाशय के पानी में मरकरी है। हर घर जल नल योजना के तहत पानी आपूर्ति से असर स्वास्थ्य पर पड़ेगा। अध्यक्षता करते हुए प्रमोद कुमार दुबे ने कहा कि सरकार गरीबों, आदिवासियों के विकास के प्रति सजग है। इस मौके पर सुमित सोनी, द्वारिका प्रसाद, शशांक कुमार, दीपक कुमार सिंह, पंकज कुमार, विनेशर, लाल केश कुशवाहा, राधे श्याम गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# लापता बच्चों को पुलिस ने ननिहाल से किया बरामद

**सफलता**

## डांट से क्षुब्ध होकर तीनों बच्चे चले गए थे ननिहाल

ओबरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के खैरटिया टोला निवासी तीन नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी ओबरा थाने में दर्ज कराई गई है खैरटिया निवासी राजकुमार द्वारा ओबरा थाने में दी तहरीर के मुताबिक उसका भतीजा विकास कुमार (10) पुत्र लोकनाथ हलवाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरटिया में कक्षा छह का छात्र है जो कि बुधवार की सुबह से ही लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया।पीड़ित के मुताबिक उसके भतीजे विकास के साथ गाँव के रहने वाले अन्य छात्र मनोज कुमार (12) पुत्र सुभाष चेरो और सुजीत कुमार (10) पुत्र महेंद्र भी बुधवार की सुबह स्कूल जाने के लिए साथ निकले थे लेकिन घर वापस नहीं लौटे जिसके बाद परिजनों ने चिंतित



होकर दिनभर तीनों बच्चों की काफी खोजबान की लेकिन कुछ भी मालूम नहीं चला इसके बाद गुरुवार की सुबह ओबरा थाने में तीनों बच्चों के लापता होने की सूचना दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी वहीं गुरुवार शाम तीनों बच्चे कोन थाना अंतर्गत चकरिया अपने ननिहाल से बरामद कर लिए गये हैं इसकी जानकारी ओबरा प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने दिया। बताया कि स्कूल नहीं जाने पर पिता की डांट से क्षुब्ध होकर तीनों बच्चे अपने ननिहाल चले गए थे ननिहाल से इसकी सूचना ओबरा में परिजनों को दी गई, इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

# सौर ऊर्जा की रोशनी से रोशन होंगे प्राथमिक विद्यालयः राहुल सहगल

डाला। क्षेत्र के विद्युत विहीन प्राथमिक विद्यालयों में सौर ऊर्जा का उजाला फैलेगा और जल्द ही पांच और प्राथमिक विद्यालय सौर ऊर्जा की रोशनी से रोशन होंगे। यह बातें अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट हेड राहुल सहगल ने गुरुवार को सेक्टर सी खटखर प्राथमिक विद्यालय पर लगाए गए सौर ऊर्जा व चोपन इंटेक बस्ती में कायाकल्प किए गए प्राथमिक विद्यालय में उद्घाटन के दौरान कही।

बता दें कि अल्ट्राटेक के सीएसआर से चोपन विकास खंड में स्थित सेक्टर सी प्राथमिक विद्यालय खटखर में दो कंप्यूटर समेत लगाए गए, एक किलो वाट के सोलर पैनल व चोपन इंटेक बस्ती में कायाकल्प किए गए प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभारी बीएसए रंजना शुक्ला व विशिष्ट अतिथि अल्ट्राटेक यूनिट हेड राहुल सहगल, पंकज पोद्दार, ऋषि राज सिंह शेखावत ने फीता काट कर किया। सौर ऊर्जा लगने से विद्यार्थियों व शिक्षकों ने खुशी जाहिर की। मुख्य अतिथि ने अल्ट्राटेक द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक नहीं कई प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां विद्युत व्यवस्था नहीं है, वहां हर संभव विद्युत व्यवस्था कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में अल्ट्राटेक द्वारा किए जा रहे सहयोग से बच्चों का भविष्य और बेहतर बनेगा। अच्छी शिक्षा के साथ अच्छा भोजन, अच्छा स्कूल ड्रेस बच्चे प्राप्त कर सकें, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। यूनिट हेड ने कहा कि कंपनी के सीएसआर द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल आदि तमाम सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं, प्राथमिक विद्यालय में एक किलो वाट का सोलर पैनल के साथ तीन पंखे दो कंप्यूटर दिए गए हैं। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को ड्रेस उपलब्ध कराने व पांच और स्कूलों को चिन्हित कर उसमें सौर ऊर्जा लगाने की बात कही। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने कहा कि सौर ऊर्जा व कंप्यूटर होने से छात्रों के साथ शिक्षकों को भी सहूलियत मिलेगी। संचालन अल्ट्राटेक सीएसआर अधिकारी रमेश चंद्र पांडेय ने किया। इस मौके पर एबीएसए सुनील कुमार, डा. अरविंद कुमार, अजय गोस्वामी, आशीष पाल, सृजन किशोर, अनुभूति किरण, सृष्टि मिश्रा, अंजली कुमारी आदि मौजूद रहे।

**अवसर**

## खटखर प्राथमिक विद्यालय पर सौर ऊर्जा चोपन इंटेक बस्ती में कायाकल्प प्राथमिक विद्यालय का किया गया उद्घाटन



# जनपदवासी सौहार्द्र व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार: डीएम

**अपील**

### पुलिस लाइन सभागार में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर, अलविदा की नमाज व आगामी नगर पंचायत चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के सभी धर्मों के धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व गणमान्य व्यक्तियों आदि के साथ शान्ति समिति व पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी से त्योहारों को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके एवं लोकतंत्र के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी। इस दौरान एसपी ने कहा कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें, कहीं भी किसी भी प्रकार की जानकारी को पुलिस व प्रशासन से तत्काल साझा करें। जिलाधिकारी ने कहा पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके अलावा बिजली, पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हेतु निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आने वाले पर्व एवं त्योहारों की शुभकामनाएं दी। कहा कि किसी भी अफवाह या झूठी खबरों पर कदापि विश्वास न करें और न ही किसी व्यक्ति अथवा स्थान पर या सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर किसी भी धर्म व संप्रदाय आदि के सम्बन्ध में ऐसी कोई टिप्पणी करें, जिससे किसी को भी ठेस पहुंचे और आपसी सद्भाव प्रभावित हो। पुलिस लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है ऐसा करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद के समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण को सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहारों एवं चुनाव प्रक्रिया को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन सभागार में अफसरों संग बैठक करते डीएम व एसपी।

# परीक्षा में सफल अमन व सपना और आकांक्षा को मिला सम्मान

जनसंदेश न्यूज


कम्पोजिट विद्यालय डेढ़ावल में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक व प्रधान।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय डेढ़ावल में गुरुवार को विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्रों को माला फूल पहनाकर व मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित प्रधान व विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा का परिणाम बुधवार को सायं घोषित हुआ। जिसमें कंपोजिट डेढ़ावल के अमन कुशवाहा ने 103 अंक प्राप्त कर 13वां रैंक हासिल किया। वहीं सपना ने 88 अंक प्राप्त कर 28 वां रैंक एवं आकांक्षा गुप्ता ने 87 अंक प्राप्त कर 29 वां रैंक हासिल कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

सफलता प्राप्त बच्चों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवमिलन तिवारी व प्रधानाध्यापक मदन राम शर्मा ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। साथ ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री तिवारी ने बच्चों को पांच पांच सौ रुपए पारितोषिक देकर सम्मानित किया। सफलता में विशेष योगदान के लिए शिक्षक रूपेश कुमार सिंह को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक जय प्रकाश रावत ने बताया कि इस वर्ष मात्र तीन बच्चों ने सफलता हासिल की है, जबकि यहाँ पिछले वर्षों में प्रत्येक वर्ष 12 से 16 बच्चे सफल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रति माह एक हजार रुपए यानी बारह हजार प्रति वर्ष के हिसाब से चार वर्ष में कुल 48 हजार रुपये प्राप्त होता है। कंपोजिट विद्यालय डेढ़ावल से विगत वर्षों से अब तक पचासों बच्चे इस योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस सफलता पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावको ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर सत्यभामा देवी,सुनीता मौर्या, तसलीमुननिशा, सुशील पांडेय, विकास, पूनम, अनीता श्रीवास्तव, सुतीक्षण लाल श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सहित अन्य उपस्थिति रहे।

## संक्षेप

### कैंसर पीड़ित चंद्रभानु के निधन पर परिजनों को दी आर्थिक मदद


अंबर गांव में पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करते लोग

**चंदौली।** जनपद के अंबर गांव निवासी चंद्रभानु पासवान के निधन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को उनके आवास पर पहुंचा। इस दौरान कैंसर पीड़ित चंद्रभानु पासवान के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके निधन पर गहरा दुख जताया। साथ ही परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। विदित हो कि मृतक चंद्रभनु पासवान का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है और ऐसे में उनकी बीमारी के कारण निधन पर परिवार को गहरा आघात लगा है। दुख की इस घड़ी में पासवान समाज के साथ ही संभ्रांत लोगों के सहयोग से सहायता राशि जमा की गई, जिसे गुरुवार को उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि असहाय व गरीब वर्ग की मदद करना समाज के समृद्ध वर्ग का नैतिक दायित्व है। मनुष्य एक सामाजिक संरचना का एक अहम हिस्सा है। ऐसे में उसके साथ जुड़े सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर बंसराज पासवान, दिलीप पासवान, अरविंद पासवान, अखिलेश्वर यादव, उमेश पासवान, अनिल गुप्ता, विजय पासवान, डा.अवधेश सरोज, राजन पासवान, सुरेंद्र पासवान, प्रमोद पासवान, मुलायम यादव आदि उपस्थित रहे।

### ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर में दो घायल, वाराणसी रेफर

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिछियां गांव के समीप गुरुवार की शाम ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक चालक केबिन में फंस गया। उसे रेस्क्यू करके बाहर निकाल आसपास के लोगों ने 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। बताते हैं कि राजस्थान के बिजनौर जिला निवासी ट्रक चालक दीपक सिंह 27 वर्ष व खलासी मुस्तकीम 30 वर्ष उड़ीसा से ट्रक में स्पंज लादकर पंजाब जा रहा था। जैसे ही नेशनल हाईवे के बिछिया गांव के समीप पहुंचा की खाद्यान्न लेकर जा रहे ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दिया। इसके चलते ट्रक की के भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें चालक और खलासी फंस गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और ट्रक चालक को किसी प्रकार रेस्क्यू करके बाहर निकाला। घायल अवस्था में चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण चालक दीपक सिंह को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। वही मौके पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### बाबा साहब अंबेडकर यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**डीडीयू नगर।** भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर को समर्पित बाबा साहब अंबेडकर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रियों के साथ डीडीयू मंडल के गया स्टेशन पर ट्रेन पहुंची। इस दौरान रेलवे द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार तथा विधायक डॉ. प्रेम कुमार द्वारा माला पहना कर बाबा साहब अंबेडकर यात्राश में गया आने वाले यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में रेलकर्मी, स्कूली बच्चे व आमजन उपस्थित रहे। बाबा साहब अंबेडकर यात्रा में गया आने वाले यात्रियों द्वारा यहां दो दिन के ठहराव के दौरान बोधगया, राजगीर और नालंदा में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेगा। गुरुवार की रात में बाबा साहब अंबेडकर यात्रा ट्रेन गया से आगे प्रस्थान करेगी। इस यात्रा को लेकर यात्रियों में काफी उत्साह देखा गया। यात्रियों द्वारा प्रधानमंत्री, रेलमंत्री के साथ साथ भारतीय रेल के प्रति आभार भी प्रकट किया गया। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से बाबा साहब डा.अंबेडकर को समर्पित बाबा साहब अंबेडकर यात्रा भारत गौरव ट्रेन चलाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए भारतीय रेल के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# चंदौली चेयरमैन पद के तीन उम्मीदवारों ने वापस लिया पर्चा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** नगर पंचायत चंदौली के अध्यक्ष पद के तीन और सभासद के लिए चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। जहां नगर पंचायत चंदौली अध्यक्ष पद के लिए 12 लोग चुनावी मैदान में हैं वही सभासद के लिए 64 प्रत्याशी चुनावी जंग में दो-दो हाथ करने के लिए तैयार हो गया। उन्हें प्रतीक चिह्न का आवंटन किया जाएगा। विदित हो कि नगर पंचायत अध्यक्ष चंदौली के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिसमें गुरुवार को आरओ दिग्विजय प्रताप सिंह के समक्ष पहुंचकर तीन ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसमें धर्मजीत श्यामलाल शास्त्री और अमित कुमार यादव शामिल है।

अध्यक्ष पद के लिए अब चुनावी जंग में सुनील यादव, सुदर्शन सिंह, संतोष, विवेक सिंह, देवी शरण, ओमप्रकाश सिंह, संजय सिंह, विवेक, रत्ना सिंह, भरत गुप्ता, मनोज व बृजेश यादव चुनावी मैदान में है। वही सभासद के लिए आरो नगेंद्र प्रताप के समक्ष पहुंचकर दीपक रेनू सिंह, सीताराम, राजेश ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। नगर पंचायत के कुल 15 वार्ड में 70 उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल किया था। गुरुवार को नाम वापसी के बाद अब 64 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। वहीं नगर पंचायत सैयदराजा चेयरमैन पद के लिए उम्मीदवारी करने वाले किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। यानी उम्मीदवारी करने वाले सभी प्रत्याशी चुनावी मैदान में दो-दो हाथ करने को तैयार है। सभासद के लिए एक प्रत्याशी ने किया नामांकन वापस लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष के आर ओ मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि नाम वापसी के दिन चेयरमैन पद के लिए किसी ने नामांकन पत्र वापस नहीं दिया। सैयदराजा से इशरत खातून, पुष्पा, फातिमा बीवी, बिलकिस, मजीदून, रीता, रूबी, शहनाज बेगम, श्वेता गुप्ता शामिल है। वही आरओ मणिशंकर के समक्ष पहुंचकर एक सभासद प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया, जिसमें माधुरी देवी शामिल है। जहां 13 वार्ड के लिए 70 सभासद प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, लेकिन एक प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद अब 69 चुनावी जंग के लिए तैयार है।


नामवापसी के दौरान नामांकन स्थल पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी।

### अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत महाविद्यालय में हुआ मॉकड्रिल

**डीडीयू नगर।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी कुमार रमाशंकर तिवारी के निर्देशन में लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय नियमताबाद में फायर स्टेशन प्रभारी मुगलसराय, एफएसएसओ मुन्नी सिंह के नेतृत्व में एवं लीडिंग फायरमैन नरेंद्र कुमार सिंह, फायरमैन चालक चितरंजन कुमार पाठक फायरमैन संतोष कुमार यादव, फायरमैन उत्तम कुमार यादव एवं फायरमैन सिकंदर गिरी एवं नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा संयुक्त रूप से अग्नि सुरक्षा में जागरूकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ संजय पाण्डेय, डॉ अरुण पाण्डेय, डॉ भावना एवं डॉ इशरत जहां, नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डेन राजीव कुमार गुप्ता, सहायक लिपिक राजीव कुमार, इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन, बरौनी कानपुर पाइप लाइन के उप महाप्रबंधक सुमन कुमार, सेफ्टी आफिसर शिवम दीक्षित द्वारा अग्निशमन स्मृति दिवस एवं अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाये जाने के संबंध में अपना-अपना विचार व्यक्त किया।

# ईद पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** ईद पर्व को लेकर रोजेदारों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोग बाजारों में खरीदारी तेज कर दी है। नगर के जीटी रोड फुटपाथ से लेकर बड़ी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देर शाम तक लगने लगा है। जिससे सुनसान पड़े बाजार में एक बार रौनक लौटने लगा है। ईद पर्व की तैयारी अंतिम चरण में है। अब रोजेदारों में चांद के दीदार का इंतजार है।

नगर के प्रमुख दुकानों पर खाने-पीने के सामान से लेकर विभिन्न सामानों की दुकानें सजा दी गई है। गर्मी का पारा कम होते ही लोग बाजार में सामानों की खरीदारी करने के लिए इकट्ठे हो रहे हैं। जूते, चप्पल, रंग-बिरंगी ओढ़नी, नकाब साड़ी, किराना, कपड़ों की दुकान व खानपान की दुकानों पर रोजेदारों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों वह महिलाओं की अधिक भीड़ रेडीमेड कपड़ों व कास्मेटिक की दुकानों पर ज्यादा हो रही है। नगर क्षेत्र के धर्मशाला रोड, गल्ला मंडी, परमार कटरा, लाल बहादुर शास्त्री क्रय विक्रय केंद्र आदि स्थानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। महंगाई की दौड़ में अपने अपने पुरुषार्थ के अनुसार लोग सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। त्यौहार पर किसी तरह की कोई कमी न रह जाए।

इसके लिए लोगों ने अभी से खरीदारी तेज कर दी है। ईद पर पारंपरिक कुर्ते पजामे की खूब डिमांड है। बुजुर्गों में ही नहीं युवाओं में भी कुर्ता पजामा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। पाक रमजान माह समाप्ति की ओर है। चांद दिखने के अनुसार संभावित 22 अप्रैल को ईद का त्यौहार मनाया जाना है। जिससे रोजेदारों के घरों में तैयारियां तेज हो गई है। रमजान का दो दिन और शेष रह गए हैं। जिससे ईद की भी तैयारियां तेज हो गई है। इसको देखते हुए ईदगाह, मस्जिदों और घरों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

# पुलिस और आबकारी विभाग ने किया संयुक्त जांच



**सकलडीहा।** शराब की गुणवत्ता और अवैध शराब को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। गुरूवार की देर शाम सीओ राजेश कुमार राय और आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा सकलडीहा क्षेत्र के आधा दर्जन देशी, अंग्रेजी और बीयरों की दुकान की जांच किया। इस दौरान दुकान का स्टॉक सहित अन्य बिंदूओं पर जांच किया।

चेताया कि किसी प्रकार की खामिया मिलने व ओवर रेटिंग पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। जनपद में अवैध मादक पदार्थो पर प्रभावरी रोकथाम और कार्यवाही को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तरह मुस्तैदी दिखाया जा रहा है। इस क्रम में सीओ राजेश कुमार राय और आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा सकलडीहा के ईटवा, डेढ़ावल, चतुर्भुजपुर, तुलसी आश्रम और नईबाजार क्षेत्र के मदिरा दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, क्यूआर कोड, रेटिंग की जांच कराया। दुकानदारों को चेताया कि किसी प्रकार की अन्य दुकान या अवैध रूप से शराब मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से पूरी तरह से सर्तकर्ता बरती जा रही है।

शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। इस मौके पर आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा, कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य, मोहन प्रसाद सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## डीडीयू नगर के चार सभासद प्रत्याशियों ने लिया पर्चा

**डीडीयू नगर।** नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के अलग-अलग चार वार्डों में नामित सभासद प्रत्याशी के साथ चार और लोगों ने फार्म भर दिया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद रामकिशुन के निर्देश पर ब्लाक प्रमुख बाबूलाल ने नाराज सभासदों को समझा-बुझाकर पर्चा वापस करा दिया। इस दौरान पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि नगर पालिका परिषद में होने वाले चुनाव में सपा को सभी वार्ड में सभासद का चुनाव बहुत ज्यादा अंतर से जीतेगी। आज वार्ड नंबर 14 से पूर्व सभासद महेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र इंद्र प्रताप और वार्ड नंबर 21 सुभाष नगर से चार बार के सभासद भैया लाल यादव, वार्ड नंबर आठ से बीरबल, वार्ड नंबर नौ मुगलचक से गौरी यादव ने सपा समर्थित पार्टी के प्रत्याशी रजत वर्मा और आरती यादव, को अपना समर्थन दिया है। इस मौके पर अमरनाथ जायसवाल मोनू, पूर्व चेयरमैन मुसाफिर सिंह चौहान, अयूब खां गुड्डू, गुड्डू तिवारी, राजू यादव, दशरथ यादव, धीरज यादव, दिनेश, गौरी शंकर तिवारी, प्रेमनाथ तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# देश में कानून और संविधान की उड़ाई जा रही धज्जियां: सत्यनारायण राजभर

**सम्मान समारोह**

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**सकलडीहा।** कस्बा के नागेपुर स्थित मां दुर्गा बालिका इंटर कॉलेज में सपा जिलध्यक्ष सत्यनारायण राजभर का गुरुवार को कार्यकताओं की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने मालाफूल व अंगवस्त्र पहनाकर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस मौके पर सपाजिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को समाजवादी ताकत को मजबूत करने का आवाहन किया।

सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि देश में कानून व्यवस्था और संविधान का धज्जियां उड़ाया जा रहा है। अब आम जनता सुरक्षित नही है। हिंदू मुस्लिम के नाम पर देश को बांटा जा रहा है। देश में पूंजीपतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षित बेरोजगार नौजवान भटक रहे। महंगाई के कारण गरीब और गरीब हो रहा है। अमीर अमीर बन रहा है।

सभी सरकारी कल कारखाना, रेल, हवाई जहाज प्राइवेट किया जा रहा है। सभी विपक्षी दल लोकतंत्र को बनाये रखने के लिये एकजुट है। आगामी लोकसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार को करारी शिकस्त देना होगा। इसके पूर्व कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को माला फूल और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर कलावती यादव, केशव राजभर, दिनेश सिंह, श्रवण कुमार, महेन्द्र, विजयी, राजीव, प्यारे, मोहन, मन्ना, गणेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


नागेपुर स्थित एक विद्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर।

# सुरक्षा को लेकर बालिकाओं को एंटीरोमियो दल ने किया जागरूक

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के हर विद्यालयो, कस्बा, जीप स्टैंड, सन्दिग्ध जगहों पर गुरुवार को बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर हमारी सुरक्षा के मद्देनजर बलुआ पुलिस बुकलेट देकर जागरूक कर आगाह कर रही है।वही सुरक्षा को लेकर किसी घटना की अनहोनी पर तत्काल फोन करने को अलर्ट किया। बालिकाओं व महिलाओं के सुरक्षा को लेकर बलुआ थाने की टीम एसआई अभिनव गुप्ता के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल सुधा यादव व रिंकी बाजारों व विद्यालय व सन्दिग्ध स्थानों पर बालिकाओं ,महिलाओं से वार्ता कर सुरक्षित रहने के टिप्स लिखे बुकलेट बांटकर अलर्ट कर रही है।

उनके सुरक्षा के बारे में जानकारी दे रही है। वही अगर आप से कोई असम्मानजनक तरीके से व्यवहार करता है या घरेलू हिंसा, फोन अथवा इंटरनेट, सार्वजानिक स्थल या कार्य स्थल पर छेड़खानी हिंसा होती है तो आप 1090 को सुचित करें। महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्डलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, बलुआ थाना सीयूजी नम्बर 9454403180 पर फोन कर सूचित करने के भी टिप्स दिये।

इस दौरान एसआई अभिनव गुप्ता ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो कि टीम उनको जागरूक कर रही है। जहां भी लड़को का ग्रुप इस तरह से कार्य कर रहा है या फिर कहीं भी सन्दिग्ध दिख रहे है उनके परिजनों को बुलाकर हिदायत देकर छोड़ दिया जा रहा है। यदि कोई भी इससे त्रस्त है या ऐसी घटनाये कोई भी देख रहा है तो तत्काल पुलिस से सम्पर्क करें। पुलिस उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा एलर्ट रहती है।


बलुआ में छात्राओ को जागरूक करती एंटीरोमियो दल की टीम।

### शहाबगंज बीडीओ समेत इलिया प्रधान व सेक्रेटरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कस्बा निवासी पिंटू गुप्ता के गौशाला निर्माण की धनराशि गबन किए जाने के मामले में ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, वीडीओ सहित कुल 4 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मुकदमा पंजीकृत किए जाने के बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बा के पिंटू गुप्ता का आरोप है कि उसे मनरेगा कंट्रक्शन के तहत ग्रामपंचायत इलिया द्वारा वर्ष 2021-22 में गौशाला निर्माण हेतु 12 लाख 92 हजार 285 रुपया का स्टीमेट 9 मार्च 2021 को तैयार करके गौशाला निर्माण हेतु शासन को भेजा गया था। जिसमें पिंटू गुप्ता को गौशाला निर्माण हेतु 95 हजार 782.77 पैसा 29 मार्च 2022 को स्वीकृत हुआ जो लाभार्थी के खाते की जगह आदर्श इंटरप्राइजेज की खाते में भेज दिया गया। जबकि लाभार्थी पिंटू गुप्ता को भट्टे से ईट, बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान से सामग्री तथा मजदूरी का भुगतान स्वयं करना पड़ा। पिंटू का गुप्ता का कहना है कि उसने गौशाला निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि की मांग कई बार ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी तथा वीडीओ से किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पता करने पर मालूम हुआ कि आदर्श इंटरप्राइजेज के प्रबंधक विनय गुप्ता के खाता में 95782.77 पैसा की स्वीकृत धनराशि खाते में आ चुकी है। जिस पर विनय गुप्ता से संपर्क करने पर उसने उक्त धनराशि को देने से पूरी तरह इनकार कर दिया। थक हार कर पिंटू ने 5 नवंबर 2022 को जिलाधिकारी को पत्र लिखा, कार्रवाई न होने पर 25 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदौली के यहां भी वाद पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर एक अप्रैल 2023 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार मिश्र द्वारा इलिया थानाध्यक्ष को मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना करने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र गुप्ता, आदर्श इंटरप्राइजेज के प्रबंधक विनय गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल पटेल, खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार सिंह के विरुद्ध धारा 406, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान, बीडीओ, सेक्रेटरी सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी में कानून नहीं, बल्कि आतंक का राज: वामदल

**चंदौली।** अतीक अहमद और अशरफ अहमद की पुलिस की मौजूदगी में और टीवी कैमरों के सामने हुई हत्या बताती है कि भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उक्त बातें वामपंथी दलों के राज्यव्यापी आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर कही। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय मार्च निकालकर ज्ञापन सौंपा।

भाकपा (माले) माले जिला सचिव अनिल पासवान ने कहा कि प्रयागराज में पुलिस हिरासत में उत्तर प्रदेश के सजायाफ्ता अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ अहमद की टीवी कैमरों के सामने हुई हत्यायें खुल कर कह रही हैं कि भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में कानून के राज का कोई स्थान नहीं है। हैरानी की बात है कि अतीक और अशरफ को इतने करीब जाकर गोली मारी गई तो पुलिस चुपचाप देखती रही और हत्यारों को उनका काम खत्म करके आत्मसमर्पण करने का इंतजार करती रही। माकपा नेता गुलाबचंद ने कहा कि झांसी में अतीक के बेटे की गैरन्यायिक हत्या के एकदम बाद अतीक और अशरफ की हत्यायें चौंकाने वाली हैं। भाकपा जिला सचिव कामरेड सुखदेव मिश्रा ने कहा कि 2006 में योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद थे, तब संसद में उन्होंने स्पीकर सोमनाथ चटर्जी के सामने रोते हुये उत्तर प्रदेश में उनके साथ हो रहे तथाकथित उत्पीड़न की शिकायत की थी। आज वे सत्ता में हैं, उनकी सरकार ने विरोधियों के खिलाफ खुलेआम आतंक, बदले की कार्यवाही और उत्पीड़न व दमन का राज कायम कर दिया है। श्रवण मौर्य ने कहा कि कानून के राज के खात्मे के कारण सभी धर्मों और जातियों के नागरिक वहां दिनोंदिन और ज्यादा असुरक्षित जीवन जीने को अभिशप्त हो गये हैं। इस मौके पर अनिता कुमारी, इंकलाबी नौजवान, ठाकुर प्रसाद, हरिशंकर विश्वकर्मा, उमानाथ चौहान, रामबाबू सोनकर, सरोजा, मोहनलाल बरनवाल, सुचिता राम, तूफानी गोंड, राम भजन बिंद, कन्हैया यादव, रामप्यारे यादव शामिल रहे। अध्यक्षता भाकपा(माले) व शशिकांत सिंह ने किया।


कलेक्ट्रेट में पैदल मार्च करते वामपंथी दल के नेता।

## शिखर धवन पर निर्भरता पंजाब किंग्स के लिए बड़ी चिंता : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि कप्तान शिखर धवन पर निर्भरता पंजाब किंग्स के लिए बड़ी चिंता का विषय है और अगर उसे वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब की दावेदारी पेश करनी है तो उसके अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। पंजाब की तरफ से अभी तक अधिकतर रन धवन ने बनाए हैं। उन्होंने चार पारियों में 233 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में पंजाब ने अभी तक दो मैच जीते हैं जबकि इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। कंधे की चोट के कारण धवन लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें टीम ने सैम करेन की अगुवाई में जीत दर्ज की थी। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, पंजाब की टीम लगता है कि बल्लेबाजी विभाग में कप्तान शिखर धवन पर बहुत अधिक निर्भर है जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी पर निर्भर होने के कारण आप दो या तीन मैच जीत सकते हो लेकिन आप आईपीएल जैसे टूनार्मेंट में खिताब नहीं जीत सकते हो।



# सीएसके की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उम्मीदें बढ़ीं

## चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आज सनराइजर्स हैदराबाद का करेगी सामना



**चेन्नई।** चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी तो उसे उम्मीद रहेगी कि उसके स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स आखिरकार फिट होकर मैदान पर उतरेंगे। पांव की चोट के कारण स्टोक्स पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन चेन्नई के लिए यह राहत की बात है कि अब वह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। स्टोक्स ने बुधवार को अभ्यास सत्र में भी हिस्सा लिया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर करीबी जीत दर्ज करने के बाद चेन्नई की टीम अपने घरेलू मैदान पर लौट रही है और ऐसे में इंग्लैंड के कप्तान की वापसी से उसे और मजबूती मिलेगी। उसके प्रतिद्वंदी सनराइजर्स को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी के शानदार प्रदर्शन तथा शिवम दुबे की आक्रामक पारी की मदद से चेन्नई ने पिछले मैच में बड़ा स्कोर खड़ा किया था। अजिंक्य रहाणे जिस तरह से बेफिक्र होकर आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उससे चेन्नई को मजबूती मिली है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए हैं। चेन्नई के प्रमुख बल्लेबाज जहां अपना जलवा दिखा रहे हैं वहीं उसके गेंदबाज रन प्रवाह रोकने में नाकाम रहे हैं। चेन्नई का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने आरसीबी के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया लेकिन अन्य गेंदबाजों के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है हालांकि प्रत्येक मैच के बाद तुषार देशपांडे के प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। चेन्नई को अगर सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर लगाम कसनी है तो उसके तीनों स्पिनरों महेश तीक्ष्णा, रविंद्र जडेजा और मोइन अली को और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चेन्नई ने सनराइजर्स के खिलाफ पिछले पांच में से चार मैचों में जीत दर्ज की है और वह अपने इस रिकॉर्ड को और बेहतर करने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ सनराइजर्स को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी तथा इसमें कप्तान एडेन मार्कराम को अहम भूमिका निभानी होगी। सनराइजर्स को यदि चेन्नई को उसके घरेलू मैदान पर हराना है तो उसके सभी बल्लेबाजों को उपयोगी योगदान देना होगा। सनराइजर्स को पिछले मैच में पावर प्ले में विकेट गंवाने का नुकसान उठाना पड़ा था तथा इसके बाद टीम के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने कहा था कि मध्यक्रम के किसी बल्लेबाज को आखिर तक टिके रहना होगा। सनराइजर्स का दारोमदार हैरी ब्रुक पर भी टिका होगा। अगर उनका बल्ला चलता है तो फिर चेन्नई के लिए उनसे पार पाना मुश्किल होगा। सनराइजर्स के गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। उसकी टीम में वाशिंगटन सुंदर है जिनका यह घरेलू मैदान है और वह अपनी विशेष छाप छोड़कर टीम को जीत दिलाने की कोशिश करेंगे।

***टीम इस प्रकार हैं:***

चेन्नई सुपर किंग्सः महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रीटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

सनराइजर्स हैदराबादः एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन , आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसीन, अनमोलप्रीत सिंह। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## धीमी ओवर गति के लिए केएल राहुल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना



**जयपुर।** लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। लखनऊ ने बुधवार की रात को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 10 रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल ने बयान में कहा, टीम का वर्तमान सत्र में धीमी ओवर गति से जुड़ी आईपीएल आचार संहिता के तहत यह पहला अपराध है और इसलिए कप्तान राहुल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। आईपीएल का लक्ष्य मैचों को तीन घंटे और 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति एक मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से भी अधिक समय तक खिंच रहे हैं।

# कोहली की कप्तानी में 24 रन से जीता बेंगलुरु, सीजन की तीसरी जीत हासिल

## पंजाब किंग्स के खिलाफ प्लेसिस-विराट की फिफ्टी के बाद सिराज की दमदार गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के 27वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 24 रनों से हरा दिया है। इस मैच में विराट कोहली बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे थे। इस हफ्ते 5वीं टीम ने घर में मैच गंवाया है। पंजाब से पहले, बुधवार को जयपुर में राजस्थान, मंगलवार को हैदराबाद में एसआरएच, सोमवार को बेंगलुरु में आरसीबी और रविवार को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को पराजय झेलनी पड़ी है।

यह बेंगलुरु की इस सीजन की तीसरी जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है।



चंडीगढ़ के पीसीए आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में पंजाब 18.2 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। आज डबल हेडर-डे है और दिन का दूसरा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कुछ देर में दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर शुरू होने जा रहा है। सिराज की गेंदबाजी मोहम्मद सिराज ने सटीक गेंदबाजी की। पहले उन्होंने पंजाब को पावरप्ले में दो झटके दिए। उसके बाद 18वें ओवर में दो विकेट चटकाकर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पंजाब ने लगातार विकेट 175 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब ने लगातार विकेट गंवाए। टीम के टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर में कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। टीम की सबसे बड़ी साझेदारी 41 रनों की रही, जो जितेश शर्मा और हरप्रीत बरार के बीच 8वें विकेट के लिए हुई। ओपनिंग पार्टनरशिप विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने 137 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। बेंगलुरु का पहला विकेट 17वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। इस पारी में पंजाब के गेंदबाज नाकाम रहे।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने दर्शकों को लुभाया



**मुंबई।** स्टार प्लस का 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' टेलीविजन के लॉगेस्ट रनिंग टीवी शोज में से एक है। इस शो ने शुरूआत से ही दर्शकों को काफी एंटरटेन किया है, फिर चाहे वो सीरियल का प्लॉट हो, या स्टार्स की परफॉर्मेंस, शो के हर पहलू ने दर्शकों को लुभाया। राजन शादी द्वारा निर्मित यह शो आज भी लोगों की बीच बेहद पापुलर है क्योंकि शो अलग अलग भावनाओं और रिश्तों की कहानी दर्शाता है और शो के हर एक इमोशन को दर्शक खुद भी महसूस कर सकते है। इस शो में हर्षद चोपड़ा और प्रणाली राठौड़ अभिमन्यु और अक्षरा के लीड कैरेक्टर्स में हैं, जिन्हें दोनों के फैन्स अभिरा के नाम से भी जानते है। शो का वर्तमान ट्रैक अभिमन्यु, अक्षरा और अभिनव के इर्द-गिर्द घूमता है। हाल ही में प्रसारित प्रोमो में दिखाया गया है कि सच सामने आ चुका है कि अबीर, अभिमन्यु का बेटा है। इस सच के बाहर आते ही कि अबीर, अभिमन्यु का बेटा है, अभिमन्यु सदमे में है। तो यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिमन्यु और अक्षरा वर्तमान परिस्थितियों से कैसे निपटते हैं। यह भी दिखाया जाएगा कि अक्षरा, अभिनव का साइड लेंगी और उनके जीवन के कठिन दौर में उनका साथ देंगी। जय सोनी, जो इस शो में अभिनव की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा कि यह सबसे बड़े खुलासे में से एक होने जा रहा है जो अभिमन्यु, अक्षरा, अभिनव और आरोही के जीवन में हलचल मचा देगा। क्योंकि अब जब सच सामने आ चुका है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिनव किस तरह से सिचुएशन से निपटता है।

### सोनाक्षी और विजय वर्मा के 'दहाड़' का प्रीमियर 12 मई को




**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज अपने क्राइम ड्रामा, अमेजन ओरिजिनल सीरीज दहाड़ के लॉन्च की घोषणा कर दी है। इस साल की शुरूआत में द बर्लिनले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर करने वाली पहली भारतीय सीरीज बनने के बाद, दहाड़ का प्रीमियर अब 12 मई, 2023 को प्राइम वीडियो पर होगा। यह सीरीज रीमा कागती और जोया अख्तर द्वारा बनाई गई है, जिसे एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा निर्मित किया गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह मुख्य भूमिका में हैं। इसका निर्देशन रीमा कागती ने रुचिका ओबेरॉय के साथ किया हैं और ये सोनाक्षी सिन्हा का डिजिटल डेब्यू हैं, जिसमें वह एक खतरनाक महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो एक मर्डर केस सुलझाने की कोशिश करती है, एक बेखौफ अपराधी के साथ। यह 8 पार्ट का स्लो बर्न क्राइम ड्रामा है जो एक छोटे शहर के पुलिस स्टेशन में सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी और उनके सहयोगियों को फॉलो करता है। यह सब तब शुरू होता है जब कई महिलाएं रहस्यमय तरीके से पब्लिक बाथरूम में मृत पाई जाती है, तो सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसमें पहले तो मौतें स्पष्ट रूप से आत्महत्या लगती हैं, लेकिन जैसे-जैसे मामले सामने आते हैं, अंजलि को शक होने लगता है कि एक सीरियल किलर खुलेआम घूम रहा है। इसके बाद एक अनुभवी अपराधी और एक दलित पुलिस वाले के बीच बिल्ली और चूहे का एक दिलचस्प खेल शुरू होता है क्योंकि वह एक और निर्दोष महिला की जान गंवाने से पहले सबूतों को एक साथ जोड़ देती है। भारत और 240 देशों और क्षेत्रों में प्राइम मेंबर्स 12 मई को प्राइम वीडियो पर दहाड़ को स्ट्रीम कर सकते हैं।

# प्रसारणकर्ता अपना नजरिया रखने के लिए कमेंटेटर को पैसा दे रहे हैं : जोस बटलर

## बटलर ने कहा, मेरी ताकत हमेशा बेहतर एकदिवसीय और टी20 खिलाड़ी होना रही है



**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का कहना है कि अगर कोई कमेंटेटर किसी खिलाड़ी की आलोचना करता है तो वह केवल अपना काम कर रहा है और इसे स्वीकार करना किसी भी क्रिकेटर के करियर का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। बटलर ने 'ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे' को दिए साक्षात्कार में कहा, स्वीकृति आपके काम का एक बड़ा हिस्सा है। इस बात को स्वीकार करना कि प्रसारणकर्ता किसी को अपनी राय देने के लिए भुगतान करता है, वे सिर्फ अपना काम कर रहे हैं। जब वे मेरी आलोचना करते हैं तो यह मुझ पर व्यक्तिगत हमला नहीं होता है। उन्होंने कहा, और मैं अन्य खेल देखता हूं। मैं फुटबॉल देखता हूं और कहा जाता है 'ओह वह कैसे चूक गया? यह इतना आसान था'। ठीक यही लोग करते हैं जब मैं कैच छोड़ता हूं या कम स्कोर पर आउट हो जाता हूं। जब मैं दूसरे खेल देखता हूं तो मैं भी ऐसा ही करता हूं। इसे बस स्वीकार करना होगा। इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान का कहना है कि वह हमेशा सभी प्रारूप में खेलने वाला क्रिकेटर बनना चाहते थे और टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन नहीं कर पाना एक ऐसी चीज है जो अभी भी उन्हें परेशान करती है।

***'एक बहुत ही सफल टेस्ट क्रिकेटर बनने के लिए बेताब था'***

बटलर ने कहा, मेरी ताकत हमेशा बेहतर एकदिवसीय और टी20 खिलाड़ी होना रही है। मैं सभी प्रारूप का खिलाड़ी और एक बहुत ही सफल टेस्ट क्रिकेटर बनने के लिए बेताब था। मैंने काफी टेस्ट क्रिकेट खेला लेकिन कभी भी इस स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जिससे मुझे लगता कि मैंने वह हासिल कर लिया है जो करना चाहता था और यह हताशा हमेशा रहेगी। मैं हमेशा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनना चाहता हूं। बटलर ने कहा कि भारतीय क्रिकेटरों को विदेशों में श्रृंखला खेलते हुए भी जो समर्थन मिल रहा है, वह आंखें खोलने वाला है। उन्होंने कहा, जिस तरह से भारतीय खिलाड़ियों को प्यार और समर्थन दिया जाता है, उनकी प्रसिद्धि का स्तर अविश्वसनीय है। केवल एक चीज जिसे (मैं) इंग्लैंड के फुटबॉल से जोड़ सकता हूं। यह देखना आकर्षक है कि वे इससे कैसे निपटते हैं, मीडिया का सामना करना। आईपीएल से सीखा है कि कैसे अफरातफरी के बीच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अच्छे तरीके से इससे निपटते हैं। बटलर ने कहा, उस रात (आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ) बस देखा जब (महेंद्र सिंह) धोनी बल्लेबाजी करने उतरे। दर्शकों की इतनी अधिक उम्मीदें थी। वह जिस तरह स्थिति और बाहरी दबाव के बीच व्यवहार करता है वह काफी अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम जहां भी खेलने जाती है उसे काफी समर्थन मिलता है... क्रेग कीस्वेटर कार में मुझे मैनचेस्टर ग्राउंड (पदार्पण मैच के लिए) लेकर गए और मैंने टीम बस के आने का इंतजार कर रहे भारतीय प्रशंसकों की भीड़ को देखा। यह आंख खोलने वाला अनुभव था। बटलर ने कहा कि भारत में होने वाले आगामी 50 ओवरों के विश्व कप पर अधिक ध्यान आईपीएल के बाद ही दिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत क्रिकेट खेलने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। तो यह बहुत बड़ा होने वाला है।

# प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहे नौ पीठासीन व मतदान कर्मी

**निर्देश**

**गैरहाजिर अफसरों को सीडीओ ने प्रशिक्षण प्राप्त करने का दिया निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को मतदान से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं को विस्तारपूर्वक बताया गया।

मतदान से संबंधित समस्त प्रपत्रों, लिफाफों व अभिलेखों को समय से तैयार करने मतदान दिवस से 01 दिन पूर्व मतदान समाप्ति से लेकर बैलट बॉक्स जमा कराने तक की प्रक्रियाओं एवं उत्तरदायित्व के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। इस दौरान बैलट बॉक्स को मतदान हेतु तैयार करने एवं सील करने आदि के विषय में भी बताया गया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि निकाय चुनाव को पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक है कि मतदान कार्मिक मतदान से संबंधित समस्त जानकारियां अच्छी तरह प्राप्त कर लें।ि नर्वाचन की समस्त बारीकियां अच्छी तरह से जान लें। जहां कोई भी संशय हो उसे मास्टर ट्रेनर से पूछकर पूरी तरह आश्वस्त हो लें।

एसपी अंकुर अग्रवाल ने शांतिपूर्ण मतदान हेतु मतदान प्रक्रिया के बारे में बैलट बॉक्स में डाले जा रहे मतपत्रों की सुरक्षा आदि के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि सकुशल एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। प्रथम पाली में 215 पीठासीन अधिकारियों की एवं द्वितीय पाली में 215 प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसमें



प्रशिक्षण कार्यक्रम में अफसरों को संबोधित करते डीएम।

06 पीठासीन अधिकारी एवं 03 मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित रहे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक व मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने अनुपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि अनुपस्थित कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु एक अवसर और प्रदान करते हुए उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वह अगले प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त कर लें, अन्यथा निर्वाचन कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही के लिए सुसंगत धाराओं के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायित्व होंगे। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा ट्रेनिंग दी गई।

## सड़क दुर्घटना में अलग अलग दो बाइक सवार घायल

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग अलग स्थान पर बाइक सवार की आमने सामने टक्कर हो जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल होगये। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनो युवकों को जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के भोजापुर कालेश्वर मंदिर मार्ग पर बुधवार की देर शाम बढवलडीह गांव के समीप आमने सामने बाइक की टक्कर होगयी। जिसमें बरठी गांव निवासी 26 वर्षीय अमित कुमार गंभीर रूप से घायल होगयो।। वही दूसरा बाइक सवार मौका देख फरार होगया। जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। वही दूसरी ओर अज्ञात वाहन की टक्कर से गुरूवार को 60 वर्षीय छब्बी राय दुदौली गांव निवासी गंभीर रूप से घायल होगया। घायल को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। इस मौके पर डा. डा. एलबी शर्मा, क्षितिज सिंह, नंदलाल चौरसिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# खंडवारी में एमए के छात्र- छात्राओं में वितरित हुआ टैबलेट, खुशी

**चहनियां ।** स्थित मां खण्डवारी पीजी कालेज में एमए के 133 छात्रों व छात्राओं में टैबलेट बितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंध निदेशक डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया । टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। शासन द्वारा छात्र छात्राओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ने की कोशिश के तहत स्नातक या उसके समकक्ष छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को चहनियां स्थित मां खण्डवारी पीजी कालेज में एमए के 133 छात्रों व छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रबंध निदेशक डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह ने



चहनियां मां खण्डवारी पीजी कालेज में टैबलेट वितरित करते प्रबंध निदेशक डा. आशुतोष कुमार सिंह।

कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त गाइडलाइंस के अनुसार यदि हम प्रदत्त संसाधनों का सदुपयोग करते है तो निश्चित ही यह हमारे लिए बहुत लाभदायक होगा। तकनीकी छात्रों के लिए शासन द्वारा दिया जा रहा यह टैबलेट एक उपहार स्वरूप है जो पढाई में चार चांद लगा देगा। बशर्ते इसका सदुपयोग हो। क्योंकि सरकार इसे पढ़ने के उद्देश्य से दे रहे है। इसका लाभ उठाकर जीवन मे कुछ बनने की प्रतिज्ञा ले। वितरण कार्यक्रम में निदेशक अवनीश सिंह, प्राचार्य डा.अजय कुमार सिंह, डा. राधा कांत पाठक, सन्तोष सिंह, धर्मेंद्र यादव,विजय यादव,राघवेंद्र मिश्रा,नरेंद्र विक्रम,नीतू सिंह, मंजुली सिंह, शालिनी शर्मा, इंदु प्रजापति, आलोक सिंह, तेज प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित थे ।

# एक क्लिक पर अब मिलेगी पीयू की सूचनाएं


पीयू में एक्यूवेशन सेंटर का अवलोकन करती कुलपति प्रो. मौर्य

**अच्छी पहल**

**विश्वविद्यालय के हर काम को ऑनलाइन करने की तैयारी**

**कुलपति ने भी एक्यूबेशन सेंटर पहुंचकर देखा प्रस्तुतीकरण**

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजीटल इंडिया और जीरो टालरेंस का सपना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जल्द पूरा होते दिखेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य की पहल पर इसकी तैयारी शुरू करने के लिए शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को आईबास साफ्टवेयर सैल्यूसन के इन्टरप्राइजेज रिसोर्सेज प्लानिंग (ईआरपी) की प्रतिनिधि सेल्वी ने गुरुवार को एक्यूबेशन सेंटर में प्रशिक्षण दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य पेपरलेस वर्क है। अब कुछ ही दिनों में वीबीएसपीयू आईबास पर क्लिक करते ही विश्वविद्यालय की सभी सूचनाएं आपको मिल जाएगी।

कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में आनलाइन सिस्टम में काम करना अब जरूरी हो गया है। किसी फाइल का स्टेटस भी अब आनलाईन पता चलेगा कि फाइल कहां है और क्यों रूकी है? इसमें कुल 28 पैरामीटर के बारे में बताया गया है। शिक्षक की व्यक्तिगत प्रोफाइल के साथ-साथ उसकी अकादमी जानकारी भी इस साइट पर उपलब्ध रहेगी। इस कारण विश्वविद्यालय में आइक्यूएसी सेल से लेकर नैक क्रैटिरिया बनाने में भी यह साइट सहायक होगी। विश्वविद्यालय की सूचनाओं को केंद्रीकृत होने से अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को काफी सहूलियत होगी। शैक्षणिक संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने में ईआरपी सॉफ्टवेयर बहुत ही मददगार है। इस सॉफ्टवेयर की मदद प्रवेश, फीस, परीक्षा परिणाम, फाइल ट्रैकिंग, हॉस्टल प्रबंधन, प्रश्नपत्र निर्माण, प्रमाण पत्र, अवकाश प्रबंधन, कर्मचारी प्रोफाइल, सेमिनार, एलुमिनाई मीट आदि की सूचना बड़े आसानी से प्राप्त हो सकती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक से प्रो. मुराद अली, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पार्थडीकर, डा. विक्रम भटेजा, डा. नितेश जायसवाल, डा. संतोष कुमार राय, जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. धर्मेंद्र सिंह ने विभिन्न समस्याओं पर सवाल पूछे। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. नुपुर तिवारी, प्रो रवि प्रकाश, डा. प्रमोद यादव, डा. रसिकेश, डा. मनोज मिश्र, डा. गिरधर मिश्रा, डा. सुनील कुमार, डॉ. पुनीत धवन, अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पीयू के विद्यार्थियों ने किया सर्वे


टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करती कुलपति

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्यक्रम**

**टीम को कुलपति ने हरी झंडी दिखा किया रवाना**

**चौकियां धाम में कौन-कौन से उत्पाद बिक रहे हैं लोकल**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को शीतला मां चौकियाँ धाम में सर्वे किया गया। इस सर्वे को जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर किया जा रहा है। सर्वे में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक प्रश्न सूची तैयार कर यह जानने का प्रयास किया कि कौन से उत्पाद यहाँ पर विक्रय किये जाते हैं? कौन कौन से उत्पाद यहाँ बनाये जाते हैं? और कौन कौन से उत्पाद बाहर से लाकर बेचे जाते हैं?

इस सर्वे के द्वारा जिला प्रशासन की यह मंशा है कि जो उत्पाद बाहर से लाकर बेचे जा रहें हैं उनका भी निर्माण यहीं किया जा सके। इससे लाभ यह होगा कि यहाँ के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और उत्पाद भी कम कीमतों पर दुकानदारों को प्राप्त हो सके। इस सर्वे नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव एवं डॉ. विनय वर्मा की देखरेख में किया गया।

इसके पूर्व विश्वविद्यालय से रवाना होने पर सर्वे टीम को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर संस्कार श्रीवास्तव, हेदायत फातमा, रितिक पांडे, शशांक, आराधना, प्रीति, किशन जायसवाल, आलोक मौर्य, अमित पटेल, आनंद राज बिंद, प्रज्ञेश सेठ, अभय चंद्र, राज अग्रहरि, प्रिया आदि मौजूद रहे।

## विवादित जमीन पर मिट्टी गिरवाने से रोकने पर महिला को पीटा

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के आरा गांव में विवादित जमीन पर मिट्टी गिराते समय रोकने पर मनबढ़ों ने एक महिला को मारपीट कर जख्मी कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के आरा गांव की विनीता पत्नी सुरेंद्र का उनके पड़ोसी से जमीनी विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर बुधवार की देर रात महिला के विपक्षी ने उक्त विवादित जमीन पर बिना कोई सूचना दिए मिट्टी गिरवाना शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी जब विनीता को हुई तो वह मौके पर पहुंच गयी और उक्त विवादित जमीन पर मिट्टी गिराने से मना करने लगी। जिस पर महिला के विपक्षियों ने खुन्नस खाकर उसे मारपीट दिया। महिला ने डायल 112 पर कॉल कर के सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।



# आग से महिला झुलसी गृहस्थी का सामान खाक

**जनसंदेश न्यूज**

**हादसा**

**खूंटे से बंधी तीन बकरियां भी झुलसी ग्रामीणों ने बुझायी आग**


आग से राख मड़हा और जला सामान

**खुटहन।** भागमलपुर गांव में बुधवार की आधी रात रिहायशी छप्पर में अज्ञात कारणों से लगी आग में दस हजार नकदी, दो छप्पर व उसमें रखे हजारों के गृहस्थी का सारा सामान जल गया। गहरी नींद सो रही गृहस्वामिनी भी गंभीर रूप से झुलस गई। खूंटे से बंधी तीन बकरियां जिंदा जल गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पानी फेंक आग पर किसी प्रकार से काबू पाया।

गांव निवासी महंथलाल बिंद के रिहायशी छप्पर में अचानक आग की लपटें उठने लगी। उस समय छप्पर के भीतर उनकी पत्नी सरिता देवी गहरी नींद सो रही थी। आग की गर्मी से नींद खुली तो वह शोर मचाते हुए बकरियां खोलने लगी। तब तक आग ने दोनों छप्परों को अपनी आगोश में ले लिया। चारों तरफ से जल रही आग देख सरिता बकरियां छोड़ बाहर की तरफ भागी। उसकी साड़ी में भी आग पकड़ ली। मौके पर जुटे ग्रामीण किसी प्रकार से आग तो बुझा दिए, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। आनन फानन में उसे उपचार हेतु शाहगंज ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अगलगी में एक लाख से अधिक की क्षति का अनुमान है। पीड़ित पात्र होने के बाद भी उसे सरकारी आवास मयस्सर नहीं हो सका।

## वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** गुरुवार को एक वारण्टी उस समय पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जब पुलिस क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र का डीहअसरफाबाद गांव निवासी मंगरू पुत्र मुरली मुकदमा संख्या 691/11 धारा 323, 504 व 506 भादवि से सम्बंधित वारण्टी था। गुरुवार को पुलिस के उपनिरीक्षक राघवेन्द्र राय व हमराही कांसटेबल अरूण मौर्य के क्षेत्र भ्रमण के दौरान हत्थे चढ़ गया। मामले मे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही उसे न्यायालय को भेज दिया गया।



## तमंचा और कारतूस के साथ अन्तर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

**खुटहन।** लोनियापट्टी तालाब के पास बुधवार की शाम संदिग्धों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक अन्तर्जनपदीय बदमाश को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि वाहनों व संदिग्धों की चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति तालाब के किनारे खड़ा दिखा। उसे पास बुलाने का इशारा किया गया तो वह बिपरीत दिशा में भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे घेर कर पकड़ उसकी तलाशी लिया तो एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के कैथौली गांव निवासी जितेंद्र कुमार गौतम बताया। थाने लाकर जब उसकी हिस्ट्री टटोली गई तो उसके खिलाफ खुटहन थाने में धोखाधड़ी के अलावा आजमगढ़ के कई थानों में लूट, गैंगस्टर, अवैध असलहा तस्करी सहित नौ मुकदमे में वांछित मिला। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक रामभवन यादव, एसआई राजित राम यादव, कांस्टेबल अखिलेश यादव, चंद्रशेखर सिंह, मनोज कुमार, शशांक त्रिवेदी आदि रहे।

## आठ माह बाद भी लापता बालक का नहीं लगा सुराग

**खुटहन।** बड़सरा गांव में लगभग आठ माह पूर्व घर से शौच को गया 12 वर्षीय बालक का सुराग आज तक नहीं मिल सका। स्वजन किसी अनहोनी की आशंका में परेशान हैं। पुलिस भी गुमशुदगी दर्ज कर हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। गांव निवासी जीतेंद्र तिवारी का पुत्र सौरभ तिवारी बीते 10 अगस्त 2022 की सुबह घर से शौच जाने को कहकर निकला था। खोजबीन कर थक हार कर स्वजन ने थाने में फरियाद लगाई। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर लिया। आठ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। स्वजन किसी अनहोनी घटना को सोचकर परेशान चल रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था का जाना हाल, दिए निर्देश**


ईदगाह का निरीक्षण कर बाहर निकलते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**जौनपुर।** रहमतों और बरकतों का महीना रमजान अब खत्म होने की ओर है। वहीं साथ ही साथ अब अलविदा जुमा और ईद की तैयारी और तेज हो गई है जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने गुरुवार को जुमा मस्जिदों और ईदगाहों का दौरा किया जहां साफ-सफाई के संबंध में अहम निर्देश दिए गए।

अलविदा की नमाज और ईद की नमाज के लिए नमाजियों को कोई दिक्कत परेशानी ना हो इसका जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक गुरुवार को ईदगाह पहुंचे। उन्होंने नमाजियों के आने-जाने के रास्ते का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान दिया जाए कि नमाजियों को ईद के दिन आने जाने में कोई दिक्कत न हो। ईदगाह के अंदर नमाज अदा किए जाने वाले स्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहले से ही सारी व्यवस्था सही कर ली जाए। उन्होंने बिजली पानी की व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने भी जुमा मस्जिदों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व सुरक्षा के मद्देनजर अहम निर्देश दिए। अलविदा जुमा की नमाज अटाला मस्जिद, शेर मस्जिद, शिया जामा मस्जिद, बड़ी मस्जिद, चहारसू स्थित मस्जिद, सब्जी मंडी, जोगियापुर, पॉलिटेक्निक चौराहा, सब्जी मंडी, नवाब युसुफ रोड सहित नगर की अन्य जुमा मस्जिदों में अदा की जाएगी। वही ईद की नमाज शाही ईदगाह, शिया जामा मस्जिद सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में अदा की जाएगी। चांद निकलने के आधार पर 22 या फिर 23 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी।

# छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

**जनसंदेश न्यूज**

**बदलापुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। परिषद विद्यालय के बच्चों ने फिर सफलता का परचम लहराया है। बदलापुर ब्लॉक से कुल 426 छात्रों ने आवेदन किया जिसके सापेक्ष 22 छात्रों का चयन हुआ है। चयनित सभी छात्रों को नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई के लिए 4 वर्ष तक रूपये 1000 प्रति माह की दर से कुल रूपये 48000 छात्रवृत्ति मिलेगी।

परीक्षा में सफल होने वाले प्रमुख विद्यालय कंपोजिट विद्यालय दुधौड़ा के रिषभ यादव, आयुष खरवार, सत्यम यादव, अभय सिंह, अनामिका, अंकित खरवार, कंपोजिट विद्यालय शाहपुर सानी के प्रतीक्षा सिंह, कंपोजिट विद्यालय खानपुर के प्रिंस चौरसिया, शौविक मौर्य, विपिन विश्वकर्मा, कंपोजिट विद्यालय नेवादा मुखलिसपुर के आदित्य गौतम, संगम मौर्य है। जनपद के राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के नोडल शिक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्त बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले बच्चों के लिए विशेष तैयारी एवं पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराई गई। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल समस्त छात्रों एवं उनकी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दिया है। डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि जनपद जौनपुर से कुल 6347 फार्म डाले गए थे जिसमें 355 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इतनी संख्या में छात्रों का चयन प्रथम बार राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के लिए हुआ है। डायट प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने शिक्षकों और छात्रों को उत्साहवर्धन किया।

# अग्निकांड रोकने के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण की जरूरत : ओंकारनाथ सिंह

**आयोजन**

**अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत दिया गया प्रशिक्षण**


अग्निकाण्ड से बचाव का प्रशिक्षण देती अग्निशमन की टीम

**जौनपुर।** अग्निकांड से होने वाली क्षति को रोकने के उद्देश्य से हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु के निर्देश पर जिला महामंत्री आरिफ हबीब के प्रतिष्ठान पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को सायंकाल अग्निशमन विभाग के प्रभारी ओंकारनाथ सिंह और उनकी टीम ने अग्निकांडों को रोकने और उससे होने वाली क्षति को रोकने के लिए सफल प्रशिक्षण दिया।

गोष्ठी में फायर ब्रिगेड के प्रभारी ओंकारनाथ सिंह ने कहाकि अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकांडों से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करना तथा अग्निकांडों को रोकने एवं अग्नि से बचाव के उपायों के संबंध में शिक्षित करना है। इसके साथ ही सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था, अग्निशामक उपकरणों का प्रयोग, आग की स्थिति में बचाव के उपाय, उद्योगों में अग्नि सुरक्षा व सावधानियां, विद्युत अग्नि सुरक्षा व सावधानी, बहुमंजिले भवनों में अग्नि सुरक्षा, विकलांग व्यक्तियों के लिए अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आरिफ हबीब ने कहाकि अग्निकांडों को रोकने एवं उससे होने वाली क्षति से बचाव हेतु अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाना प्रशंसनीय है।

उन्होंने उपस्थित सभी व्यापारियों से कहा कि इस प्रशिक्षण और जागरूकता के लिए बताए गए बिंदुओं पर अमल करना ही हमारे उद्देश्यों की सफलता है। गोष्ठी में नगर के व्यापारी गण एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। अंत में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम साहू ने आए हुए व्यापारियों और फायर ब्रिगेड के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# निकाय चुनाव : 38 अध्यक्ष व 117 सदस्यों ने वापस लिया पर्चा

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन के बाद गुरूवार को पर्चा वापसी के दौरान 3 नगर पालिकाओं सहित 9 नगर पंचायतों से कुल 38 अध्यक्ष पद व 117 सदस्य पद के दावेदारों ने पर्चा वापस ले लिया है जिसमें कई प्रत्याशियों ने पार्टी से बागी होकर निर्दल नामांकन किया था।

नगर निकाय चुनाव में पार्टी से टिकट मिलने के उपरान्त कई प्रत्याशियों ने दलों से बागी होकर चुनावी मैदान में ताल ठोंक दिया था जिसकी जानकारी होते ही सत्ता दल व अन्य दलों ने पार्टियों के बागी कार्यकर्ताओं को मनाने में अपनी ताकत झोंकना शुरू कर दिया था जिसका परिणाम गुरूवार को पर्चा वापसी के दौरान नगर पालिका परिषद जौनपुर से भाजपा की बागी प्रत्याशी पूजा सोनी पत्नी अमर जौहरी ने अपना पर्चा वापस ले लिया तो वहीं सपा से बागी मालती मौर्या पत्नी जगदीश मौर्या ने पर्चा वापस लेकर पार्टी के हित में सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जौनपुर के एक अन्य प्रत्याशी ने भी अपना पर्चा वापस लिया, तो वहीं कुल 28 सदस्यों ने पर्चा वापस लिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद शाहगंज से 11 सदस्य, नगर पालिका परिषद मुंगरा बादशाहपुर से 1 अध्यक्ष व 5 सदस्य, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर से 4 अध्यक्ष व 20 सदस्य, नगर पंचायत कचगांव से 4 अध्यक्ष व 10 सभासद, नगर पंचायत जफराबाद से 5 अध्यक्ष व 5 सदस्य, नगर पंचायत खेतासराय से 1 अध्यक्ष व 13 सदस्य, नगर पंचायत मछलीशहर से 3 अध्यक्ष व 3 सदस्य, नगर पंचायत मड़ियाहूँ 1 अध्यक्ष व 2 सदस्य, नगर पंचायत रामपुर से 6 अध्यक्ष व 5 सदस्य, नगर पंचायत बदलापुर से 7 अध्यक्ष व 10 सदस्य सहित नगर पंचायत से 3 अध्यक्ष व 5 सदस्यों ने पर्चा वापस लेकर घर वापसी कर लिया है।

## वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ में शोक की लहर

**सुजानगंज।** वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ सुजानगंज के संरक्षक माताफेर पटेल एमपी के बड़े भाई रामकृपाल पटेल उम्र 85 वर्ष का गुरुवार को ह्रदय गति रुक जाने से निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलते ही वित्तविहीन परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

वित्तविहीन प्रबंधक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने संरक्षक के घर पहुंच कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर एक शोक सभा की गई। जिसमें दुःख प्रकट करते हुए पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई और पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत साहस देने की प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर आलोक सिंह, प्रमोद के सिंह, डॉक्टर विद्यासागर त्रिपाठी, संतोष द्विवेदी, डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी, डॉ. विमल कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यालय संचालक मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को पुनर्वासित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित


संगोष्ठी को सम्बोधित करते समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता

**संगोष्ठी**

**जन जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन**

**जौनपुर।** नगर के रासमण्डल स्थित रचना शिक्षक-प्रशिक्षण केंद्र (ब्रांच आईआईडी) की तरफ से दिव्यांगता पर जन जागरूकता अभियान (कारण, रोकथाम, शिक्षण-प्रशिक्षण एवं पुनर्वास) के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन हरखपुर स्थित अशोक इण्टर कालेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के प्राचार्य डा. ओम प्रकाश शाही रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने दिव्यांगता होने के प्रमुख तीन कारणों का वर्णन किया जिसमें गर्भावस्था के दौरान होने वाली प्रमुख दुर्घटनायें शामिल हैं। इसी क्रम में दिव्यांगता की रोकथाम के बारे में प्रवक्ता सचिन कुमार यादव ने बताया कि प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों से बचकर ही दिव्यांगता की रोकथाम की जा सकती है। साथ ही प्रवक्ता डा. संतोष कुमार सिंह ने दिव्यांगों के शिक्षण-प्रशिक्षण एवं पुनर्वास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगता पुनर्वास व विशेष शिक्षा के क्षेत्र में दिव्यांग मानव जनशक्ति की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है तथा इन बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण एवं पुनर्वास को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार भी दृढ़ संकल्पित है। कार्यक्रम को अध्यापक डा. जितेन्द्र कुमार मौर्य, अनामिका, मनोरमा आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर कालेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने किया जागरूक

**करंजाकला।** कंपोजिट विद्यालय खलीलपुर में गुरुवार को प्रधानाध्यापिका सुषमा सिंह के नेतृत्व बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली के तहत जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने अपने हाथों में स्कूल चलो अभियान के पीछे जागरूकता का संदेश लिखे नारों के साथ खलीलपुर, भरोठा कैसरपुर में भ्रमण किया। आधी रोटी खाएंगे स्कूल जाएंगे, बेटा बेटी में फर्क नहीं आजादी का नारा लगाते हुए छात्रों ने भ्रमण किया। जागरूकता रैली के दौरान अध्यापकों ने अभिभावक से मिलकर लोगों से अपने बच्चों को विद्यालय में दाखिला कराने की लिए लोगों को निर्देश दिया। वीरेंद्र प्रताप सिंह, छोटेलाल यादव, अशरफ जमाल, जागृति सिंह, नीलम सिंह, पंकज सिंह, शिव कुमार सोनकर, धर्मेंद्र सेठ आदि लोग उपस्थित रहे।



रैली निकालकर जागरूक करते बच्चे

# जाम से छुटकारे के लिए पुलिस ने बाजार में हटवाया अतिक्रमण


जाम से छुटकारे के लिए अतिक्रमण हटवाती पुलिस

**जनसंदेश न्यूज**

**थानागद्दी।** केराकत क्षेत्र के थानागद्दी बाजार में कोतवाली और स्थानीय चौकी पुलिस ने बुधवार की शाम अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। दुकानों के सामने पटरियों तक फैले सामान को दुकान में रखवाया तथा ठेले व खोमचे को पटरियों पर रखकर दुकानदारी न करने की चेतावनी दी। दुकानदारों को चेताया कि अगर फिर से सड़क पर सामान रखा तो जब्ती की कार्रवाई कर चालान काटा जाएगा। कोतवाल आदेश त्यागी ने आए दिन थानागद्दी में जाम लगने की बाबत बताया कि खराबी के चलते चंदवक और जौनपुर के पुल बंद हो जाने से रोडवेज सहित भारी वाहन थानागद्दी होते हुए आजमगढ़ गोरखपुर सहित अन्य जिलों को जा रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही और बाजार में दुकानदारों के अतिक्रमण से जाम लग रहा है। बाजार में बेतरतीब अतिक्रमण की स्थिति को सुधारने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बाजार के मुख्य चौराहों पर पुलिस के जवानों ने दुकानदारों को समझाते हुए सामान हटवाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि फिर से सड़क पर सामान रखा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए ने कराया दलित बस्ती में नामांकन

**जनसंदेश न्यूज**


बच्चों का नामांकन करते बीएसए

**सरायख्वाजा।** विकासखंड करंजाकला अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय छुंछा के सेवित क्षेत्रों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में सघन स्कूल चलो अभियान चलाया गया जो हरिजन बस्ती लोहार बस्ती से होते हुए मुसहर बस्ती में रुका जहां पर कुल 20 बच्चों का नामांकन स्वयं आवेदन भरकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार ने किया।

इसके पश्चात विद्यालय परिसर में आयोजित अभिभावक जागरूकता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बीएसए ने कहा है कि शिक्षा प्राप्त करना कानूनी अधिकार है जिसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सभी सम्मानित शिक्षक कृत संकल्पित है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर के मुख्य अतिथि ने किया। सभी नव नामांकित बच्चों को कॉपी पेंसिल प्रदान कर माल्यार्पण करके प्रेरित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसने सबका मन मोह लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. अतुल प्रकाश यादव, बच्चों को तैयार करने वाली शिक्षा मित्र सरिता शर्मा सहित पूरे स्टाफ की सराहना सभी अतिथियों ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने किया। संचालन छात्र आदित्य छात्रा सृष्टि सहित आशीष यादव एवं संजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर डॉ. अतुल प्रकाश यादव ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ गाजीपुर के जिला अध्यक्ष राधेश्याम सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिंह, लाल साहब यादव, अमर बहादुर यादव, मनोज यादव, अतुल सिंह, दीपमाला, नीतीश सिंह, शैलेंद्र पाल, अनिल यादव, डॉ. राम सिंह, मोहम्मद हाशिम, सुरेश चंद पाठक, रेखा भारती आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मस्जिद के पास गंदगी से ग्रामीणों में आक्रोश



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मुर्की में मस्जिद से लगभग पचास मीटर की दूरी पर गन्दगी का अम्बार है जिसकी साफ सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश साफ नजर आ रहा है। गौरतलब है कि माहे रमजान के मद्देनजर मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा उसी रास्ते से मस्जिद में जाकर नमाज अदा किया जाता है। गन्दगी की सफाई के लिए जब ग्राम प्रधान सादिक अहमद ने सफाई कर्मियों को विगत पंद्रह तारीख को गाँव में बुलाया तो सफाई कर्मी मस्जिद के पास लगे कूड़े के ढ़ेर के पास खड़े होकर फोटो खिंचवा कर चले गये। सफाईकर्मियों को बगैर कूड़ा साफ किये जाता देख प्रधान ने जब पूछा तो बाद में सफाई करने का बहाना बनाकर चलते बने। वहीं मो. सादिक ने बताया कि गांव के बीचों बीच लगे कूड़े के अंबार से आस पास के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज है मगर आलम तो देखिए कचरे का ढेर आज भी टीले की तरह पड़ा हुआ है। वहीं मस्जिद समेत गांव में कई जगह गन्दगी का अम्बार लगा है। मस्जिद के पास लगे कूड़े के ढ़ेर से गाँव के नमाजी खासे परेशान हैं। गांवों की साफ सफाई के लिए बकायदा सफाई कर्मी नियुक्त किये जाते है बावजूद इसके भी गांवों में कचरे का अंबार लगा हुआ है यह एक सोचनीय विषय है। बहरहाल कब और कैसे कचरे को हटाया जायेगा ये तो जिम्मेदार ही तय करेंगे।

### एडीओ पंचायत को मातृशोक

**सुइथाकला।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर तैनात एडीओ पंचायत व सैदपुर गाजीपुर जनपद के मूल निवासी राजेश कुमार को बुधवार को मातृशोक हो गया। शोक की खबर पाते ही ब्लाक मुख्यालय परिवार समेत अन्य लोग शोकाकुल हो उठे। गौरतलब हो कि एडीओ पंचायत की 75 वर्षीया माता द्रौपदी देवी का बुधवार को उनके पैतृक आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। वह अपनी दो सन्तानों का भरापूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गयी। बुधवार देर शाम उनके बड़े पुत्र राजेश कुमार द्वारा मुखाग्नि देकर उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया। उनके पति श्यामलाल 2015 में ही सबको छोड़कर स्वर्ग सिधार चुके हैं। इधर निधन की सूचना पाते ही ब्लाक मुख्यालय परिवार समेत अन्य गणमान्य लोग शोकाकुल हो उठे। इसी कड़ी में ब्लाक प्रमुख विद्या तिवारी व प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रकाश दूबे, प्रधान रामसकल वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लाक इकाई संघ के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, उगेश पाठक, राजकुमार, जितेंद्र कुमार आदि लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

### डोर टू डोर अभियान चलाकर 12 बच्चों का किया नामांकन

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बंजारेपुर के प्रधानाध्यापक व एसएमसी अध्यक्ष ने डोर टू डोर अभियान चलाकर नए बच्चों का दाखिला किया। वहीं बच्चों के अभिभावकों को बच्चो स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय बंजारेपुर के प्रधानाध्यापक अरवनी राय व विद्यालय समिति के एसएमसी अध्यक्ष कपूर चंद विद्यालयों के शिक्षकों को साथ लेकर बंजारेपुर व करमदासपुर गांव में नए दाखिले के लिए डोर टू डोर जाकर बच्चों के अभिभावकों को अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों का दाखिला करवाकर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। इस दौरान प्रधानाध्यापक, एसएमसी अध्यक्ष व विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा प्रेरित किए जाने पर 12 नए बच्चों ने अपना दाखिला स्कूल में करवाया। इस अभियान में प्रधानाध्यापक अरवनी राय व एसएमसी अध्यक्ष कपूर चंद के साथ सहायक अध्यापिका वंदना यादव, रिम्पल गौतम व शिक्षा मित्र रेनू मौर्य मौजूद रही।

### हनुमान मंदिर पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**मुफ्तीगंज।** क्षेत्र के मुर्तजाबाद खड़हर डगरा में स्थित हनुमान मंदिर पर बुधवार को अखंड सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आरंभ में हनुमान जी का श्रृंगार और आरती की गई। पाठ के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दयाराम सहित क्षेत्र के अखिलेश राय, मिंटू राय, सनोज कुमार सिंह, मृदुल सिंह, मुकेश कुमार राय और पूर्व ग्राम प्रधान अनिल कुमार राय सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी राजनेत सिंह उर्फ पहलवान ने सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इस अवसर पर विशेष सुंदरकांड पाठ के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।

## संक्षेप

### विद्यालयों में प्रेरणा तालिका अनिवार्य रूप से लगाई जाये: डीएम



**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने व बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली। विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल सहित स्कूलों में टाइल्स लगाने का कार्य, रंगाई पुताई एवं अन्य संबंधी निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा की जिन विद्यालयों में अब तक मूलभूत समस्त कार्य जो अब तक ना किया गया हो उसे जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विद्यालयों में प्रेरणा तालिका अनिवार्य रूप से लगाई जाये, यदि प्रेरणा तालिका किसी विद्यालय में लगी हुईं नहीं पायी जायेगी, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स सदस्यों द्वारा विगत माह किये गये निरीक्षण की प्रगति, गत माह में विकास खण्डवार शिक्षकों के उपस्थिति का प्रतिशत के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। बीएसए द्वारा बताया गया कि सभी ब्लाकों को मिलाकर शिक्षकों की उपस्थिति का प्रतिशत अच्छा रहा है। गत माह में छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत भी अच्छा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय खुलने पर छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ाया जाये और शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### अलविदा नमाज व ईद को लेकर डीएम व एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक



**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जनपद में शांति, सुरक्षा व्यवस्था, अमन चैन को कायम रखने के क्रम में जिलाधिकारी ने भदोही वासियों को गंगा-जमुनी-तहजीब का प्रवाहक बताया। उन्होंने कहा की आपका अनुशासित व मर्यादित आचरण ही सभ्य समाज की पहचान है। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से बैठक में उपस्थित लोगों से वार्ता कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा की असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति के संज्ञान में कोई सांप्रदायिक, संदिग्ध मामला आता है तो तुरंत सम्बंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी। यहाँ की शांति व सदभाव, आपकी एकता का परिचायक है। बैठक में उपस्थित धर्म गुरुओं व प्रबुद्ध जनों ने अपनी बातो को रखते हुए पुलिस-प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए खुशहाली पर बल दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी उपजिलधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, मौलवियों, अन्य धर्म गुरुओं, सम्मानित प्रबुद्धजन, समाजसेवी, जनता जनार्दन उपस्थित रहें। इसी तरह भदोही कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में अलविदा की नमाज व ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक ली गई। एसडीएम कृपाशंकर पांडेय, सीओ अजय कुमार चौहान, कोतवाली अजय सेठ, हाफिज परवेज अच्छे, नुरैन खान, इमरान खान, हाफिज रियाज, हाफिज रिजवान, मुजफ्फर अली, हलीमुल्ला, शेरू खान आदि मौजूद रहे।

### फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र सुरियावां के गजधरा गाँव में चौकी प्रभारी पाली सन्तोष कुमार राय ने पुलिस बल के साथ मुनादी कराकर दो आरोपियों के विरुद्ध 82 सीआरपीसी की नोटिस उनके घर पर चस्पा की। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मुकदमा अपराध संख्या 203/2021 में धारा 504/506/419/420/467/468/471/120 बी के आरोपी सियाराम उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय पंडित अभय उपाध्याय, पप्पल पुत्र तेजधर उपाध्याय निवासी गजधरा थाना सुरियावा फरार चल रहे है।इनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी 82 सीआरपीसी की नोटिस उनके घर पर चस्पा की गई।

# गोपीगंज में डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं से ठगी, समूह के नाम पर जमा कराए रुपये

**धोखाधड़ी**

**लाखों रुपये लेकर फरार हुआ धोखेबाज**

**जनसंदेश न्यूज**


ठगी का शिकार महिलाएं थाने पर एकत्रित हो कर कार्यवाही की मांग करती हुई

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र गहरपुर, चहरपुर, चकामंधाता, इनारगांव, मैलोना, सुफीनगर, कुलमनपुर से 150 से अधिक महिलाओं से लोन देने के नाम पर लाखों रुपए ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गुरुवार को पीड़ित महिलाओं ने गोपीगंज कोतवाली पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई।

बताया जाता है कि गोपीगंज स्थित चकपरौना में सिया फाइनेंस सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता, के नाम से एक फर्म आई और गांव-गांव में फाइनेंस कंपनी का आई डी लगाकर घूमकर महिलाओं को चालीस हजार हजार का लोन देने के नाम पर ग्यारह ग्यारह महिलाओं का समूह बनाने को कहा और गहरपुर, चहरपुर, चकामंधाता, इनारगांव, मैलोना, सुफीनगर, कुलमनपुर से डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं से बीमा के नाम पर हर महिलाओं से 1452 रुपया जमा करा कर शाम को सभी को अपने चकपरौना स्थित आफिस में बुलाया। जब वहां पर सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष पहुंचे तो आफिस बंद मिला, मकान मालिक ने भी उन लोगों से चकमा खाने की बात बताई। अपने साथ ठगी का एहसास होने पर सभी महिलाएं व पुरुष थाने पर आकर सूचना दी, सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस जांच प्रक्रिया में लग गई। ठगी का शिकार होने वाली महिलाओं में शांति, निर्मला देवी, पूजा, फूलमती, आरती, सरिता, सितारा, गीता, शीला, सत्य प्रकाश, किरण, शांति, शीला, बिट्टन, अनीशा आदि शामिल रही।

### समाज कल्याण अधिकारी ने किया वृद्ध जन आश्रम का औचक निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ऐश्वर्या राजलक्ष्मी ने वृद्ध जन आश्रम गोपीगंज का औचक निरीक्षण कर आश्रम संचालक और देख रेख करने वाले लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान आश्रम मे रह रहे वृद्ध जनों को कोविड से बचाव के लिए मास्क वितरित किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी गुरुवार को अचानक वृद्ध जन आश्रम पहुच गई। आश्रम मे निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे वृद्ध जनों से मिलकर आश्रम मे मिल रही सुविधाओ की जानकारी ली। उनके शयन कक्ष, भोजनालय, शौचालय, प्रार्थना स्थल आदि का निरीक्षण किया। वृद्ध जनों की संख्या आदि की जानकारी ली। शासन की मंशा के अनुरुप उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने इसमे कोई कोताही न करने की हिदायत दी। देश मे कोरोना संक्रमण की बढ़ रही स्थिति को देखते हुये इससे बचाव का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बचाव के लिए सब को मास्क वितरित किया। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदोष कुमार, राजन पंडा, इंद्रजीत आदि लोग रहे।

# अध्यक्ष के 7 व सदस्य के 88 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

**नामांकन प्रक्रिया**

**चौथे दिन सभी तहसील नामांकन स्थलों से सातों नगरीय निकायों के अध्यक्ष के 19 व सदस्य के 69 सहित कुल 88 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री**

**बैरिकेडिंग, चेकिंग व चुस्त-दुरुस्त पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्था के साथ नामांकन प्रक्रिया संचालित**


गोपीगंज नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी माबूद खान


नगर पालिका परिषद भदोही के कजियाना वार्ड के लिए नामांकन दाखिल करते अफसाना टोनी मंसूरी

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 के तहत तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु 11 व सदस्य पद हेतु 28 पत्रों की बिक्री, सुरियावा अध्यक्ष पद हेतु 02 एवं सदस्य पद हेतु 08, प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा तथा अध्यक्ष पद हेतु 01 एवं सदस्य पद हेतु 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नई बाजार में सदस्य पद हेतु 05 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा व 02 सदस्य प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के अध्यक्ष पद हेतु 01 व सदस्य पद हेतु 08 पत्रों की बिक्री एवं अध्यक्ष पद हेतु 02 तथा सदस्य पद हेतु 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष के 02, सदस्य के 15 फार्मों की बिक्री हुई तथा सदस्य पद हेतु 06 प्रत्याशीयों ने नामांकन किया। इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु 03 एवं सदस्य हेतु 03 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खमरिया से अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशियों तथा सदस्य पद हेतु 13 पुरूष व 05 महिला सहित कुल 18 प्रत्याशियों ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया। नगर पंचायत घोसिया में सदस्य हेतु 02 पत्रों का क्रय किया गया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु 02 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन तथा 09 महिला व 09 पुरूष वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने कुल 18 नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों के नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के 19 व सदस्य के 69 सहित कुल 88 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 88 सदस्य प्रत्याशी एवं 07 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 95 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया।

### पति की सीट पर पत्नी होगी सभासद प्रत्याशी

**लालानगर।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज सदर मोहाल पुर्वी वार्ड संख्या 21 के निवर्तमान सभासद डॉ. आनंद कुमार गुप्ता की सीट पर पत्नी दीपमाला इस बार सभासद की प्रत्याशी होगी। दीपमाला ने गुरुवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया है। इनका कहना है कि विकास के काम को आगे बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य होगा। पति की सीट पर पत्नी द्वारा पर्चा दाखिल किए जाने के बाद चचाओं का बाजार बना हुआ है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदोही का छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

**चर्चा**

**नवाचार परिषद के तत्वावधान में महाविद्यालय की ओर से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**


आईटीआई में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रोडक्टों एवं डिजाइनों की जानकारी लेते छात्र

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में नवाचार परिषद के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्रों के दल ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भदोही का भ्रमण कर उपलब्ध संसाधनों और पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा नवाचार और उद्यमशीलता के माध्यम से स्वरोजगार के लिए चर्चा की।

नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने बताया कि प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों के दल को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना करते हुए छात्रों को नवाचार और प्रोडक्ट डिजाइन के माध्यम से समाज की समस्याएं सुलझाने तथा जरूरतों को पूरा करने पर बल दिया। आईटीआई के प्रधानाचार्य ने छात्रों के दल का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. भावना सिंह और डॉ. शिखा तिवारी ने बताया कि छात्रों ने विभिन्न ट्रेड्स की प्रयोगशालाओं जैसे पेंटिंग, वेल्डिंग, प्लंबिंग, कोपा, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिक, इलेक्ट्रिक, कॉस्मेटोलॉजी, फिटिंग, सिलाई, कढ़ाई, मशीनरी आदि में उपलब्ध मशीनों तथा तकनीकी की जानकारी ली। छात्रों का नेतृत्व इनोवेशन एंबेसडर डॉ माया यादव और आईसीसी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने भी किया। धन्यवाद ज्ञापन और संयोजन डॉ. भावना सिंह और डॉ. शिखा तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. गौतम गुप्ता, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. रुस्तम अली, डॉ. अनीश कुमार मिश्र, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. श्वेता सिंह, पूनम द्विवेदी, डॉ. अमित तिवारी आदि अध्यापक गणों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**निरीक्षण**

**अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन व कार्यालयों की साफ सफाई हेतु दिए सख्त निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**


पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते विंध्याचल मण्डल पुलिस उपमहानिरीक्षक आरपी सिंह

**ज्ञानपुर।** विंध्याचल मण्डल पुलिस उपमहानिरीक्षक आरपी सिंह ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम डीआईजी को पुलिस कार्यालय पर मौजूद सलामी गार्द से गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली गई।

तत्पश्चात कार्यालय के समस्त शाखाओं पेशी, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर कार्यालय, अपराध शाखा, आइजीआरएस सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, सम्मन सेल, अँगुष्ठ छाप एवं अन्य शाखा कार्यालयों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अभिलेखों के बेहतर रखरखाव एवं साफ-सफाई तथा कार्यरत अधिकारी व कर्मचारीगणों के कार्यों की गहनता से पूछताछ करते हुए सम्बन्धित को सख्त दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसीआरबी शाखा प्रभारी को अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई शाखा प्रभारी को लैंगिक अपराधों से पीड़ित बालकों के प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग करने एवं प्राथमिकता पर मामलों के निस्तारण कराने, एएचटीयू शाखा प्रभारी को बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने तथा प्रधान लिपिक को पुलिसकर्मियों के यात्रा भत्ता व चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण व पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।





## फ्यूचर में मंगल ग्रह पर कैसे पहुंचेगा स्टारशिप ?

स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट मिलकर रियूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम बनाते हैं जो ऑर्बिट में रिफ्यूलिंग करने में सक्षम है। ये सिस्टम मार्स की सरफेस पर मौजूद नेचुरल एचटू-ओ और सीओ-टू के रिसोर्सेज से खुद को रिफ्यूल भी कर सकता है। इंसानों पर मंगल ग्रह पर भेजने की बात करें तो सुपर हैवी बूस्टर के साथ स्टारशिप को लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद बूस्टर अलग होकर पृथ्वी पर लौट आएगा। अब पृथ्वी से एक रिफ्यूलिंग टैंकर लॉन्च होगा। ये टैंकर ऑर्बिट में स्टारशिप से डॉक हो जाएगा और रिफ्यूलिंग के बाद पृथ्वी पर लौट आएगा। स्टारशिप अब पृथ्वी के ऑर्बिट से मंगल की अपनी यात्रा शुरू करेगा। स्टारशिप मंगल ग्रह के वायुमंडल में साढ़े सात किलोमीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से प्रवेश करेगा और फिर धीमा हो जाएगा। इस व्हीकल की हीट शील्ड को कई मल्टिपल एंट्री के लिए डिजाइन किया गया है। धीमा होने के बाद स्टारशिप मंगल पर लैंड कर जाएगा। मंगल ग्रह पर पृथ्वी से पहुंचने में करीब-करीब नौ महीने का समय लगेगा और वापस आने में भी इतना ही।

### मिशन के सफल होने की संभावना 50% थी

एलन मस्क ने लॉन्च से पहले ही कहा था कि स्टारशिप के पहले ऑर्बिटल मिशन के सफल होने की संभावना केवल 50% है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्पेसएक्स साउथ टेक्सास साइट पर कई स्टारशिप व्हीकल बना रहा है। इन्हें आने वाले महीनों में जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जाएगा और लगभग 80% संभावना है कि उनमें से एक इस साल ऑर्बिट में पहुंच जाएगा।

## फिर भी इसके लॉन्च करने वाले हैं खुश कहा-इसका उड़ान भरना ही बड़ी सफलता

# स्टारशिप लॉन्चिंग के बाद हुआ टुकड़े-टुकड़े

दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट लॉन्च के बाद गल्फ ऑफ मैक्सिको के ऊपर विस्फोट कर गया। इसे शाम सात बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था। ये स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट था। इससे पहले मंगलवार को भी इसे लॉन्च करने की कोशिश की गई थी, लेकिन प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण लॉन्च 39 सेकेंड पहले रोक दिया गया। स्टील से बने स्टारशिप को दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बनाया है। स्पेसएक्स ने कहा, स्टेज सेपरेशन से पहले स्टारशिप ने रैपिड अनशेड्यूल्ड डिसअसेंबली एक्सपीरियंस की। इस तरह के एक टेस्ट के साथ, हम जो सीखते हैं उससे सफलता मिलती है। आज का टेस्ट हमें स्टारशिप की विश्वसनीयता में सुधार करने की दिशा दिखाएगा। स्पेसएक्स ने कहा, स्टारशिप के पहले फ्लाइट टेस्ट के लिए पूरी स्पेसएक्स टीम को बधाई। टीमें डेटा को रिव्यू करना जारी रखेंगी और अगले फ्लाइट टेस्ट की दिशा में काम करेंगी। स्टारशिप के फेल होने के बाद भी स्पेसएक्स हेडक्वार्टर में एम्प्लॉइज खुशी मनाते दिखाई दिए क्योंकि, रॉकेट का लॉन्चपैड से उड़ना ही बड़ी सफलता थी।

### दुनिया का सबसे ताकतवर व्हीकल

स्टारशिप अब तक का डेवलप दुनिया का सबसे पावरफुल लॉन्च व्हीकल है। ये पूरी तरह से रियूजेबल है और 150 मीट्रिक टन भार ले जाने में सक्षम है। स्टारशिप सिस्टम 100 लोगों को एक साथ मंगल ग्रह पर ले जाएगा। मस्क 10 अप्रैल को ही स्टारशिप को लॉन्च करना चाहते थे, लेकिन तब वर फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन से स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। ये पूरा लॉन्च 90 मिनट का था। टेस्ट फ्लाइट के दौरान, लिफ्ट ऑफ के तीन मिनट बाद बूस्टर अलग हो जाता और गल्फ ऑफ मैक्सिको में लैंड कर जाता। शिप 150 मील यानी 241.40 किलोमीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर पृथ्वी के चक्कर काटता और फिर हवाई कोस्ट पर स्पैल्शडाउन होता। यानी इस टेस्ट में स्टारशिप वर्टिकल लैंडिंग अटेम्प्ट नहीं करता।

### मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की क्या जरूरत ?

मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की जरूरत पर एलन मस्क कहते हैं- 'पृथ्वी पर एक लाइफ एंडिंग इवेंट मानवता के अंत का कारण बन सकती है, लेकिन अगर हम मंगल ग्रह पर अपना बेस बना लेंगे तो मानवता वहां जीवित रह सकती है।' करोड़ों साल पहले पृथ्वी पर डायनासोर का भी अंत एक लाइफ एंडिंग इवेंट के कारण ही हुआ था। वहीं प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग ने भी 2017 में कहा था कि अगर इंसानों को सर्वाइव करना है तो उन्हें 100 साल के भीतर विस्तार करना होगा।

### मस्क का जैपनीज बिलेनियर से मून ट्रिप का वादा

स्टारशिप का सबसे बड़ा टारगेट इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाना है। इसके अलावा इंसानों को चंद्रमा पर पहुंचाने के नासा के मिशन में भी स्टारशिप लैंडर का काम करेगा। मस्क का प्लान स्टारशिप का इस्तेमाल स्पेस टूरिज्म के लिए करना भी है। मस्क ने एक जैपनीज बिलेनियर युसाकु मेजवा से चंद्रमा के चारों ओर की ट्रिप का वादा किया है।

## स्टारशिप इनसानों को मंगल पर पहुंचाने का रखता है इरादा

ये लॉन्चिंग इसलिए अहम थी कि ये स्पेसशिप ही इंसानों को इंटरप्लेनेटरी बनाएगा। यानी इसकी मदद से पहली बार कोई इनसान पृथ्वी के अलावा किसी दूसरे ग्रह पर कदम रखेगा। मस्क साल 2029 तक इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाकर वहां कॉलोनी बसाना चाहते हैं। स्पेसशिप इंसानों को दुनिया के किसी भी कोने में एक घंटे से कम समय में पहुंचाने में भी सक्षम होगा। स्टारलिंक का पहला ऑर्बिटल लॉन्च मंगलवार को फ्यूल भरते समय प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण टालना पड़ा था। यहां यह सवाल उभरता है कि आखिर हमें पृथ्वी से 23 करोड़ किलोमीटर दूर मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की क्या जरूरत है? वहीं कुछ का सवाल ये भी होगा कि इतनी दूर जाने में कितना समय लगेगा, इसकी प्रोसेस क्या होगी? इंसान कैसे इस रेड प्लेनेट से वापस आएंगे? स्टारशिप की टेक्नोलॉजी क्या है? स्टारशिप क्या-क्या कर सकता है? आगाज स्टारशिप से करें तो उसके लॉन्च की वजह समझना आसान हो जाएगा। स्पेसएक्स के स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। ये एक रीयूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम है। इसमें एडवांस्ड रेप्टर इंजन लगे हैं।

# जंग के शोलों के बीच फंसी जिंदगी



**रपटीली राह**

### सूडान के गृहयुद्ध में फंसे सैकड़ों भारतीय, खाने की कमी से जूझ रहे

सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लगातार गोलीबारी और बमबारी के बीच 100 से अधिक भारतीयों के फँसे होने का अनुमान है। इन लोगों की एक बड़ी संख्या होटल के कमरों या घरों में खाने-पीने की किल्लत से जूझ रहे हैं। राजधानी खारतूम में लड़ाई छठे दिन में प्रवेश कर गयी है और दो सौ लोग जान गंवा चुके हैं। शहर छोड़कर जाने वालों की तादाद बढ़ गई है। शहर के अधिकतर इलाकों में लोग घरों में कैद हैं जिनमें विदेशी भी हैं। भारतीय दूतावास की मानें तो पौने दो सौ भारतीय भी फंसे हुए हैं। सूडान में नागरिक सरकार को सत्ता हस्तांतरित करने की माँग को लेकर 2021 से ही संघर्ष चल रहा है। मुख्य विवाद सेना और अर्धसैनिक बल 'आरएसएफ' के विलय को लेकर है। अक्तूबर 2021 में नागरिकों और सेना की संयुक्त सरकार के तख्तापलट के बाद से ही सेना और अर्धसैनिक बल आमने-सामने हैं। सूडान की वायु सेना ने 60 लाख से अधिक आबादी वाले खार्तूम में हवाई हमले किए हैं, जिसमें नागरिकों के हताहत होने की आशंका है।

### टॉयलेट का पानी पीने को विवश

कर्नाटक की रहने वाली संजू के मुताबिक, हम उस होटल में रह रहे हैं जिसके कर्मचारी संघर्ष शुरू होते ही पाँच दिन पहले यहाँ से जा चुके हैं। हम बचे हुए ब्रेड के टुकड़े और शौचालय के नल के पानी पर जीवित हैं। फिलहाल इस एक कमरे में हम दस लोग रह रहे हैं। अल-फशीर में फँसे प्रभु एस का कहना है कि बड़ी भयावह हालात हैं। हम फिल्मों में दिखने वाली गोलीबारी और बमबारी से कहीं ज्यादा खतरनाक हालत में फँसे हैं। हम यहां ढाई दर्जन लोग हैं और कल एक दुकान थोड़ी देर के लिए खुली तो चावल और पानी मिल सका। सुबह-शाम की गोलाबारी में दोपहर ही ऐसा समय है जब थोड़ी शांति होती है। पड़ोस के पाँच मंजिला होटल में 98 लोग हैं। हमारे दूतावास के अधिकारियों ने हमसे संपर्क किया और हमें किसी भी समय बाहर जाने से मना किया है. लेकिन अब और कब तक बिना खाना-पानी के इंतजार करना है। कर्नाटक में हक्की-पिक्की जनजाति के अधिकांश लोग अपने हर्बल और आयुर्वेदिक अर्क को स्थानीय लोगों को बेचने के लिए सूडान जाते हैं। इनमें से ज्यादातर पाउडर को गैस्ट्रिक समस्याओं या सिरदर्द ठीक करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। वे बालों के लिए तेल भी बेचते हैं जो बालों को झड़ने से रोकता है। कर्नाटक ज्यादातर लोग यहां हैं और उनमें से एक का कहना है कि अपने उत्पाद बेचने यहां आया और फंस गया। हम अपने उत्पादों के साथ ज्यादातर सिंगापुर और मलेशिया जाते हैं। आपको आश्चर्य होगा कि हमारे अध्ययन के दौरान हमने पाया कि समुदाय के सभी सदस्यों के पास पासपोर्ट है और वे अधिकतर अपने परिवार के साथ यात्रा करते हैं. वे 'बागड़ी' नाम की एक भाषा बोलते हैं जिसमें आपको गुजराती के कुछ अंश मिलेंगे।

# अर्श से फर्श की ओर जाते मुकुल रॉय चाहते क्या हैं ?

**यक्ष प्रश्न**

### फिर बीजेपी में जाने की है चर्चा, पुत्र का आरोप, उनकी मानसिक हालत ठीक नहीं है, उन्हें लेकर राजनीति हो रही

**कोलकाता।** शरद पवार के भतीजे अजित पवार के बीजेपी में जाने की अफवाहों के पहले ही यह खबर फैल गई है कि बंगाल में ममता बनर्जी के करीबी मुकुल रॉय ने फिर से पाला बदलने का मन बनाया है। प्रदेश के बीजेपी नेता यह मानते हैं कि रॉय ने अमित शाह से मिलने का वक्त मांगा है जबकि रॉय के बेटे का कहना है कि पिताजी की मानसिक हालत ठीक नहीं है और उन्हें राजनीति का मोहरा बनाया जा रहा है। टीएमसी छोड़कर बीजेपी में जाने की सुगबुगाहट को हवा तब मिली जब मुकुल रॉय दो दिन पहले कोलकोता से 'गायब' हो गए थे जिसको लेकर उनके पुत्र शुभ्रांशु ने पुलिस में रिपोर्ट भी लिखाई है। लेकिन मुकुल रॉय दूसरे दिन ही दिल्ली में नमूदार हुए और कहा कि वो अभी भी बीजेपी में हैं।



कभी ममता बनर्जी के बेहद करीबी समझे जाने वाले मकुल रॉय ने पश्चिम बंगाल का पिछला चुनाव बीजेपी की टिकट पर ही लड़ा और जीता था। हालांकि 2021 विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के नौ दिन बाद ही वो पुराने दल तृणमूल कांग्रेस में लौट गए थे। उन्होंने साल 2017 में बीजेपी ज्वाइन कर ली थी।

मुकुल रॉय की ताजा कलाबाजी को उनके बेटे शुभ्रांशु बीते महीने हुई सर्जरी और लोगों को पहचानने में असमर्थता का नतीजा बता रहे हैं। मगर दूसरी तरफ मुकुल रॉय कह रहे हैं कि वो पूरी तरह स्वस्थ हैं और पार्टी का काम करने को तैयार हैं। बल्कि उन्होंने तो बेटे शुभ्रांशु और परिवार के अन्य लोगों को भी बीजेपी में शामिल होने की सलाह दी है। शुभ्रांशु ने बीजेपी पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनके पिता ऑपरेशन के बाद परिवार के लोगों को भी ठीक तरीके से पहचानने में सक्षम नहीं हैं। कभी बंगाल की राजनीति का चाणक्य कहे जानेवाले मुकुल रॉय की राजनीति ने हाल के सालों में बड़ी तेजी से कई मोड़ लिए हैं। ममता बनर्जी के साथ मिलकर टीएमसी का गठन करने वाले मुकुल रॉय एक समय बीजेपी में चले गए थे, फिर वापस टीएमसी आए, और अब खबर है कि वो बीजेपी में जाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार कहते हैं, मुकुल रॉय के पार्टी में लौटने का फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

# गंगा पुष्कर महोत्सव में जुटेंगे दक्षिण भारतीय

**तैयारी**

- पांच दिनों तक रोज होगा पंचायतन देवता का हवन, चंडी पूजा
- अंतिम दिन अस्सी घाट पर गंगा में बजड़े पर निकलेगी शोभायात्रा
- छोटा नागपुर अस्सी में 21 से चलेगा महोत्सव

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** तत्वम चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 21 से 25 अप्रैल तक अस्सी स्थित छोटानागपुर बगीचे में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव गंगा पुष्कर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिनी कार्यक्रम में दक्षिण भारत के कई संत महात्माओं के अलावा हजारों लोग शामिल होंगे। यह जानकारी तत्वम चेरिटेबल ट्रस्ट के फाउण्डर प्रेसिडेंट पसरलापति श्रीनिवास बंगरैया शर्मा गुरु ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि अस्सी घाट के समीप छोटा नागपुर बगीचे में इसका आयोजन होने जा रहा है। पुष्कर का मतलब 12 साल होता है। यह मेला 12 साल में आयोजित होता है। शंकर जयंती का अर्थ है मन की शुद्धि। शरीर की शुद्धि के लिए हम गंगा स्नान करते हैं। कहा कि अदि शंकराचार्य ने भारत को जोड़ने का कार्य किया है। इस इस आयोजन के माध्यम से उत्तर व दक्षिण को जोड़ना चाहते हैं। बताया कि 21 से 25 अप्रैल तक कार्यक्रम स्थल पर नित्य कर्म कांड, गणपति शतचंडी,कूद्र होम, सौर होम सुबह 7 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। इसके साथ ही ब्रह्मश्री शंकर शर्मा, अनंत लक्ष्मी जी, श्रीनिवास बंगरैया शर्मा आदि विद्वानों का नित्य अपराह्न तीन बजे से रात्रि 8.30 बजे तक प्रवचन होगा। 25 अप्रैल को भगवान शंकराचार्य की तस्वीर को बजड़े पर रख कर अस्सी घाट से शोभायात्रा निकाली जायेगी। 26 को नारायण बलि भी होगी। तेलगु में जो भी प्रवचन होगा उसका लाइव टेलीकास्ट भी किया जायेगा। सुबह शाम रोज भंडारा भी चलेगा। पत्रकार वार्ता में रमेश गुप्ता, मलय गुप्ता आदि मौजूद थे।



### गंगा पुष्कर महोत्सव में वर्चुवल संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**संबोधन**

**29 अप्रैल को काशी तेलुगु समिति को करेंगे संबोधित**

वाराणसी। काशी में शुरू होने वाले गंगा पुष्कर मेले में श्री काशी तेलुगू समिति की ओर से समिति के अध्यक्ष जीवीएल नरसिम्हा राव सांसद राज्यसभा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुष्कर मेले में आने के लिए निमंत्रण भेजा था। जिसपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए 29 अप्रैल को गंगा पुष्कर के आए हुए भक्तों को और काशी तेलुगु समिति के सदस्यों को वर्चुवाल संबोधित करनेके लिए संस्तुति दी हैं। इसके लिए राम तारक आन्ध्रा आश्रम के मैनेजिंग ट्रस्टी वीवी सुंदरु शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एवं काशी तेलुगु समिति के अध्यक्ष जीवीएल नरसिम्हा राव को धन्यवाद दिया है।

# इस बार अक्षय तृतीया पर रहेगा रोहिणी नक्षत्र का संयोग





राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** अखण्ड अनंत व अक्षय फल की प्राप्ति के लिए अक्षय तृतीया का व्रत मनाया जाता है। इस दिन से त्रेता युग का प्रारंभ हुआ था। इसी दिन परशुराम भगवान विष्णु के अंश के रूप में अवतरित हुए थे। जिसके फलस्वरूप भगवान परशुराम जयंती मनाने की भी परम्परा है। विष्णु धर्मोत्तर पुराण के मुताबिक जो व्यक्ति अक्षय तृतीया के दिन स्नान-दान जप- तप व पितृ तर्पण तथा हवन दान आदि धार्मिक कृत्य करता है उसे सभी तीर्थों का फल प्राप्त हो जाता है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक वैशाख शुक्ल तृतीया की मान्यता अक्षय तृतीया की है। तिथि विशेष पर स्नान-दान व व्रत का विशेष विधान है। 23 अप्रैल को प्रदोष काल में तृतीया तिथि नहीं मिल रही है। फलस्वरूप परशुराम जयंती 22 अप्रैल शनिवार को प्रदोष काल में मनायी जायेगी। जबकि अक्षय तृतीया इस बार 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर रोहिणी नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इसे बहुत श्रेष्ठ माना जाता है।

**त्योहार**

### इस दिन कोई भी वस्तु दान करने से हो जाता है अक्षय

### पर्व पर व्रत-पर्व-दान व पुण्य होता है फलकारी

अक्षय तृतीया के दिन व्रत कर्ता को चाहिए कि प्रातःकाल ब्रह्म मुहुर्त में उठकर स्नान-ध्यान आदि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करके अक्षय तृतीया के व्रत का संकल्प लेकर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करनी चाहिए। आज के दिन भगवान नर-नारायण, परशुराम, हैहयग्रीव भूलोक पर अवतरित हुए थे। उनकी महिमा में व्रत उपवास पूरा करने पर अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम को ककड़ी, नर-नारायण को भुने हुए सत्तू से बने नैवेद्य, हैहयग्रीव को चने की भीगी दाल का भोग अर्पित करना चाहिए। तत्पश्चात धूप-दप के साथ पूजा अर्चना करने का विधान है। पूजा अर्चना के बाद अक्षय पुण्य की प्राप्ति के लिए भूदेव (ब्राह्मण) को जल से भरा घट (कलश) नवीन वस्त्र, पंखा, छाता, खड़ाऊं, चावल, दही, खरबूजा, तरबूज, सत्तू, जौ-गेहूं, चना,दूध, गुड़, अन्य उपयोगी वस्तुएं दक्षिणा के साथ दान करना चाहिए। इससे अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इस दिन पीले रंग का परिधान तथा स्वर्ण आभूषण धारण करना चाहिए।

धर्मशास्त्रों में अक्षय तृतीया सनातन धर्मावलंबियों का प्रधान पर्व बताया गया है। इस दिन दान, स्नान, होम-जप आदि समस्त कर्मो का फल अक्षय होता है। मान्यता है कि पर्व विशेष पर व्रत-पर्व-दान और पुण्य फलकारी होता है। इससे ही इस व्रत को अक्षय कहा गया। अक्षय तृतीया तिथि विशेष पर किसी भी शुभ कार्य को किया जा सकता है।



### अक्षय तृतीया पर राशियों के मुताबिक क्या करें दान

| | |
|---|---|
| मेष- | ब्राह्मण को जौ-सत्तू से बने पदार्थ का दान करें। |
| वृषभ- | ऋतुफल जैसे खरबूजा, तरबूज, ककड़ी व अन्य फल, दूध, जल से भरा घड़ा। |
| मिथुन- | हरा मूंग, खीरा, ककड़ी, सत्तू व अन्य हरे रंग के पदार्थ। |
| कर्क- | साधु को जल से भरा कलश, दूध, मिश्री, छाता। |
| सिंह- | शिव मंदिर में सत्तू, जौ-गेहू के आटे से बने पदार्थ। |
| कन्या- | मंदिर में पुजारी को खीरा, तरबूज, ककड़ी का दान। |
| तुला- | श्वेत पदार्थ दूध, मिश्री, खोवे से बनी मिठाइयां |
| वृच्छिक- | जल से भरा कलश, पंखा, ताल रंग की मिठाई |
| धनु- | शिव मंदिर में चने की दाल से निर्मित पदार्थ, सत्तू, फल, बेसन से बने पदार्थ |
| मकर- | ब्राह्मण को जल से भरा घट, दूध, मिठाईयां |
| कुंभ- | गरीब को जल से भरा घट, ऋतु फल, गेहूं व सत्तू से बने पदार्थ |
| मीन- | ब्राह्मण व पुजारी को बेसन से बने पदार्थ, पीले रंग की मिठाईयां |

*विशेष- अक्षय तृतीया के दिन स्नान ध्यान के पश्चात दोपहर से पूर्व दान देना चाहिए। शिवपुराण के मुताबिक इस दिन भगवान शिव व पार्वती को मालती, मल्लिका, जवां, चंपा, कमल के पुष्पों से पूजा करने से मनुष्य के समस्त पापों का शमन होता है।*